* वर्ष 40 * अंक 250 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर रविवार दिनांक 29 जून 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## एक आईएएस सहित 10 रिटायर्ड अफसरों की पेंशन रोकेगी सरकार

### भ्रष्टाचार के आरोपी 7 अफसरों पर मुकदमा चलेगा, सीएम ने दी मंजूरी

**जयपुर (पुकार)।** भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों के मामले में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने एक आईएएस सहित 10 रिटायर्ड अफसरों की पेंशन रोकने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दी है। सीएम ने भ्रष्टाचार के आरोपी अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमे चलाने,अनुशासनात्मक कार्रवाई के लंबित 38 मामलों का निपटारा किया है। सीएम ने लंबे समय से ड्यूटी से गैर हाजिर चल रहे और करप्शन के आरोपी दो अफसरों को सेवा से हटाने को मंजूरी दी है। एक रिटायर्ड आईएएस अफसर की पेंशन रोकने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। रिटायर्ड आईएएस के खिलाफ गड़बड़ी करने के आरोप थे।



#### 7 अफसरों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी

भ्रष्टाचार के आरोप में एसीबी में पकड़े गए 7 अफसरों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। 11 अफसरों के खिलाफ सीसीए नियम 17 और दो अफसरों के खिलाफ सीसीए नियम 16 के तहत कार्रवाई करने की स्वीकृति दी है। सीएम की मंजूरी के बाद इन अफसरों के वेतन में सालाना बढ़ोतरी रोकी जाएगी। रिटायर्ड हो चुके 9 अफसरों की पेंशन रोकने की फाइल को मंजूरी दी है।

## आईपीएस पराग जैन रॉ चीफ बने

### 1 जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा, एविएशन रिसर्च सेंटर के प्रमुख भी हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के ढ्ढक्कस् पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। पराग लंबे से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने और बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे अहम मिशन पर काम किया है। पराग एविएशन रिसर्च सेंटर (एआरसी) के प्रमुख भी हैं, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी शिविरों की पहचान में अहम भूमिका निभाई थी। पराग जैन एसएसपी चंडीगढ़ और डीआईजी लुधियाना के पद पर भी रहे हैं। पंजाब में ड्यूटी के दौरान उन्होंने आतंकवाद विरोधी कई ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैन ने कनाडा-श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। कनाडा में तैनाती के दौरान उन्होंने खालिस्तान समर्थक नेटवर्क उजागर किया था।



## उपराष्ट्रपति ने संविधान से धर्मनिरपेक्ष-समाजवादी शब्द हटाने का समर्थन किया

### धनखड़ बोले- ये शब्द नासूर बन गए, संविधान प्रस्तावना पवित्र, इमरजेंसी में इसे बदला गया



**नई दिल्ली/गुवाहाटी (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि आपातकाल के दौर में संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके जोड़े गए 'धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी' शब्द नासूर बन गए हैं। प्रस्तावना पवित्र है और इसे बदला नहीं जा सकता, जोड़े गए शब्द सनातन की भावना का अपमान हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा- आपातकाल के दौरान 1976 में प्रस्तावना में डाले गए शब्द नासूर थे और उथल-पुथल मचा सकते थे। ये बदलाव संविधान के साथ विश्वासघात का संकेत देते हैं। यह देश की हजारों सालों की सभ्यता-संपदा और ज्ञान को छोटा करने के सिवा कुछ नहीं है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया, जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी अन्य संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा- संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया जा सकता, लेकिन इस प्रस्तावना को 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम 1976 से बदल दिया गया, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए। शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पूर्व भाजपा एमएलसी डीएस वीरैया की बुक 'अंबेडकर के संदेश' के लॉन्च के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बी.आर. अंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी। उन्होंने निश्चित तौर पर इन बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया होगा।

## रुद्रप्रयाग में बस हादसा : उदयपुर के दंपती की मौत

# वकील की पत्नी का भी शव मिला, दोनों का एक साथ होगा अंतिम संस्कार

**उदयपुर (पुकार)।** रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) में बस हादसे में उदयपुर के वकील और उनकी पत्नी की मौत हो गई है। वकील की पत्नी का शव आज घटना स्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर श्रीनगर से रतूड़ा के पास मिला। आज शाम वकील का अंतिम संस्कार होना था। अब परिवार ने दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ करने का फैसला लिया है। हादसे में ये पांचवीं मौत है। उदयपुर के तीन लोग अभी भी लापता है। मूल रूप से उदयपुर और हाल सूरत में रहने वाले सोनी परिवार की बेटी का अंतिम संस्कार भी उनके गांव में किया जाएगा। उनका शव भी लाया जा रहा है।

दरअसल, दस दिन पहले राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के 20 लोग उत्तराखंड के चार धाम की यात्रा पर गए थे। इनमें 7 लोग उदयपुर के रहने वाले थे। गुरुवार सुबह केदारनाथ से बद्रीनाथ के रास्ते में उनकी बस को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। बस अलकनंदा नदी में गिर गई थी।



संजय सोनी | चेतना सोनी | ड्रिमी सोनी

#### वकील की पत्नी का शव मिला

हादसे में भट्ट जी की बाड़ी के रहने वाले वकील संजय सोनी (55) और उनकी पत्नी चेतना सोनी की मौत हो गई है। वकील का शव पहले ही मिल गया था। उनका आज शाम अंतिम संस्कार होना था। इस बीच सूचना मिली कि उनकी पत्नी चेतना का शव भी मिल गया है। उनका शव घटना स्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर श्रीनगर से रतूड़ा के पास मिला। शव को लाने को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएगी और इसके बाद पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार साथ किया जाएगा।

#### हादसे से 24 घंटे बाद मिला था वकील का शव

उल्लेखनीय है कि संजय सोनी का शव हादसे के करीब 24 घंटे बाद घटना स्थल से करीब 7 किलोमीटर दूर मिला था और इसके बाद शनिवार को संजय की पत्नी का शव मिला। दरअसल, दस दिन पहले राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के 20 लोग उत्तराखंड के चार धाम की यात्रा पर गए थे। इनमें 7 लोग उदयपुर के रहने वाले थे। गुरुवार सुबह केदारनाथ से बद्रीनाथ के रास्ते में उनकी बस को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। बस अलकनंदा नदी में गिर गई थी

**उदयपुर के रहने वाले बस में थे सवार :** उदयपुर के गोगुंदा के पदराड़ा निवासी हाल सूरत का रहने वाला सोनी परिवार और उनके रिश्तेदार भी बस में सवार थे। जिनमें ललित सोनी, उनकी पत्नी हेमलता सोनी, बेटी मयूरी और मौली थी। ललित सोनी के बहनोई ईश्वर सोनी, बहन भावना, भांजी ड्रिमी, चेष्टा और भांजा भव्य शामिल था। इनके अलावा मध्यप्रदेश के राजगढ़ निवासी उनके बहनोई विशाल सोनी, बहन गौरी सोनी व भांजा पार्थ सोनी भी शामिल था।

#### ड्रिमी सोनी का उनके गांव में होगा अंतिम संस्कार

ड्रिमी सोनी पुत्री ईश्वर सोनी का अंतिम संस्कार रविवार सुबह उनके गांव पदराड़ा में किया जाएगा। उनका शव लाया जा रहा है। ड्रिमी पदराड़ा के पूर्व सरपंच रामलाल सोनी की पौत्री है। उन्होंने हाल में 12वीं की परीक्षा पास की थी और अब नीट की तैयारी कर रही थी।



## पाकिस्तान में बाढ़ से 17 की मौत, लाशों को कचरा गाड़ी में भरकर ले गए

### मंत्री बोलीं- बचा नहीं पाए, इज्जत से घर पहुंचा देते

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में शुक्रवार को स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता है। मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के थे। वहीं, बाढ़ से जान गंवाने वाले लोगों के लाशों को कचरा गाड़ी में ले जाने का मामला सामने आया है। इस पर पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने शनिवार को पंजाब विधानसभा में नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- बचावकर्मी ने लाशों को ले जाने के लिए कचरा ढोने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया, अगर आप उन्हें बचा नहीं सकते, तो कम से कम उन्हें सम्मान के साथ घर ही पहुंचा देते।

**पिकनिक मनाने आया परिवार डूबा :** जिला प्रशासन के मुताबिक शुक्रवार को 17 लोगों का एक परिवार स्वात नदी के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आया था। लोग नदी में तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बाढ़ आ गई। उनके रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी बाढ़ में फंस गए। ये लोग लगभग 45 मिनट नदी के बीच में ही फंसे रहे थे, लेकिन बहाव तेज होने के कारण नदी में डूब गए। रेस्क्यू टीम ने 9 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। चार को बचा लिया गया है।

**स्वात नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी :** पाकिस्तान जिला प्रशासन के मुताबिक बचावकर्मी नदी किनारे पांच जगहों पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं और 80 से ज्यादा बचावकर्मी इसमें लगे हुए हैं। शुक्रवार को ही प्रांतीय आपातकालीन सेवा के प्रवक्ता शाह फहद ने बताया कि करीब 100 बचावकर्मियों ने 58 लोगों को बचा लिया है और लापता पर्यटकों की तलाश जारी हैं।

## पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे : 5 जुलाई को मुख्य मंदिर लौटेंगे भगवान, दो दिन की रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे



**पुरी (एजेंसी)।** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु होने की वजह से अभी दो से तीन घंटे और लग सकते हैं। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे। पुरी में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। इससे मौसम में अच्छा हो गया है। कल की अपेक्षा आज भीड़ 10-20% कम है, लेकिन आज भी कई लोग बीमार हो गए। पिछले दिन में 650 से श्रद्धालुओं के तबीयत खराब होने की खबर है। शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा लोग थे। देर शाम देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।

## दुबई-जयपुर फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़, गलत तरीके से छुआ

### विमान में शराब पी रहे पैसेंजर को महिला क्रू मेंबर ने रोका था

**जयपुर (पुकार)।** दुबई से जयपुर आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर (एयर होस्टेस) के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। उसने एयर होस्टेस को गलत तरीके से टच किया। आरोप है कि पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा। पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने सीआईएसएफ जवानों को बुलाया। सीआईएसएफ ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। एअर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी की शिकायत दी गई है।




**क्रू मेंबर ने बड़ी मुश्किल से ग्लास लिया :** शुक्रवार की रात 12.45 पर फ्लाइट IX-196 दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। रात 2.40 बजे फ्लाइट जयपुर पहुंची थी। आरोप है कि 15-बी सीट पर पैसेंजर (युवक) शराब पी रहा था। उससे एयर होस्टेस ने पूछा- यह क्या कर रहे हैं? युवक ने जवाब दिया- संतरे का जूस पी रहा हूं। एयर होस्टेस ने कहा कि यह जूस नहीं शराब है। इसे युवक ने 'दुबई ड्यूटी फ्री' (शॉप) से खरीदा था। स्टाफ ने फ्लाइट में शराब पीने से मना किया। पैसेंजर से ग्लास देने के लिए कहा। वह बहस करने लगा। एयर होस्टेस ने अन्य क्रू मेंबर की मदद से ग्लास ले लिया। इसके बाद पैसेंजर ने नशे में हंगामा करना शुरू कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, थोड़ी देर बाद नशे में पैसेंजर शराब का ग्लास मांगने के लिए केबिन की ओर आ गया। आरोप है कि युवक ने एयर होस्टेस के करीब आने की कोशिश की। स्टाफ ने ग्लास देने से साफ मना कर दिया। इसके कुछ देर बाद वह अपनी सीट के पास पहुंच गया। उड़ान के दौरान जब एयर होस्टेस पैसेंजर की सीट के नजदीक पहुंची, तब उसकी पीठ पैसेंजर की तरफ थी। पैसेंजर ने गलत तरीके से टच किया। वह पूरी उड़ान के दौरान परेशान करता रहा। लैंडिंग के बाद भी उसने अपनी गलती नहीं मानी।

## एसीबी का एएसपी जगराम पुलिस से भी वसूली करता था : जयपुर में 50 लाख रुपए के साथ पकड़ा गया, घर में महंगी शराब-प्रॉपर्टी के डॉक्यूमेंट मिले

**जयपुर (पुकार)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक महीने में दूसरी बार अपने ही एक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को रिश्वतखोरी-वसूली के आरोप में पकड़ा है। शुक्रवार (27 जून) को एएसपी जगराम मीणा के पास से करीब 50 लाख रुपए मिले। इन पैसों को गिनने के लिए नोट गिनने की मशीन मंगवानी पड़ी। मीणा की कार से 9.35 लाख रुपए और घर से 39.50 लाख रुपए बरामद हुए। इस घटनाक्रम के बाद डीजी एसीबी डॉक्टर रवि प्रकाश मेहरड़ा ने जगराम मीणा को कार्य मुक्त कर दिया है। जांच में सामने आया है कि मीणा पुलिस, खनन और परिवहन विभाग के कर्मचारी-अधिकारियों से भी वसूली करता था। वह कुछ दिन पहले झालावाड़ से हटाया गया था, इसके बाद भी वह 'बंधी' (वसूली की रकम) लेता था। एसीबी सूत्रों के मुताबिक महंगी शराब का शौकीन है। उसने घर पर ही मिनी बार बना रखा था। रिश्वतखोर एएसपी दो महीने से विजिलेंस विंग के रडार पर था। वह पहले भी ट्रैप होते-होते बचा है। इससे पहले 19 मई को एसीबी एएसपी सुरेंद्र शर्मा को जयपुर से पकड़ा गया था।

#### घर से 39.50 लाख रुपए कैश, करोड़ों की प्रॉपर्टी के डॉक्युमेंट मिले

डीजी एसीबी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया- एसीबी के एएसपी जगराम मीणा के घर से 39.50 लाख रुपए कैश, करोड़ों रुपए बाजार मूल्य की प्रॉपर्टी के डॉक्युमेंट मिले हैं। आरोपी की कार से 9.35 लाख रुपए मिले। उसके घर से महंगी और विदेशी ब्रांड की शराब की 85 बोतल भी बरामद हुई। इस पर थाना रामनगरिया को इस की सूचना दी गई और आबकारी एक्ट में मामला दर्ज करने के लिए कहा गया है। डीजी एसीबी ने बताया- एएसपी जगराम मीणा का काम करने का तरीका सही नहीं था। जगराम मीणा की छवि आमजन और राज्य सरकार के कर्मचारियों में सही नहीं है। जगराम मीणा ने झालावाड़ में पद पर जाने के बाद सरकारी अफसरों को सुविधा शुल्क और भ्रष्टाचार करने की छूट दी हुई थी। वह अधिकारियों-कर्मचारियों को डरा-धमका कर मासिक बंधी और सुविधा शुल्क लेता था।



#### रिश्वत की रकम लेकर हर शुक्रवार को जयपुर आता था एएसपी

एसीबी डीजी ने बताया- जगराम मीणा हर शुक्रवार को सरकारी ऑफिसों से वसूली गई मासिक बंधी और सुविधा शुल्क लेकर कार से जयपुर आता था। मीणा एक बार पहले भी रिश्वत लेकर जयपुर आ रहा था, लेकिन एसीबी के जाल में फंस नहीं पाया। एएसपी सुरेन्द्र शर्मा के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद से जगराम मीणा अलर्ट हो गया था।

#### कार में मिले रिश्वत के 9.35 लाख

डीजी एसीबी ने बताया- आरोपी 27 जून को सरकारी ऑफिस के एक अधिकारी से मोटी राशि लेकर निकला था। इसकी सूचना एसीबी को मिल गई थी। शिवदासपुरा टोल पर सर्च के दौरान आरोपी की कार से एक प्लास्टिक के फोल्डर में अखबार में लिपटी हुई 500-500 रुपए की 10 गड्डियां (कुल 5 लाख रुपए), एक पीले रंग के लिफाफे में 500-500 रुपए की 4 गड्डियां (कुल 2 लाख रुपए), 2 अलग-अलग लिफाफों में 1-1 लाख रुपए (कुल 2 लाख रुपए) और 1 लाल रंग के लेदर बैग में रखे पीले रंग का लिफाफे में 500-500 रुपए के 70 नोट (कुल 35 हजार रुपए) मिले।

## लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने आज देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। क्चबिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बच्चे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई।

## पीएम ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से बात की : भारतीय एस्ट्रोनॉट बोले- अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है, रोज 16 सूर्योदय, 16 सूर्यास्त देखते हैं





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने शनिवार शाम 5.49 बजे इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई।

शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ ढ्ढस्स् के लिए रवाना हुए थे।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था।

### प्रधानमंत्री मोदी की शुभांशु शुक्ला से पूरी बातचीत...

**प्रधानमंत्री :** आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। इस समय सिर्फ हम दोनों ही बात कर रहे हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग है। मैं आपको अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। क्या वहां सब ठीक है? क्या आप ठीक हैं?

**शुभांशु :** पीएम मोदी आपकी और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं यहां ठीक और सुरक्षित हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में आज का भारत अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई मौके देता है। मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

**प्रधानमंत्री :** आप जो गाजर का हलवा ले गए हैं, क्या उसे अपने साथियों को खिलाया है?

**शुभांशु :** हां, मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लाया। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए सभी लोग समृद्ध भारतीय पाककला का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ खाया और सभी को यह पसंद आया।

**प्रधानमंत्री :** आपको पृथ्वी माता की परिक्रमा का मौका मिला है, आप अभी कहां हैं?

**शुभांशु :** हम 16 बार परिक्रमा करते हैं, 16 सनराइज और 16 सनसेट देखते हैं। 28 हजार किमी/घंटे की रफ्तार से चलते हैं। यह गति दिखाती है कि हमारा देश कितनी गति से आगे चल रहा है।

**प्रधानमंत्री :** अंतरिक्ष की विशालता देखकर सबसे पहला ख्याल क्या आया?

**शुभांशु :** पहला व्यू पृथ्वी का था। इसे देखकर पहला ख्याल ये आया कि पृथ्वी एक जैसी है। बाहर से सीमा रेखा, कोई बॉर्डर नहीं दिखता। भारत को देखा तो वो बहुत भव्य और बड़ा दिखता है। अनेकता में एकता दिखती है पृथ्वी की। पृथ्वी हमारा घर है और हम सब एक हैं।

**प्रधानमंत्री :** आप वास्तविक स्थिति में हैं, वहां की परिस्थितियां कितनी अलग हैं?

**शुभांशु :** जब पहली बार हम लोग ऑर्बिट में पहुंचे तो पहला व्यू पृथ्वी का था। जब अंतरिक्ष से भारत को देखा तो पता लगा कि जो हम मैप में अपने देश को देखते हैं, वो उतना नहीं है, लेकिन भारत सच में बहुत भव्य और बड़ा दिखता है, जितना हम मैप पर देखते हैं, उससे कहीं ज्यादा हमें यहां से महसूस होता है कि कोई बॉर्डर नहीं है, कोई देश नहीं है। हम सब इंसानियत का हिस्सा हैं। आपसे बात करते वक्त मैंने अपने पैर बांध रखे हैं क्योंकि यहां जीरो ग्रेविटी है, ऐसा नहीं करूंगा तो उड़ने लगूंगा। यहां सोना बहुत बड़ी चुनौती है।

**प्रधानमंत्री :** क्या मेडिटेशन का लाभ मिलता है?

**शुभांशु-** यहां माइंडफुलनेस का भी बहुत असर पड़ता है, क्योंकि लॉन्च के दौरान की स्थिति बहुत अलग होती है, लेकिन जब दिमाग को शांत रखते हैं तो बेहतर निर्णय ले सकते हैं। ऐसे चैलेंजिंग समय में ये सब बहुत फायदेमंद होता है। ये यात्रा अद्भुत रही, यहां पहुंचने के बाद मुझे लगता है कि ये मेरे देश के लिए बड़ा अचीवमेंट है मैं देश के बच्चों से कहूंगा कि आप अपना भविष्य बेहतर बनाइए क्योंकि इससे न सिर्फ बच्चों का बल्कि देश का भविष्य भी उज्जवल होगा। हमेशा एक बात मन में रखें कि 'स्काई इज नेवर द लिमिट।' मेरे पीछे जो आप तिरंगा देख रहे हैं ये पहले नहीं था, मैंने कल ही इसे यहां लगाया है, ये मुझे बहुत भावुक करता है।

### आईएसएस पर 14 दिन रहेंगे शुभांशु, डेटा जुटाएंगे

शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में 14 दिनों तक रहेंगे और 7 प्रयोग करेंगे, जो भारतीय शिक्षण संस्थानों ने तैयार किए हैं। इनमें ज्यादातर बायोलॉजिकल स्टडीज होंगी, जैसे कि अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य और जीवों पर असर देखना।

वे नासा के साथ 5 और प्रयोग करेंगे, जिसमें लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए डेटा जुटाएंगे। इस मिशन में किए गए प्रयोग भारत के गगनयान मिशन को मजबूत करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जज्बा वीरा ने किया 91 फलदार पौधों का रोपण



उदयपुर (पुकार)। महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केन्द्र द्वारा खान एवं भू विज्ञान विभाग परिसर में सात से आठ फीट ऊँचे 91 फलदार व फूलदार पौधों का रोपण किया। केन्द्र अध्यक्ष डॉ. हंसा हिंगड़ ने बताया कि शनिवार को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के स्वर्ण जयंती वर्ष में केन्द्र ने खान एवं भू विज्ञान विभाग के परिसर में नीम, सहजन, पीपल, शहतूत, अर्जुन, आंवला, आम, चीकू, आडू, अमरुद, मौसमी नारंगी, आशापाल, बेलपत्र, हरसिंगार, गुडहल, आदि के सात से आठ फीट ऊँचाई के 91 पौधों का रोपण किया. गया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक दीपक तंवर, महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज लोढ़ा, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौतम राठौड़ , जोन चेयरमेन आशीष जैन, जज्बा वीरा की सचिव सुमन भण्डारी, रेणु बाबेल, कुसुम बोर्दिया, तृप्ति झा, रेणु कोठारी, दमयन्ती भण्डारी, ललिता बाबेल, सहित 20 वीराओं ने भाग लिया। साथ ही गिरीश कच्छारा, गोपाल राम, पी.आर. आमेटा, महेश माथुर, ललित पानेरी, हेमन्त मेनारिया, बहादुर सिंह, तुलसीराम का विशेष सहयोग मिला।

### अंजुमन तालीमुल इस्लाम चुनाव आज

उदयपुर (पुकार)। शहर के मुस्लिम समाज की मुख्य संस्था अंजुमन तालीमुल इस्लाम कमेटी के आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चुनाव अलीपुरा मस्जिद स्थित रजा गार्डन में 302 मतदाता अपना मतदान का उपयोग करते हुए अंजुमन काबिना के मुख्य 4 पदों व 11 सदस्यों सहित कुल 15 उम्मीदवारों को चुनेंगे। चुनाव को लेकर इस बार मुस्लिम समाज में बहुत उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही मुस्लिम समाज में शिक्षा, चिकित्सा व अन्य मुलभूत सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर हर प्रत्याशी एक से बढ़कर एक विजन लेकर समाज के सामने आए। अब देखना यह है कि 302 मतदाता किसके पक्ष में अपना वोट देकर किसको विजयी बनाते हुए अहम पदों की जिम्मेदारी देते है।

मोहसिन हैदर ने बताया कि चुनाव कमेटी ने चुनाव को लेकर अपनी पूरी तैयारी कर ली है। रविवार प्रातः 8 बजे से 1.30 बजे के मध्य मतदान किया जाएगा। मतगणना दोपहर बाद नमाज जौहर लगभग 2:15 बजे से की जाकर मतगणना पूर्ण होते ही केबिनेट चुनाव में विजयी हुए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### सुविवि : बी.एस.सी योग विज्ञान के पंचम बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ

उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल अध्यक्ष डॉ. वी. सी. गर्ग के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा युवाओं में योग विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने एवं अधिक से अधिक युवाओं में स्वास्थ्य एवं सद्भावना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई योजना(मल्टी डिग्री) तथा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कला व वाणिज्य वर्ग से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने बी.एस.सी योग विज्ञान के (तीन वर्षीय 6 सेमेस्टर पाठ्यक्रम ) के पंचम बैच हेतु आनलाइन प्रवेश आवेदन प्रारंभ कर दिये है। विश्वविद्यालय योग केंद्र के समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि (बी.एस.सी योगिक साइंस तीन वर्षीय 6 सेमेस्टर) उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर उत्तीर्ण करने के पश्चात योग में सर्टिफिकेट तथा 2 दूसरा सेमेस्टर उत्तीर्ण करने की पश्चात योग में डिप्लोमा तथा चौथे सेमेस्टर को उत्तीर्ण करने के पश्चात योग में एडवांस डिप्लोमा तथा छठे सेमेस्टर को उत्तीर्ण करने के पश्चात बी.एस.सी योगिक साइंस की डिग्री प्राप्त हो सकेगी।

इसी प्रकार एम. ए / एम. एस. सी, योग पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष में दो सेमेस्टर उत्तीर्ण करने के पश्चात पीजी डिप्लोमा योग की उपाधि तथा दूसरे वर्ष तीसरा और चौथा सेमेस्टर उत्तीर्ण करने के पश्चात एम. ए / एम. एस.सी की उपाधि प्राप्त हो सकेगी, इन दोनों पाठ्यक्रम हेतु आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2025 है।

### प्रताप के अभिन्न थे भामाशाह : डॉ.भटनागर

उदयपुर (पुकार)। हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप ने मुगल बादशाह के खिलाफ दीर्घकालीन युद्ध प्रारंभ किया जो लगभग 12 वर्षों तक चला इस दीर्घकालीन स्वतंत्रता संघर्ष में वफादार सहयोगी के रूप में प्रधानमंत्री भामाशाह इतिहास में प्रसिद्ध हो गए। दानवीर भामाशाह ने चूलिया में महाराणा प्रताप को 25 लाख रुपए तथा 20,000 अशर्फियां भेंट की, ये धन प्रताप के लिए 15 वर्ष तक के सनी प्रबंधन एवं युद्ध के लिए पर्याप्त था। उक्त विचार मेवाड़ इतिहास परिषद के महासचिव डॉ. मनोज भटनागर ने भामाशाह की 478वीं जयंती पर यहां हिरण मगरी स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित 'भामाशाह युग-युगीन' विषयक इतिहास संगोष्ठी में व्यक्त किये।

मुख्य वक्ता ग्लोबल हिस्ट्री फोरम के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ इतिहासकार डॉ.जी.एल. मेनारिया ने कहा कि त्याग एवं तलवार के धनी दानवीर भामाशाह का जन्म 28 जून 1547 ईस्वी को हुआ था,यह वंश मूल रुप से तोमर वंसी राजपूत था जिसने बाद में जैन धर्म अंगीकार कर लिया था। भामाशाह उदयपुर में राज महलों के पास गोकुल चंदमा जी के मंदिर के निकट रहते थे जो आज भी दीवान जी की पोल के नाम से प्रसिद्ध है।जावर माता का विशाल मंदिर भी भामाशाह द्वारा निर्मित है।हल्दीघाटी के युद्ध में हरावल दस्ते के वे प्रमुख सेनापति योद्धा थे।

डॉ.संगीता भटनागर ने 'दानवीर भामाशाह युग-युगीन' विषयक शोध पत्र का वाचन करते हुए भामाशाह को युग का सर्वोच्च दानवीर राष्ट्रभक्त योद्धा बताया। संगोष्ठी संयोजक राजस्थान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ उदयपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.गुणवंत सिंह देवड़ा ने प्रसिद्ध इतिहासकार लेखक डॉ. राजेंद्र प्रकाश भटनागर द्वारा रचित 'भामाशाह एवं ठाकुर तारचंद' नामक पुस्तक में उल्लिखित भामाशाह की शौर्य गाथाओं पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष डॉ.धर्म सिंह बैरवा, इतिहासकार डॉ.कैलाश जोशी,डॉ.अजय मोची,तक्षशिला विद्यापीठ संस्था की डॉ. मीनाक्षी मेनारिया,डॉ.नीतू मेनारिया, डॉ.रामसिंह राठौड़ ने भी अपने विचार रखें।

### सुविवि :लेखांकन विभाग के एम.वॉक. में प्रवेश जारी

उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग के तहत मास्टर ऑफ वोकेशन (लेखांकन, अंकेक्षण एवं कराधान) प्रोग्राम में 10 जुलाई तक प्रवेश जारी है। कौशल एवं रोजगार पर केंद्रित यह प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। विभागाध्यक्ष एवं प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. शूरवीरसिंह भाणावत ने बताया की रोजगार उन्मुख इस कोर्स में 60 प्रतिशत प्रैक्टिकल पेपर है जिनके लिए कोई टेक्स्टबुक नहीं है सम्पूर्ण ट्रेनिंग कंप्यूटर पर लेखांकन के सॉफ्टवेर पर दी जाती है परीक्षा भी कंप्यूटर पर ही देनी होती है पेन पेंसिल मोड में नहीं। जैसे प्रैक्टिकल बिजनेस अकाउंटिंग, प्रैक्टिकल जीएसटी, प्रैक्टिकल इनकम टैक्स, प्रैक्टिकल ऑडिटिंग, प्रैक्टिकल फाइनेंशियल मैनेजमेंट, प्रैक्टिकल माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल आदि जो कि कंप्यूटर लैब में पढ़ाए जाते हैं।

### सांसद डॉ रावत कल करेंगे जन सुनवाई

उदयपुर (पुकार)। सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत, सोमवार 30 जून को जिला परिषद स्थित सांसद कार्यालय में आमजन के साथ संवाद करेंगे व अभाव अभियोग सुनेंगे। जनसुनवाई का यह कार्यक्रम सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक रहेगा। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के नागरिक अपनी जनसमस्याओं व सुझावों के संदर्भ में इस दौरान सांसद से मुलाकात कर सकते हैं।

### दुनिया के अधिकांश जीव मोह की नींद में सो रही है

उदयपुर (पुकार)। श्री वासुपूज्य स्वामी जैन संघ महावीर साधना एवं स्वाध्याय समिति अंबामाता में शनिवार को जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज ने धर्मसभा को प्रवचन देते हुए कहा कि - शरीर रुपी गाड़ी में इन्द्रिया मुसाफिर के समान है और आत्मा ड्राइवर के समान है। यदि आत्मा रूपी ड्राइवर मौजूद है तो शरीर और इंद्रिय रूपी गाड़ी चल सकती है और यदि आत्मा रुपी ड्रायवर इस शरीर रुपी गाड़ी से जाए तो शरीर और इन्द्रिया शक्तिहीन है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, महावीर साधना एवं स्वाध्याय समिति अंबामाता के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र कोठारी, फतेह सिंह मेहता, ललित धूपिया, जसवंत सिंह सुराणा, रणजीत सिंह आदि समस्त कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित रहे।

# शिक्षा बने संस्कृति व तकनीकी का सेतु, तभी होगा विकसित भारत: प्रो. कर्नाटक

उदयपुर (पुकार)। शिक्षा केवल डिग्री मात्र नहीं है, इसका उद्देश्य युवाओं को सशक्त करना, आर्थिक विकास को गति देना, स्वस्थ पर्यावरण, सामाजिक समानता को बढाना है और एक मजबुत राष्ट्र का निर्माण करना है। इनके ही 2047 तक सुविकसित भारत को प्राप्त करने की परिकल्पना की जा सकती है। कौशल विकास के साथ स्मार्ट एग्रीकल्चर आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सुविकसित भारत की संकल्पना, केवल आर्थिक या तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता के त्रिवेणी संगम से ही साकार होगी।




उक्त विचार शनिवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में राजस्थान विद्यापीठ के संघटक श्रमजीवी महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित एज्युकेशन संकाय की ओर से शिक्षा की भूमिका - सुविकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार के उद्घाटन सत्र में महाराणा प्रताप कृषि महाविद्यालय के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

प्रो. कर्नाटक ने संस्थापक जनुभाई की सोच को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने जब तक अंतिम वर्ग तक शिक्षा की अलख नहीं पहुंचेगी तब तक हमारा देश उन्नत नहीं हो सकता। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए जनुभाई ने 1937 में राजस्थान विद्यापीठ की स्थापना की। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन के लिए न होकर एक संस्कृति व संस्कारों के निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कौशल आधारित ज्ञान आज की सबसे बडी आवयश्यकता है जिसमें युवाओं का योगदान अहम है।

उन्होंने वर्तमान कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत के 14 वर्षों के रचनात्मक और दूरदर्शी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने की जो पहल हुई है, वह वास्तव में भारत के भावी भविष्य को आकार देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

सेमीनार में प्रो. कर्नाटक ने नवम्बर माह में एमपीयूटी एवं विद्यापीठ के बीच एमओयू करने की घोषणा की जिससे परस्पर शिक्षा से युवाओं को लाभ मिलेगा।

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारत का सुविकसित स्वरूप मात्र आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं हो सकता, अपितु वह स्वच्छ, स्वस्थ, सुशासित, स्वदेशी एवं संतुष्ट एवं सम्पोषित भारत के संकल्प से ही पूर्ण हो सकता है। उन्होंने विशेष रूप से प्राकृतिक पंचतत्वों, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के संरक्षण व संतुलन को विकास की बुनियाद बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आज का भारत अब 'डिवाइड एंड रूल' की उपनिवेशिक मानसिकता से नहीं, बल्कि 'एकात्म मानववाद' की सार्वभौमिक भावना से विश्व में अपनी पहचान बना रहा है।

अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि भारत को 2047 तक सुविकसित राष्ट्र बनाना है तो आज के युवाओं को सही दिशा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की बुनियाद होती है, परंतु केवल संस्थागत शिक्षा पर्याप्त नहीं कृ जनजागरण के माध्यम से ही शिक्षा का सार्थक और समावेशी उपयोग हो सकता है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन सचिव डॉ. सुनिता मुर्डिया ने बताया कि ऑन लाईन ऑफ लाईन मोड में आयोजित सेमीनार में देश के 07 राज्यों के 225 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चार तकनीकी सत्रों में प्रो. एमपी शर्मा, प्रो. पीसी दोषी, डॉ. अनिल कोठारी, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड ने विजन 2047 पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में अतिथियों द्वारा मनोहर लाल अरोडा, डॉ. दर्शना दवे द्वारा लिखित पुस्तक फिशरिस एडमिनिस्ट्रेटीव क्यूए का विमोचन किया गया। संचालन डॉ. हरीश चैबीसा ने किया जबकि आभार प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने जताया।

इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड, डॉ. सुनिता मुर्डिया, निजी सचिव केके कुमावत, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. प्रदीप शक्तावत सहित विद्यापीठ के डीन डायरेक्टर, विद्यार्थी एवं स्कोलर्स उपस्थित थे।

# राज्यपाल कटारिया उदयपुर पहुंचे, भाजपा ने किया स्वागत

## आज सर्किट हाउस में करेंगे जनसुनवाई



उदयपुर (पुकार)। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया प्रवास पर उदयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां पर भारतीय जनता पार्टी के शहर एवं देहात के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशासन ने उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भाजपा मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि कटारिया रविवार प्रातः 9 से 10:00 बजे सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। तत्पश्चात बागरेचा परिवार द्वारा एवरेस्ट रिसोर्ट में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।तत्पश्चात सांय 4 बजे नाकोडा तीर्थ के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्री विश्राम नाकोड़ा जी तीर्थ स्थल पर रहेगा। एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली, प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक, वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी, देहात जिला के पूर्व अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, शहर जिला के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, महामंत्री डॉ किरण जैन, शहर जिला उपाध्यक्ष अतुल चंडालिया, राजकुमार चित्तौड़ा, देहात जिला से नरेंद्र आसोलिया, रामकृपा शर्मा, कुलदीप सिंह, भाजपा आपदा एवं सहयोग विभाग के प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री, देहात जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया, शहर जिला मंत्री दीपक बोलिया सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ग्रीन पीपल सोसाइटी ने लिया देवाली पार्क को गोद

उदयपुर (पुकार)। दक्षिण राजस्थान में पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही ग्रीन पीपल सोसाइटी ने एक और सराहनीय पहल करते हुए उदयपुर विकास प्राधिकरण के अधीन देवाली स्थित एक प्रमुख पार्क को गोद लिया है। यह जानकारी सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) राहुल भटनागर ने दी। उन्होंने बताया कि इस पार्क को जैव विविधता और पक्षियों के अनुकूल विकसित किया जाएगा, जिससे यह न केवल पर्यावरण प्रेमियों बल्कि विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों के लिए भी एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा। भटनागर ने बताया कि पार्क में देशी प्रजातियों के पौधों का रोपण, जल स्रोतों का निर्माण, पक्षियों के घोंसले लगाने की व्यवस्था और जैविक खाद का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर्यावरणीय जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां और कार्यशालाएं भी समय-समय पर आयोजित की जाएंगी। ग्रीन पीपल सोसाइटी पिछले कई वर्षों से दक्षिण राजस्थान में वन्यजीव संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्भरण, बर्ड वॉचिंग और प्रकृति शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। देवाली पार्क को गोद लेना संस्था के पर्यावरणीय दृष्टिकोण को और सशक्त करेगा।



इस संबंध में ग्रीन पीपल सोसाइटी और यूडीए के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए । यूडीए की तरफ से सचिव हेमेंद्र नागर और जीपीएस की तरफ से अध्यक्ष राहुल भटनागर ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के अनुसार निर्धारित समस्त शर्तों पर दोनों पक्षों ने सहमति भी जताई।

# आवासीय बालिका खेल संस्थान की चयन स्पर्धा सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। मुख्यमंत्री महोदय बजट घोषणा के तहत बालिकाओं के लिए आवासीय बालिका खेल संस्थान की चयन स्पर्धा महाराणा भूपाल स्टेडियम में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, जूडो, तीरन्दाजी एवं कब्बड्डी एवं अन्य खेलों में आयोजित की गई।



जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में लगभग 100 खिलाडी बालिकाओं ने भाग लिया। चयन स्पर्धा में आयु सीमा 14 से 20 वर्ष जिसकी गणना 01.01.2025 से ली गई। चयन स्पर्धा हेतु परिषद के प्रशिक्षक धनेश्वर महिडा, नरेश डामोर, तीरन्दाजी प्रशिक्षक नरपत सिंह चुण्डावत बाक्सिंग प्रशिक्षक, दिनेश कुमार कब्बडी प्रशिक्षक, निशा, बास्केटबाल प्रशिक्षक, हिमान्शु राजौरा जूडो प्रशिक्षक, रफीक अहमद, प्रशासनिक अधिकारी एवं उदयपुर के समस्त प्रशिक्षक चयन स्पर्धा में उपस्थित रहे। डॉ. पालीवाल ने बताया कि चयन स्पर्धा में खिलाडियो के लिए चयन स्पर्धा में खेल साम्रगी, भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर द्वारा की गयी। आगामी 30 जून 2025 को जयपुर में एथलेटिक्स, बाक्सिंग, वेटलिफिंटिग फुटबाल, कबड्डी एवं अन्य विभिन्न खेलो में जिन खिलाडियो ने कम से कम सब जूनियर प्रतियोगिता में गत 2 वर्षो मे मेडल प्राप्त किया हो एवं भरतपुर में एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी, कबड्डी एवं अन्य विभिन्न खेलो में जिन खिलाडियो ने कम से कम सब जूनियर प्रतियोगिता में गत 2 वर्षो मे मेडल प्राप्त किया हो आवासीय बालिका खेल संस्थान हेतु चयन स्पर्धा सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित होगी।

डॉ. पालीवाल ने बताया कि उदयपुर संभाग के इच्छुक खिलाडी इस चयन स्पर्धा हेतु सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में 30 जून 2025 को आवेदन के साथ भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की वेबसाइड से प्राप्त कर सकते हैं।

### सुरों की मंडली की ओर से संगीतमय संध्या का आयोजन आज

उदयपुर (पुकार)। सुरों की मंडली के तत्वावधान में एक भव्य संगीतमय संध्या का आयोजन 30 रविवार को होगा। कार्यक्रम शाम के 5 बजे से 7बजे तक मधुश्री बेंक्वेट हॉल, अशोका पैलेस में आयोजित किया जाएगा।

सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस अवसर पर निवर्तमान पार्षदभाग लेंगे और सुरों का मनमोहक समा बांधेंगे। कार्यक्रम में हिंदी फिल्म संगीत, ग़ज़ल एवं अन्य लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति होगी। पूर्व पार्षद मुकेश शर्मा और कैलाश केवल्या ने बताया कि संस्था का उद्देश्य है कि शहर में संगीत की संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए और जनप्रतिनिधियों की संगीत प्रतिभाओं को सामने लाया जाए। भूमि त्रिवेदी एवं कमल ने बताया कि मधुश्री ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उदयपुर नगर निगम के निवर्तमान पार्षदों ने संगीत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### जिनेन्द्र मुनि म.सा. आदि ठाना का चातुर्मासिक प्रवेश



उदयपुर (पुकार)। महाश्रमण पूज्य जिनेन्द्र मुनि म.सा., ओजस्वी वक्ता रवीन्द्र मुनि म.सा., एवं तपस्वी संत प्रवीण मुनि म.सा. का चातुर्मास प्रवेश श्री पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र, दूधिया गणेश जी, उदयपुर में धूमधाम एवं धार्मिक जुलूस के रूप में हुआ। ध्यान केंद्र के अध्यक्ष निर्मल पोखरना ने बताया कि शनिवार प्रातः 7:35 बजे जुलूस अम्बामाता स्थित महावीर साधना एवं स्वाध्याय केंद्र से आरंभ हुआ, जहाँ सैकड़ों श्रद्धालु 'जयकारों', धार्मिक ध्वजों एवं भक्ति के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र पहुंचे। इसके बाद स्थानीय महिला टीम – सालोनी, कृतिका, स्वीटी द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। अनिता भंडारी टीम द्वारा मधुर भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष निर्मल पोखरना ने ओजपूर्ण शब्दों से सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपाध्याय श्री रमेश मुनि जी म.सा. व सेवा रत्न दीपेन्द्र मुनि जी म.सा. का भी पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही व विचार प्रकट कर चातुर्मास की मंगल कामना की । जैन कॉन्फ्रेंस के ओंकार सिंह सिरोया, नाकोड़ा ज्योतिष कार्यालय से कांतिलाल जैन, जीव दया के प्रांतीय जैन कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष रमेश खोखावत,महिला प्रांतीय अध्यक्षा पुष्पा ख़ोख़ावत,महावीर स्वाध्याय समिति अध्यक्ष प्रकाश कोठारी,सचिव ललित धूपिया, श्रीसंघ अध्यक्ष रोधनलाल जैन,मंत्री हिम्मत बड़ाला, अमर जैन साहित्य संस्थान अध्यक्ष भंवर सेठ,मंत्री श्याम झगड़ावत,पुष्कर संगठन समिति अध्यक्ष संजय भंडारी,सेक्टर ग्यारह संघ मंत्री सुंदर माण्डवत,ओसवाल सभा पूर्व अध्यक्ष दिलीप सुराणा,भुवाना श्री संघ अध्यक्ष दिनेश चोरड़िया आदि मौजूद है।

### यौमे आशुराह 6 जुलाई को

उदयपुर (पुकार)। हिलाल कमेटी अंजुमन तालीमुल इस्लाम उदयपुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 26 जून 2025 बमुताबिक 29 जिलहिज्ज, 1446 हिजरी को इस्लामी नया साल मुहर्रमुल-हराम का चांद उदयपुर व आस-पास कहीं पर भी नजर नहीं आया। जिस पर हिलाल कमेटी उदयपुर को अहमदाबाद से मिली शहादत के मुताबिक 26 जून 2025 को 29वां चांद मानते हुए माह मुहर्रमुल-हराम 1447 हिजरी की चांद रात मानी गई। हिलाल कमेटी अंजुमन तालीमुल इस्लाम उदयपुर ने इस पर तय किया कि उदयपुर संभाग में यौमे आशुराह 6 जुलाई 2025 बरोज इतवार को मनाया जाएगा। इसी के साथ उदयपुर की तंजिमुल औलमा ने सभी को इस्लामी नये साल की मुबारकबाद पेश की।

## साध्वी जयदर्शिता श्रीजी ससंघ का आयड़ तीर्थ में मंगल प्रवेश

उदयपुर (पुकार)। तपागच्छ की उद्गम स्थली आयड़ जैन मंदिर में श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में कच्छवागड़ देशोद्धारक अध्यात्मयोगी आचार्य श्रीमद विजय कला पूर्ण सूरीश्वर महाराज के शिष्य गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय कल्पतरु सुरीश्वर महाराज के आज्ञावर्तिनी वात्सलयवारिधि जीतप्रज्ञा महाराज की शिष्या गुरुअंतेवासिनी, कला पूर्ण सूरी समुदाय की साध्वी जयदर्शिता श्रीजी, जिनरसा श्रीजी, जिनदर्शिता श्रीजी व जिनमुद्रा श्रीजी महाराज आदि ठाणा आदि ठाणा का शनिवार को चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आयड़ तीर्थ में हुआ। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि साध्वी जयदर्शिता श्रीजी आदि ठाणा शनिवार को सुबह 7 बजे धुलकोट मंदिर से गाजे-बाजे के साथ तपोगम की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश किया। नाहर ने बताया कि सैकड़ो श्रावक-श्राविकाओं की अगवानी में साध्वी संघ का जगह-जगह मार्ग में गऊली बनाकर स्वागत किया। वहीं सभी जगह श्रावकों को द्वारा स्वागत द्वार लगवाए गए। जैसे साध्वी संघ धूलकोट स्थित मंदिर से गाजे-बाजे के साथ आगे बढ़े तो जैन धर्म के जयकारे से पूरा मार्ग गुजायमान हो उठा। प्रवेश के बाद सामैया समूह चैत्यवन्दन का आयोजन हुआ। उसके बाद उपाश्रय में प्रेरक प्रवचन एवं संगीतकार द्वारा स्वागतगीत का आयोजन हुआ।



इस अवसर पर उपाध्यक्ष भोपाल सिंह परमार, कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, राजेन्द्र जवेरिया, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीश कच्छारा, चतर सिंह पामेचा, राज लोढ़ा, आर के चतुर, हिम्मत मुर्डिया, भोपाल सिंह दलाल, यशवंत पोरवाल, राजीव सुराणा, चन्द्र सिंह सुराणा, चन्द्र सिंह बोल्या, अशोक धुपिया, गोर्वधन सिंह बोल्या, कैलाश मुर्डिया, दिनेश बापना, दिलीप चेलावत, नरेन्द्र धुपिया, पवन जैन, महेश मेहता, नरेन्द्र महेता, पारस पोखरना, पाश्र्व वल्लभ सेवा मण्डल, ऋषभ भक्ति मण्डल, सपना बड़ाला ने गीता प्रस्तुत किए।

# भामाशाह सम्मान समारोह में हिन्दुस्तान ज़िंक को 6 पुरस्कार

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सीएसआर योजना में 2017 से अब तक 430 करोड से अधिक का योगदान

उदयपुर (पुकार)। भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड को 29वें भामाशाह सम्मान समारोह में 6 इकाईयों को सम्मानित किया गया। भामाशाह पुरस्कार हिन्दुस्तान जिंक् के रामपुरा आगुचा माइन, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, जावर माइन्स, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स, जिंक स्मेल्टर देबारी को शिक्षा विभूषण एवं कायड माइन को शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए शिक्षा भूषण प्रदान किया गया। यह लगातार 10वां वर्ष है जब राजस्थान सरकार ने परिवर्तनकारी शैक्षिक पहलों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए हिंदुस्तान जिंक को सम्मानित किया है। कंपनी ने 2017 से विभिन्न शिक्षा हस्तक्षेपों में 430 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिससे सालाना 2 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।




यह पुरस्कार माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिलाा सभागार में आयोजित पुरस्कार समारोह में माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, प्रमुख सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल, विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति विश्व मोहन श्रीवास्तव, सीताराम जाट, अनुपमा जोरवाल ने यह पुरस्कार दिये । जिसे हिन्दुस्तान ज़िंक की इकाइयों रामपुरा आगुचा माइन के आइबीयू सीईओ राममुरारी, चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के यूनिट हेड अमित सुराणा, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के आइबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड, जावर माइंस के आइबीयू सीईओ अंशुल खण्डेलवाल, देबारी ज़िंक स्मेल्टर के हेड ऑपरेशंस मुकेश कुमार एवं कायड माइंस के मान मैनेजर अंकुर माण्डावत एवं सीएसआर टीम ने प्राप्त किया।

विगत आठ वर्षों में, हिन्दुस्तान ज़िंक ने शिक्षा के क्षेत्र में सीएसआर के तहत् सामाजिक विकास में 430 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिसमें बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर 80 करोड़ रुपये जिनमें कक्षा कक्षों का निर्माण, शौचालय, खेल के मैदान, पीने के पानी की सुविधाएं और विद्युतीकरण और दीर्घकालिक शिक्षा प्रयासों हेतु 350 करोड़ रुपये शामिल हैं। इनमें नंद घर जो कि आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बचपन की देखभाल शामिल है, शिक्षा संबल, ग्रामीण छात्रों वशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा जीवन तरंग,उच्च शिक्षा हेतु ऊंची उड़ान, ग्रामीण बलिकाओं के लिए उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना और कंपनी-संचालित स्कूलों के लिए सहयोग शामिल हैं।

हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने इस उपलब्धि पर कहा कि, हमारा मानना है कि शिक्षा सशक्त समुदायों के निर्माण के लिए सबसे मजबूत नींव है। प्रतिवर्ष भामाशाह पुरस्कार प्राप्त करना शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे स्थायी प्रभाव और राजस्थान भर के स्कूलों, शिक्षकों और परिवारों के साथ हमने जो साझेदारी विकसित करने का प्रमाण है। हिन्दुस्तान ज़िंक हमेशा अपने समुदायों के साथ है और उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है, यह पुरस्कार हमारे लोगों और राज्य के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा कार्यक्रम से प्रतिवर्ष 2 लाख से अधिक बच्चें लाभान्वित हो रहे हैं, जिसका स्कूल नामांकन, विशेष रूप से किशोर बालिकओं के विद्यालय से जुड़ाव, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में सीखने के परिणामों पर उल्लेखनीय प्रभाव हुआ है। राज्य में कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 2007 में 47 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 93.6 प्रतिशत हो गया है, जिसमें बालिकाएं लगातार बालकों का से बेहतर प्रदर्शन रहा हैं।

### पशुपालकों के प्रशिक्षण शिविर का समापन

उदयपुर (पुकार)। राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित त्रिदिवसीय आवासीय पशुपालक प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर जिले के चयनित 35 पशुपालकों को दिया। समापन समारोह में उपनिदेशक डॉ सुरेंद्र छंगाणी ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को पशुपालक अपने तक ही सीमित न रखें अपितु अपने क्षेत्र के अन्य पशुपालक को भी उपलब्ध करवाकर उनको लाभान्वित करने को प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी गई पशु प्रबंधन की छोटी छोटी जानकारियां रोगग्रस्त पशुओं का घेरलू प्राथमिक उपचार इत्यादि की अन्य पशुपालकों को ज्ञानवर्धक जानकारियां देकर जनस्वास्थ्य की दृष्टि से स्वच्छ दुग्ध उत्पादन प्राप्त करने के लिये प्रेरित करें। अतिरिक्त निदेशक डॉ. लक्ष्मीनारायण ने विभागीय कार्यक्रम गतिविधियों की जानकारियां देते हुए उससे लाभान्वित होने की बात कही। डॉ. पदमा मील ने बताया कि पशुपालकों ने उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड संयंत्र का भ्रमण कर स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के कार्यकलापों की जानकारी ली। प्रशिक्षण में डॉ. हसंकुमार जैन, डॉ. सविता मीणा, डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी, डॉ. ओमप्रकाश साहू, डॉ. पदमा मील डॉ. लक्ष्मीनारायण, स्वप्निल भावसार, चन्द्रशेखर गुर्जर, पन्नालाल शर्मा आदि ने विभिन्न विषय वस्तुओं पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमप्रकाश साहू ने किया।

बी प्लस

### नेक्सस सेलेब्रेशन ला रहा है बंपर ऑफर्स – 27 से 29 जून तक मेगा वीकेंड सेल

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर का सबसे पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन नेक्सस सेलेब्रेशन 27 जून से 29 जून तक मेगा वीकेंड सेल का आयोजन कर रहा है। इस खास सेल में शहरवासी अपने पसंदीदा ब्रांड्स पर फ्लैट 50त्न की छूट का फायदा उठा सकते हैं। कपड़े, जूते, एक्सेसरीज़ और कई अन्य उत्पादों पर बेहतरीन ऑफर्स मिलेंगे। यह सेल हर उम्र के लोगों के लिए है - चाहे आप अपने परिवार के साथ शॉपिंग करना चाहते हों या खुद के लिए कुछ खास खरीदना चाहते हों, यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर है। इस मेगा वीकेंड सेल में 50 से अधिक ब्रांड्स पर एक्सक्लूसिव ऑफर्स और जबरदस्त डील्स उपलब्ध हैं, जिनमें फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और एफएंडबी जैसी प्रमुख कैटेगरीज शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामचरितमानस के वृतांत द्वारा बढ़ाए सफलता की ओर कदम : दामोदर दास सैनी



**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत लाभान्वित विद्यार्थियों के लिए अनुष्का ग्रुप उदयपुर द्वारा मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रिटायर्ड डेपुटी लेबर कमिश्नर दामोदर दास सैनी द्वारा विद्यार्थियों को रामायण के वृतांतो के माध्यम से अपनी मंजिल हासिल करने के लिए प्ररित किया गया। रामचरित मानस के वृतांत से बताया गया कि जिस प्रकार हनुमान जी को अपने अंदर छिपी शक्तियों की पहचान जामवंत ने करवाई, उसी प्रकार शिक्षक आपको आपके अंदर छिपी हुई शक्तियों को स्मरण करवा कर आपको सफ़लता की सीढ़ी पर चढ़ाता हैं। साथ ही जिस प्रकार हनुमान जी ने अपनी भक्ति, बुद्धि और साहस से अनेकों अड़चनों को सहजता से पार किया, ठीक उसी प्रकार आज के विद्यार्थी–चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं–उन्हें भी धैर्य, बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास से उनका सामना करना चाहिए। विद्यार्थियों को भी हर मुश्किल को 'सादगी' से, 'मन की शक्ति' से, और 'निश्चय' से सामना करते हुए अपनी लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। संस्थान के संस्थापक डॉ. एस. एस. सुराणा ने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, लगन तथा परिश्रम से आगे बढ़ने का सन्देश देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। वही अध्यक्षा कमला सुराणा ने विद्यार्थियों को मंगलमय एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। संस्थान के निदेशक राजीव सुराणा ने बताया कि संस्थान ने पिछले कई वर्षों से अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है और आगे भी श्रेष्ठ परिणाम के साथ विद्यार्थियों की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। सेमिनार के दौरान संस्थान से प्रणय जैन, लोकेंद्र सिंह, हर्षिता चौहान, गिरजा साल्वी, निर्मल मेघवाल, प्रवीण सुथार, कशिश पुजारी, केसर लोहार, नीलम औदीच्य आदि उपस्थित रहें।

### इनरव्हील क्लब का 'राजमति आदर्श सास शिरोमणी' सम्मान समारोह 11 को

**उदयपुर (पुकार)।** इनरव्हील क्लब की ओर से अगले माह होने जा रहे 'राजमति आदर्श सास शिरोमणी' सम्मान समारोह की भावनाओं से जो भी जुड़ रहा है, सहयोग के लिए अपने हाथ बढ़ा रहा है। संस्था की संस्थापक संयोजिका माया कुम्भट ने बताया कि इस वर्ष भी इनरव्हील क्लब की ओर से यह सम्मान सत्र 2024–25 के लिए प्रदान किया जाने वाला है। इनरव्हील क्लब 25 वर्षों से यह सम्मान प्रदान कर रहा है। पुरस्कार का उद्देश्य सास-बहू के बीच मधुर संबंधों को बढ़ावा देना और उन मातृशक्तियों को मंच पर सम्मानित करना है जिन्होंने न केवल अपने परिवार को सहेजा, बल्कि बहू के रूप में आई नई पीढ़ी को भी स्नेह से अपनाया, उसका मार्गदर्शन किया और आत्मीयता के साथ रिश्ता निभाया। इस वर्ष यह आयोजन 11 जुलाई को रोटरी बजाज भवन में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के निर्णायक मंडल द्वारा इस बार वर्ष 2024-25 की 'इनरव्हील राजमति आदर्श सास शिरोमणी' के रूप में इस बार 95 वर्षीय धापू देवी पगारिया व उनकी 67 वर्षीय बहू सुनीता की जोड़ी को चुना है। विजयमल-राजमती चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उन्हें 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य, शांति और संतुलन का सुर नामक कार्यक्रम



**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि व एचएम इवेन्ट के संयुक्त तत्वावधान में होटल गोल्डन ट्यूलिप में स्वास्थ्य, शांति और संतुलन का सुर नामक कार्यक्रम पोलेन क्लब किट्टी के तहत आयोजित किया गया।इस अवसर पर डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने साउंड हीलिंग के माध्यम से 7 चक्रों के संतुलन और अतीत को हील करने के उपाय साझा किए। डॉ. पूजा छाबड़ा ने त्वचा की देखभाल और रीजुवेनेशन पर उपयोगी जानकारी दी। शेफ जोध सिंह ने लाइव लज़ान्या बनाकर सबका मन मोह लिया। शीतल गुप्ता ने कैंसर अवेयरनेस पर बताया कि इस बीमारी से कैसे साहस और आत्मबल के साथ लड़ा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन एचएम इवेंट डायरेक्टर वैशाली मोटवानी ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गिरीश राजानी, सूर्य प्रकाश सुहलका, राजेश शर्मा और शीतल गुप्ता सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

### उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन का प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम आज

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन के 75 वें स्थापना वर्ष पर प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम रविवार को चित्रकूटनगर स्थित टेक्स बार भवन में भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में 25 व 50 वर्ष पूर्ण कर चुके सदस्यों को सम्मानित किया जायेगा। अध्यक्ष सीए गौतम सुकलेचा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया होंगे। सचिव अंकुश जैन के साथ दिलीप बाबेल, पंकज जैन, शैलेश महेश्वरी, आनंद पगारिया,सी.एस.नैनावटी, आशीष रत्नावत,सी.पी.बंसल एवं कल्पेश जैन सहित कई सक्रिय सदस्यों ने आयोजन स्थल की सफाई एवं व्यवस्था सुनिश्चित की। कार्यक्रम स्थल पर टेंट व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं पर भी विस्तार से चर्चा कर योजनाबद्ध निर्णय लिए गए। कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने हेतु टीम द्वारा सामूहिक सहयोग एवं समर्पण का भाव सराहनीय रहा। आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने हेतु सभी सदस्यगण प्रतिबद्ध है।

### हिमांशु कौशल अध्यक्ष एवं प्रमिला बहल सचिव बनें



**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी क्लब ऑफ़ उदयपुर अचीवर्स की शनिवार को एक निजी होटल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें एक जुलाई से शुरू होने वाले सत्र 2025-26 के अध्यक्ष पद पर रोटे.हिमांशु कौशल व सचिव पद पर रोटे. प्रमिला बहल को मनोनीत किया। क्लब अध्यक्ष हिमांशु कौशल ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी एक जुलाई को डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स को सम्मानित करेगी।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,भीलों का बेदला एवं श्री अग्रवाल दिगंबर जैन पंचायत के साथ संयुक्त विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श,जांच एवं भर्ती शिविर 29 जून को श्री 1008 सुमति नाथ अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर (जैन बोर्डिंग) धानमंडी उदयपुर किया जाएगा। शिविर उदघाटन कुंतुकुमारजी गणपतोत,महेंद्रजी टाया एवं पारसजी सिंघवी द्वारा प्रातः 9.30 बजे किया जाएगा। पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने बताया शिविर में निशुल्क परामर्श एवं ब्लड प्रेशर की जांच के साथ ही शुगर, कोलेस्ट्रॉल,लीवर, किडनी,थायराइड,यूरिक एसिड,सीबीसी,सिरम पीएसए,यूरीन आदि की जॉच निशुल्क कराई जाएगी। चयनित रोगियों के लिए इको,टीएमटी, सोनोग्राफी,एक्सरे,मैमोग्राफी,पैप स्मीयर आदि की जांच की जाएगी। शिविर में डॉ. अतुल लुहाड़िया, डॉ.सी.पी.पुरोहित, डॉ. अनुरोध शांडिल्य, डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़,डॉ. नरेंद्र मल,डॉ.पुनीत,डॉ.धवल शर्मा,डॉ.मयंक आमेटा,डॉ.रोनी बाला,डॉ.मनोज महाजन,डॉ.राम चुंडावत,डॉ.सौरभ गुप्ता,डॉ.अभिजीत काके,डॉ.राजकुमार वर्मा सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ की पूरी टीम अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए तत्पर रहेगी। शिविर संयोजक मितेश एव अजय ने बताया कि चयनित रोगियो के लिए विशेष निशुल्क सर्जिकल सेवाओ के तहत मोतियाबिंद ऑपरेशन (लेंस सहित),हर्निया, अपेंडिक्स,नाक कान गला के सामान्य ऑपरेशन, दंत चिकित्सा के अंतर्गत दांत निकालना,सफाई ,भराव आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# आरएनटी मेडिकल कॉलेज अपना रहा है फूट डालो राज करो की निति

## रेजीडेट डॉक्टर्स ओपीडी के समानान्तर चलाएगें ओपीडी, मरीजों को देगें राहत





**उदयपुर (पुकार)।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल 10 वें दिन भी जारी रही। शनिवार को मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन के बाहर चार डॉक्टर भूख हडताल पर बैठे और राज्य सरकार तक अपनी मांगो को पहुंचाने की कोशिश की। दरअसल रेजीडेंट डॉ. रवि शर्मा की मौत के बाद रेजीडेंट डॉक्टर्स निरन्तर हडताल कर रहे है वहीं पिछले चार दिनों से रेजीडेंट डॉक्टर भूख हडताल कर रहे है। शनिवार को डॉ. राहुल, डॉ. अविनाश, डॉ. ज्योति और डॉ. पियनक भूख हडताल पर बैठे। रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशस के महासचिव डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि प्रिंसीपल और हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से उन पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि राज्य सरकार हमारी मांगों पर क्यों नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हॉस्टल में करंट आने से डॉक्टर की मौत के बाद भी सरकार ठोस कदम क्यों नहीं उठा रही है। जबकि उसी हॉस्टल के छठे माले पर वाटर कूलर में कंरट आ रहा है और दूसरे डॉक्टर को झटका भी लगा है और इसकी जानकारी जिला प्रशासन तक दी गई है।

वाटर कूलर में आ रहे कंरट का वीडियो होने के बावजूद सरकार अधिकारी सिरे से खारिज कर रहे है।

### आज आउटडोर के बाहर चलाई जाएगी समानान्तर ओपीडी

एमबी हॉस्पिटल के आउटडोर में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने यह तय किया कि जब तक उनकी मांगो पर ध्यान नहीं दिया जाता तब तक हडताल जारी रहेगी लेकिन रविवार से हॉस्पिटल की ओपीडी के बाहर समानान्तर ओपीडी चलाकर मरीजों को राहत प्रदान की जाएगी। रेजीडेंट डॉक्टर्स का मानना है कि उनकी लडाई प्रशासन और सरकार से है इससे आमजन परेशान नहीं होना चाहिए।

### रेजीडेंट डाक्टर्स ने कॉलेज व हॉस्पिटल परिसर में निकाली रैली

रेजीडेंट डॉक्टर्स ने हडताल के बीच शनिवार शाम को मेडिकल कॉलेज प्रशासन के खिलाफ विशाल रैली निकाली और राज्य सरकार से रेजीडेंट डॉक्टर्स की मांगो को पूरा करने को लेकर जमकर नारेबाजी की। रेजीडेंट डॉक्टर्स का कहना है कि सरकार पर ऐसा किसका दबाव है जिसके चलते सरकार दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पा रही है।

### फूट डालो राज करो की अपनाई जा रही है निति

डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल प्रशासन अब रेजीडेंट डॉक्टर्स व एमबीबीएस के छात्रों के बीच फूट डालो राज करों की निति अपना रहा है। पीडब्ल्यूडी की ओर से एक अन्य हॉस्टल के जर्जर होने पर खाली करने के आदेश जारी कर दिए और प्रिंसीपल ने भी तुरंत खाली करने के निर्देश दे दिए लेकिन उन छात्र-छात्राओं के बारे में नहीं सोचा गया जो कि वहां पर रहे थे वहीं दूसरी और प्रिंसीपल एमबीबीएस के छात्रों के परिजनों को पत्र जारी कर उनकी अनुपस्थिति के बारे में जानकारी देकर इस हडताल से अलग करना चाहते है।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन फूट डालो राज करो की निति अपना रहा है जो कि बिलकुल उचित नहीं है।

# जसवंतगढ़ में पैंथर का आतंक, घर के समीप बाड़े में घुसकर किया दो बकरियो और दो बछड़ों का शिकार





**उदयपुर (पुकार)।** जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र के जसवंतगढ़ ग्राम पंचायत अंतर्गत सुरन गांव में शनिवार अलसुबह एक पैंथर ने घर के समीप बने बाड़े में घुसकर मवेशियों पर हमला कर दिया। इस हमले में पैंथर ने दो बकरियों व एक गाय के बछड़े को मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया, जबकि एक अन्य बछड़े को जंगल में घसीट कर ले गया और वहां उसका शिकार कर लिया। घटना की सूचना से गांव में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पूर्व सरपंच नारायण पालीवाल को सूचना दी, जिन्होंने वन विभाग को सूचित किया। सूचना पर फॉरेस्टर पुष्पेंद्र सिंह भाटी व वनरक्षक भूरीलाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने पशु चिकित्सक को बुलाकर मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया। पूर्व सरपंच नारायण पालीवाल ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में पैंथर की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए जल्द से जल्द पिंजरा लगाया जाए ताकि उसे पकड़ कर आबादी से दूर ले जाया जा सके। इधर, आज सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मादा पैंथर की भी मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पैंथर की मूवमेंट को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग से आग्रह किया गया है कि लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं और ग्रामीणों को भी चाहिए कि वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण में सहयोग करें।

# गोगुंदा हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा पैंथर की मौत

### वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार



**उदयपुर (पुकार)।** जिले के गोगुंदा हाईवे पर शनिवार को एक मादा पैंथर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना गोगुंदा क्षेत्र के कविता गांव के समीप घटित हुई, जहां सड़क किनारे घायल पैंथर को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही बरोडिया नाका प्रभारी लाल सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पैंथर के मृत शरीर को कब्जे में लेकर चेटक स्थित पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि पैंथर के सिर व पेट पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई है। इसके पश्चात ट्रांसपोर्ट नगर रेंज कार्यालय में वन रेंजर यशपाल सिंह, नाका प्रभारी लाल सिंह, वन संरक्षक शक्ति सिंह, वाहन चालक प्रभु लाल और प्रतापनगर थाने के हेड कांस्टेबल अमर सिंह की मौजूदगी में पैंथर के शव का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है और संबंधित वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि उदयपुर जिले के ग्रामीण और वन क्षेत्र में लगातार पैंथरों की आवाजाही देखी जा रही है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। वही स्थानीय ग्रामीणों ने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हाईवे पर गति सीमा निर्धारित करने और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।

# किराये पर स्कूटी लेकर फरार हुआ शातिर आरोपी गिरफ्तार



### 3 स्कूटी व एक मोटरसाइकिल बरामद

**उदयपुर (पुकार)।** शहर की सूरजपोल थना पुलिस ने किराए पर स्कूटी लेकर फरार हुए शातिर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त से 3 स्कूटी व एक मोटर साइकिल बरामद की है। थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थी शरीफ खान द्वारा रिपोर्ट पेश की गई कि मैं उदियापोल पर स्कूटी किराये पर देने का काम करता हूं। वहा से कोई अज्ञात फर्जी आधार कार्ड व गलत नम्बंर देकर दो स्कूटी किराये पर लेकर फरार हो गया।

इस रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने तकनीकी सहयोग से प्रकरण का खुलासा करते हुए अभियुक्त मोहम्मद अनस भिस्ती पिता मोहम्मद जाहीद हुसैन निवासी नीमज दरवाजा, छोटी सादडी जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मृत्यु, 2 घायल

**उदयपुर (पुकार)।** रानी रोड पर शनिवार शाम एक तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोरी घायल है। हादसे के समय स्कूटी पर एक बच्ची भी सवार थी। युवती उदयपुर में नानी के घर आई थी और चचेरी बहन के साथ नानाजी की स्कूटी लेकर रानी रोड घूमने जा रही थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कुसुम (20) पुत्री बंशीलाल साहू निवासी आलू फैक्ट्री शनिवार दोपहर नाना की स्कूटी लेकर चचेरी बहन कृष्णा (16) पुत्री कमलेश साहू और परिवार की 5 वर्षीय बच्ची के साथ घूमने निकली थी। बताया जाता है कि स्कूटी कुसुम चला रही थी। रानी रोड पर वन विभाग के गेस्ट हाउस के पास तेज गति पिकअप ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में कुसुम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी किशोरी व बच्ची को चोटें आई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मृतक युवती के परिजनों को सूचना दी।

# लेकसिटी में मौसम हुआ सुहाना, बारिश होने से शहरवासियों को गर्मी से राहत



**उदयपुर (पुकार)।** लेकसिटी में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे और दोपहर बाद कुछ जगहों पर बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शहर के प्रमुख बाजारों में लोग बारिश में भीगते हुए नजर आए। शहर में रूककरूक कर हो रही बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी किए गए आंकडो के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे तक देवास और गोगुंदा में एक इंच से अधिक बारिश हुई। इसके अलावा ऋषभदेव में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में उदयपुर सहित आसपास के जिलो में तेज बारिश होगी। इससे झीलों में भी पानी की आवक शुरू हो जाएगी।

### फतहसागर की पाल पर बढ़ी लोगों की भीड़

मौसम परिवर्तन होने के बाद शाम को मौसम का मजा लेने के लिए शहरवासी फतहसागर पहुंच रहे है। फतहसागर की पाल के साथ मुम्बईया बाजार और मोती मगरी के नीचे नाव में बैठने वालों की संख्या बढ़ गई है। मौसम का मजा लेने के लिए फतहसागर की पाल शहरवासियों की पहली पंसद है।

# नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर का नए परिसर में शुभारंभ आज

### महिला स्वास्थ्य सेवा और निः संतानता उपचार के क्षेत्र में नई उम्मीद

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर शहर में महिला स्वास्थ्य और प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत करते हुए नारायणी हॉस्पिटल और आईवीएफ सेंटर का नए व विशाल परिसर में भव्य शुभारम्भ होने जा रहा है। हॉस्पिटल का उद्घाटन रविवार 29 जून को मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तेंदुलवडकर, अध्यक्ष - फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. विनीत मिश्रा, निदेशक - अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद के एडवांस गायनेकोलॉजी एवं फर्टिलिटी विभाग, डॉ. आनंद गुप्ता (अध्यक्ष, IMA उदयपुर), डॉ. प्रकाश जैन (अध्यक्ष, UOGS उदयपुर) करेंगे।




नारायणी वीमेंस हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेन्टर 2016 से निरंतर डायरेक्टर एंड स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप बंदवाल के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य एवं निः संतानता उपचार की कुशल सेवाएं सेवाएं प्रदान कर रहा है और अब नए परिसर में अत्याधुनिक तकनीकों और सुविधाओं के साथ मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए समर्पित होगा।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए नारायणी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप बंदवाल ने बताया कि नारायणी हॉस्पिटल अब तक 20,000 से अधिक ओपीडी और आईपीडी रोगियों का उपचार कर चुका है। इसके साथ ही 1,000 से अधिक निःसंतानता से प्रभावित दंपतियों को सफल इलाज प्रदान कर उन्हें संतान सुख की ओर अग्रसर किया है। नए हॉस्पिटल के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए डॉ. बंदवाल ने कहा कि यहां पर महिला व पुरुष निःसंतानता का विशेषज्ञ इलाज,सामान्य व जटिल गर्भावस्था देखभाल,प्रसव एवं सिजेरियन ऑपरेशन,एंडोस्कोपिक सर्जरी, प्रोलैप्स सर्जरी, एनडीवीएच (NDVH - नॉन-डिसेंट वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी) के साथ सम्पूर्ण महिला स्वास्थ्य एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें विश्व स्तरीय IVF लैब, सभी उपकरणों से सुसज्जित प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, आरामदायक बेडरूम, और 25-बेड का ऑक्सीजन सपोर्ट युक्त वार्ड शामिल है। यह सभी सुविधाएं रोगियों और सर्जनों दोनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई हैं। डायरेक्टर एंड एम्ब्रियोलॉजिस्ट निर्मला बंदवाल ने बताया कि दक्षिण राजस्थान के लोगों रियायती दरों में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा आवश्यकताओं की पूर्ति नारायणी हॉस्पिटल में पूरी होगी।यहां न केवल महिलाओं की बल्कि पुरुषों की निःसंतानता सम्बन्धी बीमारियों के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. बंदवाल ने कहा कि नारायणी हॉस्पिटल का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं सुलभ और किफायती दरों पर प्रदान करना है। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सेवा पाने का अधिकार है, और इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### सूने मकान से सोने–चांदी के कीमती जेवरात चोरी

**उदयपुर (पुकार)।** डबोक थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। मांगीलाल पुत्र भगाजी डांगी निवासी जूनावास, डबोक ने बताया कि 2 जून को उनके घर में माताजी का कार्यक्रम था जिससे पूरा परिवार माताजी के मंदिर गया था। रात करीब 2 बजे जब वे वापस लौटे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे और उसमें रखी सोने की कान की टोकरियां, अंगूठी, एक लोकेट, पाँच मोतियों की माला, और दो चांदी के कंदोरे गायब थे। डबोक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छड़ियों का जुलूस 3 जुलाई व ताजियों का जुलूस छह को

**उदयपुर (पुकार)।** हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 जांनिसारों की शहादत की याद में 3 जुलाई को छड़ियों का जुलूस एवं 6 जुलाई को ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा। फैजे हुसैनी कमेटी ( बड़ा ताजिया ) के शाहनवाज खान ने बताया कि अंजुमन तालीमुल इस्लाम द्वारा शनिवार को चांद की शहादत की घोषणा होने के साथ ही मोहर्रम माह की सातवीं तारीख 3 जुलाई को शहर में फैजे हुसैनी कमेटी के तत्वाधान में छड़ियों का जुलूस निकाला जाएगा। मोहर्रम माह की नवीं तारीख 5 जुलाई को शहादत की रात को ताजियों को जियारत के लिए रखा जाएगा एवं दसवीं तारीख 6 जुलाई को यौमे आशूरा के मौके पर दो चरणों में ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न मुस्लिम मोहल्लों में ताजियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# योगी संतोषनाथ जी को मिलेगा 'विक्रम गौरव सम्मान'

### महर्षि वेदव्यास सभागार का लोकार्पण आज

**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति एवं आलोक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 29 जून को आयोजित 59वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत एक विशेष और ऐतिहासिक आयोजन संपन्न होगा।

आलोक संस्थान के निदेशक और अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रदीप कुमावत ने बताया की इस अवसर पर प्रातः 11 बजे आलोक संस्थान सेक्टर 11 में योगी 1008श्री संतोषनाथ जी महाराज को अखिल भारतीय नव वर्ष समारोह समिति की ओर से प्रतिष्ठित 'विक्रम गौरव सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का विशिष्ट सम्मान उन महान विभूतियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने सनातन संस्कृति के मूल्यों के लिए अपने जीवन को समर्पित किया हो तथा सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज को दिशा दी हो।

डॉ. प्रदीप कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि योगी संतोषनाथ जी का जीवन सेवा, साधना और सनातन मूल्यों की रक्षा हेतु समर्पित रहा है। उनके इसी योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

निश्चय कुमावत और प्रतीक कुमावत ने बताया कि इस गरिमामयी अवसर पर योगी संतोषनाथ जी द्वारा प्रात 11 बजे आलोक संस्थान के नवीनीकृत 'महर्षि वेदव्यास सभागार' का विधिवत लोकार्पण भी किया जाएगा। सभागार का यह नवनिर्माण संस्थान की शिक्षा, संस्कृति एवं शोध परंपरा को एक नया आयाम प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'आलोक अमृत महोत्सव' की श्रृंखला में एक विशेष 'पुरुषोत्तम मिलन समारोह' का आयोजन भी श्रीराम उद्यान में होगा, जिसमें संस्थान के शिक्षकों, विद्यार्थियों, उद्योगों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएंगी तथा महर्षि वेदव्यास सभागार के नव-कलेवर निर्माण में सहभागी रहे समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

# सम्पादकीय

## अविश्वास का बीमा

जीवन में असुरक्षा, स्वास्थ्य व अपनों के भविष्य की तमाम चिंताओं से मुक्ति के लिये कोई व्यक्ति बीमा का सुरक्षा कवच लेने को बाध्य होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह विश्वास होता है कि ऊंच-नीच के वक्त में यह बीमा मददगार साबित होगा। लेकिन विडंबना यह है कि जिस बीमा क्षेत्र का आधार विश्वास होना चाहिए, उसको लेकर पॉलिसी धारकों में लगातार अविश्वास बना रहता है। बीमा कराने वाले एजेंटों और कंपनियों की ढकी-छिपी शर्तें उपभोक्ताओं के मन में अकसर संशय के बीज बोती हैं। जब बीमाधारकों को पॉलिसी का लाभ लेने का वक्त आता है तो उन्हें तमाम जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। हाल में आयोजित किए गए सर्वेक्षण ने इस वास्तविकता पर मोहर ही लगायी है। सर्वेक्षण बीमा क्षेत्र की तमाम विसंगतियों को उजागर ही नहीं करता बल्कि एक कठोर वास्तविकता की ओर भी इशारा करता है। सर्वेक्षण का निष्कर्ष है कि बीमा क्षेत्र में व्याप्त तमाम विसंगतियों को दूर करने के लिये लगातार निगरानी करने वाले एक सख्त नियामक तंत्र की आवश्यकता है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष कई गंभीर खामियों की ओर इशारा करते हैं। इसके निष्कर्षों के अनुसार भारत के लगभग 65 फीसदी बीमा पॉलिसी धारकों को नहीं पता होता है कि उन्हें पॉलिसी लेने से कौन-कौन से लाभ होते हैं। उन्हें नहीं मालूम कि पॉलिसी से बाहर निकलने की प्रक्रिया कैसी है। यह भी नहीं मालूम कि दावा प्रक्रिया की आवश्यक कार्यवाही को उन्हें कैसे अंजाम देना है। इतना ही नहीं लगभग 60 फीसदी आश्रितों को यह भी नहीं पता कि वे किसी पॉलिसी के अंतर्गत कवर हैं। वे इस बात से अनजान हैं कि उन्हें किस चीज व किस स्थिति में बीमा लाभ मिलेगा। कमोबेश यह स्थिति तब है जब देश में बीमा उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। निस्संदेह, यह समझ की कमी केवल उस शब्दावली से ही नहीं उपजी है जिसे समझना मुश्किल है, बल्कि बीमा करते समय उपभोक्ता को उसकी प्रक्रिया और लाभों का सिर्फ एक पक्ष ही बताया जाता है। कई वास्तविकताएं शब्दजाल में छिपा ली जाती हैं।निश्चित रूप से बीमा का मूल उद्देश्य तब विफल हो जाता है, जब बीमाकर्ता उपभोक्ताओं को सही ज्ञान और लाभ लेने की वास्तविक प्रक्रिया की जानकारी देने के मूल कर्तव्य में विफल हो जाता है। दरअसल, विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री भी एक प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई है। जो कि पहले ही चरण में वित्तीय सुरक्षा के अंतिम लक्ष्य को कमजोर कर देती है। आम धारण बन गई है कि बीमा उद्योग इससे जुड़ी कंपनियों के आर्थिक हितों और जन के हितों के टकराव के रूप में स्थापित है। इसमें जनहित की प्राथमिकता नहीं होती बल्कि कंपनी का मुनाफा कमाने को तरजीह दी जाती है। अपना टारगेट पूरा करने के लिये उपभोक्ताओं को जबरन पॉलिसी चिपकाने वाले एजेंटों से लेकर ऐसे फील्ड अफसरों की लंबी सूची है, जिनकी प्राथमिकता बीमा कंपनी को लाभ पहुंचाने की ही होती है। विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में रोगी की कीमत पर बीमाकर्ता व अस्पतालों के अपवित्र गठबंधन ने इसकी विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाये हैं। दरअसल, विनियामक नियंत्रण अपर्याप्त पाए गए हैं। इसके अलावा जवाबदेही का घोर अभाव पाया गया है।

इसके साथ ही बीमा पॉलिसियों को लेकर पारदर्शिता की भारी कमी पायी जाती है। बीमा पॉलिसी के प्रावधानों और लाभ को लेकर सरलीकृत भाषा की हमेशा कमी महसूस की जाती है। इन मुद्दों को लेकर विभिन्न परिवारों और मित्रों में बीमा कवरेज को लेकर उत्साहजनक चर्चाएं समय की मांग है। वास्तव में जिस चीज को प्राथमिकता दी जाने की जरूरत है, वह है लेन-देन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना। निस्संदेह, बीमा महज व्यापारिक लेन-देन मात्र नहीं है। बीमा उत्पादों से मानवीय पक्ष सशक्त रूप में जुड़ा होता है। हर हाल में उपभोक्ता कल्याण को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बीमा धोखाधड़ी में जोखिम कारक को ध्यान में रखते हुए, जांच पर निर्भर रहना सामान्य बात है। यह किसी भी तरह से दावेदारों पर एक जटिल और परेशान करने वाली प्रणाली का बोझ डालने को उचित नहीं ठहरा सकता। दावों को अस्वीकार करने के बजाय उनका सम्मान करना उद्योग का मानक होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती, फ्लोराइड पानी व सफाई के सम्बन्ध में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**फतहनगर (पुकार)।** मावली विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी रमेश कुमार सीरवी को मावली विधानसभा से संबंधित समस्याओं के लिए ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि मावली विधानसभा में विद्युत विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिससे क्षेत्र की जनता परेशान है द्य अघोषित विद्युत कटौती रोकी जाएद्य जलदाय विभाग द्वारा फ्लोराइड युक्त जल वितरित किया जा रहा है जिससे परिक्षेत्र में रोग उत्पन्न हो रहे हैं द्य फ्लोराइड युक्त जल के स्थान पर उपचारित जल वितरित किया जाए तथा नियमित व कम अंतराल पर जल वितरण किया जायद्य क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शौचालय, मूत्रालय की नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है। साफ सफाई नहीं होने से जनता परेशान हो रही है। पर्याप्त कार्मिक नियुक्त कर निरंतर साफ सफाई करवावेद्य ज्ञापन देने के समय मावली प्रधान नरेंद्र कुमार जैन, मावली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गोखरू, खेमली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणावत, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश चेचानी, देहात जिला उपाध्यक्ष अशोक वैष्णव, जिला परिषद सदस्य विनोद मेघवाल,आतीक मोहम्मद,पंचायत समिति सदस्य पुष्कर डांगी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर,मावली नगर अध्यक्ष राधाकृष्ण शर्मा,संगठन महामंत्री कमलेश पगारिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेंद्र सिंह राजपूत,पुरण सिंह राव,अनिल त्रिपाठी, खूबीलाल रेगर, सतीश मेहरा,शंकरदास वैष्णव,नारायण चौधरी, शंकरलाल जीनावत,इकराम मोहम्मद,मांगीलाल टेलर, भोजपुरी गोस्वामी,नारायण पालीवाल,अकरम हुसैन,रज्जाक मोहम्मद, प्रकाश मीणा,बंशीदास वैरागी,नरेंद्र वीरवाल,हीरालाल खटीक,कैलाश गुर्जर , रवि घावरी, सत्यनारायण साहू,गिरिराज जोशी ,मीठालाल कोठारी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एफआरटी कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि हेतु ज्ञापन

**खेरवाड़ा (पुकार)।** उपखंड के सब डिविजन अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खेरवाड़ा में एफआरटी यानि दोष सुधार दल ने विद्युत कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने को लेकर संघा एंड कंपनी के सुपरवाइजर विकास शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वेतनमान को 7000 से बढ़ा कर 12000 प्रति माह करने की मांग की गई है साथ ही दल के कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने एवं समय पर वेतन भुगतान की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि पहले कर्मचारियों को एलटी का ही काम सौंपा गया था जबकि अब कार्य बढ़ा कर 11 केवी लाइन का भी कराया जा रहा है उस हिसाब से वेतन में भी बढ़ोतरी की मांग की गई है जबकि सेवाए 24 घंटे ली जा रही है। ज्ञापन देने में संघ के एफआरटी कर्मचारी मंगलेश्वर खराड़ी, राकेश खराड़ी,मनोज खराड़ी,बसन्त लठ्ठा,पंकज मीणा,परवीन मीणा,राहुल मीणा,जितेंद्र मीणा,दीपक मीणा,हिमालय मीणा,धुला मीणा,बाबू लाल मीणा,अरविंद मीणा, अनिल मीणा,शांति लाल मीणा, शंकर खराड़ी,मगन खोखरिया,अनिल खोखरिया,नरेश मीणा, शंभू सिंह गरासिया आदि उपस्थित रहे।



### 'त्रिभुवन' सहकारी युनिवर्सिटी के भूमि पूजन का सहकार भारती राजस्थान कार्यकर्ताओं को मिला निमत्रंण

**भीलवाडा (पुकार)।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा पिछले बजट में की गई घोषणाओ के अनुरूप सहकारिता विषय को ध्यान रखते हुए सहकार विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। सहकार भारती, राजस्थान प्रदेश महामंत्री सीए सुनील सोमानी ने बताया कि आगामी 5 जुलाई 2025 को गुजरात प्रदेश के आनंद जिले में 'त्रिभुवन' सहकारी युनिवर्सिटी का भूमि पूजन किया जाना तय हुआ है। उक्त भूमि पूजन माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम हेतु राजस्थान प्रदेश से प्रदेश महामंत्री सीए सुनील सोमानी के साथ राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल एवं बांसवाडा से जयंत द्विवेदी को आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम में सहकारिता मंत्रालय के अधिकारी, सहकार भारती के केन्द्रीय पदाधिकारी एवम् विभिन्न प्रदेशों से सहकार भारती के प्रदेश प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# जमीन का सौदा कर पार्टनरशिप में होटल बनवाने के बाद पौत्र के नाम पर जमीन दानपात्र करवाने का मामला दर्ज

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के अंबामाता थाना क्षेत्र में एक महिला ने थाणा परिवार के मनोहरसिंह कृष्णावत और उनके परिवार सहित अन्य के खिलाफ जमीन का सौदा कर उस पर पार्टनरशिप में होटल बनवाने के बाद होटल की जमीन को पौत्र के नाम पर दानपात्र करवाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार जेस्टाईल की प्रोपराईटर गार्गी सामर पत्नी सिद्धार्थ सामर पुत्री राजेश जैन, महाप्रज्ञ विहार ने मनोहर सिंह पुत्र स्व. रतन सिंह कृष्णावत निवासी एमडी हाउस बीएन कॉम्पलेक्स हाल हरिदासजी की मंगरी, इनके पुत्र मनवीर सिंह कृष्णावत, तनवीर सिंह कृष्णावत, विक्रमादित्य पुत्र मनवीर सिंह कृष्णावत निवासी थाणा हाउस हरिदासजी की मंगरी, दिव्य जैन पुत्र अमित जैन निवासी टेन्कोक्रेट सोसायटी बेदला रोड़, भूपेन्द्र कुमार पुत्र मणीलाल जैन निवासी शिवाजी नगर, रेणु कृष्णावत पत्नी मनवीर सिंह कृष्णावत निवासी थाणा हाउस हरिदास जी की मंगरी, प्रतीक पुत्र राजेश सुहालका निवासी तिरूविला अपार्टमेंट फतहपुरा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि तनवीर सिंह कृष्णावत एवं उसके पिताजी राजेश जैन के मध्य मित्रवत सबंध थे।

उसके पिताजी सेनेट्री का होलसेल एवं रिटेल का व्यवसाय करते है। इसी सिलसिले में तनवीर सिंह कृष्णावत ने उसके पिताजी से अपने निर्माणाधीन भवन में सेनेट्री व टाईल्स के सामान दिये जाने के लिए कहा। इस पर उसके पिताजी ने तनवीर सिंह को थाना हाउस हरिदास जी की मंगरी पर निर्माण के लिए पर सेनेट्री, टाईल्स सामान उधार दिए जिसका भुगतान तनवीर सिंह को करना था, किन्तु वे इसका भुगतान नहीं कर पाये और उन पर 20 लाख रूपए से अधिक की बाकियात हो गई। इसी दौरान मनवीरड्क्षसह और तनवीर सिंह ने उसके पिताजी से सम्पर्क कर कहा कि उन्होनें बैंक से लोन लिया था और बैंक के करीब 2.5 करोड रूपयें बाकियात हो गई, जिसकी किश्तों की अदायगी में विफल हो जाने से बैंक ने थाणा हाउस को कुर्क की कार्यवही शुरू कर दी है और कहा कि यदि बैंक यह सम्पत्ति कुर्क कर देता है तो बदनामी होगी।

दोनों ने उसके पिताजी से 40 लाख रूपए उधार लिए, जिसे शीघ्र चुकाने का आश्वासन दिया। कुछ समय बाद पिताजी ने पैसा मागा तो मनोहर सिंह, मनवीर सिंह, तनवीर सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने पैसा होने से इंकार कर दिया और एक प्रस्ताव दिया कि थाणा हाउस को एक प्रिमियम होटल के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है, जिसमें वह होटल प्रोजेक्ट में भागीदारी के रूप में पैसा लगा दो तो भागीदारी में होटल के संचालन करने से भी आय होगी, जिसे आपस में बराबर बांट लिया जाएगा। दोनों पक्षों ने थाणा हाउस की जमीन मय निर्माण की कुल लागत 6.50 करोड़ रूपए मनोहर सिंह ने बताई। यहां पर निर्माण के लिए जो भी राशि लगाई जानी थी वह मनवीर सिंह और विक्रमादित्य सिंह एवं उसके पिता द्वारा बराबर-बराबर भाग में लगाई जानी थी। इसी दौरान मनवीर सिंह एवं विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके परिवार पर बैंक लोन होने से इस होटल के निर्माण में जो राशि उनके हिस्से की लगाई जानी है वह भी प्रार्थिया एवं उसके पिताजी द्वारा एक बार अदा कर दी जाए, जैसे ही होटल का संचालन शुरू होगा उस राशि को भी हमारे लाभांश के साथ अतिरिक्त रूप में दे दिया जाएगा।

इस पर विश्वास करते हुए हमारे द्वारा समय-समय पर निर्माण में लगने वाली राशियां दी जाने लगी। साथ ही उसके पिताजी के व्यवसाय से भी सामग्री होटल निर्माण के लिए प्रदान की गई। कुछ समय बाद हमने कानूनी रूप से पार्टनरशिप डीड एवं संबंधित दस्तावेज बनाने क लिए कहा तो आरोपियों ने कहा कि हम एक नई फर्म अथवा कंम्पनी का रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर रहे है, जिसके नाम पर ही दस्तावेज बनाए जाएंगे। आगे का व्यवसाय भी उसी कम्पनी में किया जाएगा। इस पर विश्वास करते हमने कुछ ओर पैसा आरोपियों को दिया और होटल के निर्माण के लिए भी पैसा लेने लगे। इसके लिए अलग-अलग एजेंसियों की नियुक्तियां कर बिल्डिंग मेटेरियल एवं अन्य फर्नीचर एवं फिक्सचर को खरीदने लगे। हमारे द्वारा भुगतान नकद एवं बैंक से किया जाने लगा। साथ ही बिजली के बिल, लिफ्ट, फायर फाईटिंग सिस्टम, इन्टिरियर, आर्किटेक्ट, टाईल्स निर्माण के लेबर कार्य का भुगतान, नल एवं लाईट फिटिंग, स्वीमिंग पुल, फेनिकेटर, रेती-सीमेंट का भुगतान भी किया गया। अगस्त 2019 में हमने इनसे कहा कि अभी तक बहुत ज्यादा खर्च किया जा चुका है और अब हिसाब करनें में भी असुविधा होगी। यदि फर्म एवं कम्पनी बनानी है तो शीघ्र बताए, जिससे कि खर्चा भी उसी फर्म एवं कम्पनी से किया जाए। 3 सितम्बर 2019 तक हमारे द्वारा किए खर्च की हिसाब किया उसी दिन एक एग्रीमेंट मनोहर सिंह ने प्रार्थीया गार्गी सामर व इसके पिता राजेश जैन एवं मनवीर सिंह तथा विक्रम सिंह के पक्ष में कर दिया। इसमें उसके पिता ने पूर्व में दिए 20 लाख एवं 40 लाख रूपये का समायोजन भी कर लिया। सेल एग्रीमेंट 3 सितम्बर 2019 में मनोहर सिंह ने 12125.25 वर्गफीट जमीन मय निर्माण को 6.50 करोड़ रूपयें मे बेचना लिखते हुए अब तक सभी व्यय एवं कार्य का जिम्मा भी द्वितीय पक्षकार का बताया गया।

इसके अनुसार 3.05 करोड़ रूपए प्रार्थिया एवं उसके पिता राजेश जैन ने देना स्वीकार किया। एग्रीमेंट में लिखी गई सारी राशि हमने मनोहरसिंह एवं उनके परिवारजन को दे दी। एग्रीमेंट के बाद भी पहले की तरह उसके पक्ष खर्च करने लगे और जो भी पैसा खर्च किया गया, उसका अधिकांश भाग आरोपी लेते रहे। इसी दौरान एक व्हॉट्सएप ग्रुप भी बनाया गया जिसमें अधिकांश सदस्य थे, तथा इस होटल के निर्माण एवं प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री, उपकरण एवं डिजाईन इत्यादि को लेकर वार्तालाप एवं निर्णय लिये जाते थे। प्रार्थिया एवं उसके पिता से पैसा प्राप्त करते रहे, जिसका हिसाब भी नहीं दिया तथा जब हमने 6.70 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान कर दिया और मनोहरसिंह को कई बार इस सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवाने के लिए कहा तो हर बार उन्होनें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही रजिस्ट्री करवा देंग। दिसम्बर 2022 में हमें आश्वस्त किया कि अभी बैंक के लोन की अदायगी किया जाना जरूरी है। इस कारण एक वर्ष की अवधि में समस्त लोन चुका देंगे तथा दिसम्बर 2023 तक लोन चुकानें के बाद आगे की सारी कार्यवाही कर लेंगे। थाणा हाउस पर लगभग 30 कमरे, स्वीमिंग पुल, रेस्टोरेंट के साथ होटल लगभग पूर्ण बनने को आई। इसी दौरान आरोपियों ने जिस बैंक से उनकी बाकियात थी की राशि का भुगतान भी हमारे द्वारा दी गई राशि से कर दिया। इसके बाद इन्होंने आपसी मिलीभगत कर एक छदम दस्तावेज बनाया गया, जिसके मनोहरसिंह कृष्णावत ने अपने पौत्र विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में एक दान पात्र 22 फरवरी 2022 को लिखकर यह सम्पत्ति का हस्तान्तरण करना बताया, जिसमें मनवीर सिंह और एवं उसका पुत्र करणवीर सिंह गवाह बने, जबकि इस सम्पति को वर्ष 2019 में ही प्रार्थिया एवं उसके पिता राजेश जैन को अन्य के साथ बेच दी थी।

इस सम्पत्ति पर हमने भारी निवेश करते हुए होटल का निर्माण भी कराया है। इतना ही नहीं होटल को संचालन के लिए दोनों पक्षों ने गज केसरी प्राईवेट लिमिटेड नामी कम्पनी का गठन किया, जिसमें प्रार्थिया एवं विक्रमादित्य सिंह दोनों ही निदेशक रहे तथा इसी कम्पनी में होटल का संचालन किया जाना था, किन्तु इसी दौरान मनवीर सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि होटल को किसी अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्यक्ति को दिया जाना ज्यादा बेहतर रहेगा क्योंकि न तो आरोपियों को एवं न हीं प्राथियां व उसके पिताजी को होटल संचालन का अनुभव था। मनवीर सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने यह भी बताया कि 3-4 ग्रुप से इस होटल को लगभग 15-20 लाख रूपये प्रतिमाह की दर से किराए पर दिए जाने के प्रस्ताव दिए है। लगभग एक वर्ष का एडवान्स किराया भी लिया जाएगा। इस प्राप्त होने वाली राशि को बकाया फर्नीचर, फिक्सचर, गद्दे, पर्दे, क्रोकरी के शेष कामों में लगाया जावएगा। एक वर्ष की अवधि के बाद हमे किराये की आमदनी होना शुरू हो जाएगी। इसी दौरान प्रार्थिया को 26 जनवरी 2024 को पता चला कि दानपत्र हो चुका है। साथ ही इस होटल को दिव्य जैन और भूपेन्द्र कुमार को किराये पर दी है जिस पर प्रार्थिया के पिता ने मनवीर सिंह से सम्पर्क किया तो उन्होंने कहा कि होटल को किराए पर देकर एक वर्ष का किराया भी एडवांस ले लिया है, जो फर्नीचर, फिक्सचर, गद्दे, पर्दे, क्रोकरी में लगाया जा रहा है।कुछ समय पूर्व प्रार्थिया एवं उसके पिता आरोपियों से किराए की राशि एवं सम्पत्ति के रजिस्ट्री के लिए कहने पर टालमटोल करते रहे और बाद में स्पष्ट रूप से मना कर दिया और इस होटल की तरफ आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीटीपी के विधायक प्रत्याशी के खिलाफ रिश्वत मांगने का प्रकरण दर्ज

**उदयपुर/सलूम्बर (पुकार)।** उपखंड के कल्याणपुर थाने में जलाऊ लकड़ी ले जा रहे ट्रक चालको से लकड़ी ले जाने के एवज में 3 लाख रुपए मांगने और नहीं देने पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। इसमें से एक आरोपी पूर्व में बीटीपी और वर्तमान में बीएपी (बाप) पार्टी के नेता प्रवीण परमार बताए गए हैं। परमार बीटीपी पार्टी के विधायक प्रत्याशी भी रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू पुत्र हीरा मीणा निवासी करवा छप्पनिया बडला फला थाना आसपुर ने प्रकरण में बताया कि वह ट्रक के मालिक की जलाऊ लकड़ी भरकर सलूंबर से भाड़ा लेकर 27 तारीख शाम को निकला था।

साथ में एक दूसरा ट्रक जो कैलाश पुत्र मावजी निवासी कैनर थाना झल्लारा चला रहा था। प्रार्थी की ट्रक में खलासी बंसीलाल एवं कैलाश के ट्रक में बलराम भी मौजूद थे। उसी रात करीब 9 बजे दोनों ट्रक लेकर कल्याणपुर के आगे पहुंचे ही थे कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो के पास खड़े चार-पांच लड़कों ने ट्रक को रुकवाया और दोनों ट्रक चालकों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उन पांच लोगों में से एक ने अपना नाम प्रवीण परमार निवासी सरेरा नयागांव बताया। मारपीट का विरोध करने पर प्रवीण कहने लगा कि यदि गाड़ी की लकड़ी ले जानी है तो मुझे 3 लाख रुपए देने पड़ेंगे।

प्रार्थी ने मामूली चालक होने का हवाला देते हुए इतनी बड़ी राशि देने में असमर्थता जताई तो परमार एवं उसके साथियों ने लातों , गुस्सों से मारपीट करते हुए ट्रकों को रवाना कर घोड़ी पेट्रोल पंप के पास लाकर खड़ी करवा दी। इस बीच बार- बार मारपीट करते हुए 3 लाख रूपयों की मांग करते रहे।

अंत में प्रवीण ने धमकी दी कि अगर यह राशि नहीं दी तो गाड़ियां जब्त करवा देगा।

प्रार्थी को सेठ को फोन कर रुपए मांगने के लिए भी मजबूर किया। इस पर सेठजी ने कहा कि यदि जलाउ लकड़ी प्रतिबंधित होगी तो वन विभाग द्वारा नियमानुसार रसीद कटवा देंगे।

इसके बावजूद भी आरोपियों ने मारपीट करते हुए दोनों ट्रकों को करनाउआ कॉलेज पर लाकर खड़ी कर दी वन विभाग को सूचना दी। इस पर रात 3 बजे वन विभाग वाले आए और गाड़ियां ले गए। चालक राजू ने प्रवीण परमार एवं उसके साथियों के खिलाफ लकड़ी ले जाने के नाम से 3 लाख रूपये मांगने और जानलेवा मारपीट की शिकायत करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मुरला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर आयोजित

**आकोला (पुकार)।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर देने के उद्देश्य से प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम शिविर के विधायक विधायक अर्जुन लाल जीनगर के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र के मुरला-चोरवड़ी ग्राम में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कैंप प्रभारी नायब तहसीलदार रामचंद्र वैष्णव, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा संयोजक कर्नल सिंह ने की। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्राम पंचायत मुरला- चोरवड़ी में विभागवार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को योजनाओं लाभ दिलाया गया। शिविर में महिला मोर्चा अध्यक्ष शोभा देवी जाट, आकोला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भीम सिंह झाला, जिला परिषद सदस्य शंभू लाल गाडरी, पूर्व प. स. सदस्य प्रताप सिंह भाटी एक पेड़ मां के नाम के संयोजक कर्नल सिंह, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष लोभ चंद जाट, आकोला नगरपालिका उपाध्यक्ष भैरूलाल जाट, भगवती लाल सेन, सज्जन सिंह, मुरला सरपंच भेरुलाल जटिया सहित ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी, नायब तहसील सहित उपखण्ड कार्यालय क्षेत्र से 16 विभागो के अधिकारी, कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर आमजन को लाभान्वित किया। विद्यायक अर्जुन लाल जीनगर ने अपने उद्बोधन में ग्रामवासिंयों को राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओ का अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया। इस अवसर पर विधायक जीनगर ने शिविर में परिवारों को भूमि के पट्टे वितरित किए, साथ ही क्षय रोग से ग्रसित रोगियों को पोषण किट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये।

कैंप प्रभारी रामचंद्र वैष्णव ने राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओ से विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक योजनाओ से जुडकर लाभ प्राप्त करवाने हेतु अवगत कराने के निर्देश दिए। ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत अधिकांष परिवादों का तत्काल निस्तारण करते हुए एवं जिन परिवादों पर तत्काल कार्यवाही नहीं हो सकी उनको सम्बन्धित विभाग को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देशों के साथ अग्रेषित किया गया। तत्पश्चात ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया गया। नायब तहसीलदार (कैंप प्रभारी) रामचंद्र वैष्णव ने बताया कि 30 जून को ग्राम पंचायत पटोलिया निलोद में प्रातः 9.30 से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की लाभकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित होने हेतु आग्रह किया।

पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा : हाथों हाथ हुए बिजली कनेक्शन, खिले चेहरे

# अंधेरे जीवन में खुशियों का उजियारा लेकर आया संबल पखवाड़ा

**उदयपुर (पुकार)।** पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के आयोजित हो रहे शिविर अंधेरे जीवन में खुशियों का उजियारा ला रहे हैं। ग्रामीणों की लंबित समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो रहा है। शिविरों के दौरान लंबित बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का निस्तारण करते हुए हाथों हाथ मीटर आवंटित करते हुए कनेक्शन शुरू किए जाने से लोगों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही है। अभियान के तहत शनिवार को कुराबड़ ब्लॉक में चासंदा व झामरकोटड़ा, नगरपालिका मावली, भीण्डर ब्लॉक में मोतिदा व वणियातलाई, गोगुन्दा में मजावद व बगडून्दा, सायरा में विसमा व पदराड़ा, झाडोल में नेताजी का बारा व चौखला बारा, खेरवाड़ा में करनाउ व खानमीन, नयागांव में पाटिया व डेरी, ऋषभदेव में पादेड़ी, भूधर व रंजोल तथा कोटड़ा में वाखेल, माण्डवा, कोदरमाल, कुकावास व झेड में शिविर आयोजित हुए।

**विभागों की सक्रियता से आमजन को मिल रही राहत :** अन्त्योदय संबल अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में विभिन्न विभागों की सक्रियता से आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। 24 जून से प्रारंभ हुए अभियान के दौरान 27 जून तक आयोजित हुए शिविरों में राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान के 874, पत्थरगढ़ी के 73, नामांकन के 2237, रास्ता संबंधी 358 प्रकरण, बंटवारे के 421 तथा बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन के लंबित 33 प्रकरणों का निस्तारण किया।

इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने नल कनेक्शन के 1524 आवेदन निस्तारण करते हुए कनेक्शन जारी किए। 139 जल स्त्रोतों की सफाई कराई। पाइप लाइन मरम्मत के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के 25 हजार से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया। वहीं लीकेज की 224 शिकायतों को निस्तारित किया।

पंचायतीराज विभाग ने शिविरों में अब तक 384 स्वामित्व कार्य-पट्टे वितरित किए, वहीं 552 वर्षा जल संरचनाओं की मरम्मत कराई। ग्रामीण विकास विभाग ने 328 बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन कराया, वहीं योजना के द्वितीय चरण के लिए 524 परिवारों को चिन्हित किया। विभिन्न योजनाओं में लाभ के लिए 3726 ऑनलाइन आवेदन कराए।

विद्युत विभाग ने 611 झुलते तारों की शिकायतों का निस्तारण किया। 372 पोल संबंधी समस्याएं दुरूस्त की। 9337 पेड़ छंगाई संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया। वन विभाग ने अब तक 560684 पौधों का वितरण किया। वहीं हरयालो राजस्थान के तहत 239989 पौधे लगाए गए। चिकित्सा विभाग ने 121 युडीआईडी कार्ड वितरित किए। वहीं पीएमजेएवाय योजना में 2582 कार्ड वितरित किए। इसके अलावा कैम्प स्थलों पर टीबी, एनसीडी आदि की स्क्रीनिंग की गई। पशुपालन विभाग ने 30 हजार से अधिक पशुओं का उपचार किया। 8031 पशुओं को लाभान्वित करते हुए 26119 टीकाकरण किए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने 1341 मृदा नमूनों की जांच की। 158 मृदा कार्ड वितरित किए। सुक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 51 ऑनलाइन आवेदन कराए।

पंचायत समिति मावली/घासा की ग्राम पंचायत घासा में आयोजित शिविर में उपखण्ड अधिकारी रमेश सिरवी पुनाडीया के समक्ष ग्राम बापेर के खातेदारों ने उनके कुएं पर जाने वाला रास्ता मांगीलाल एवं उसके परिवार वालों द्वारा विगत 8 से 10 सालों से बंद किए गए रास्ते की शिकायत प्रस्तुत की।

शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीम ने तहसीलदार घासा को रास्ता खुलवाने का निर्देश दिया। तहसीलदार घासा नंदलाल जोशी ने आर आई, पटवारी के साथ मौके पर पहुंच कर मौके पर बनी पत्थर की कोट को जेसीबी की मदद से हटवाकर रास्ता खुलवाया तथा पुनः बंद नहीं किए जाने हेतु पाबंद किया। रास्ता खुल जाने से ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की तथा सरकार एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया।

उपखण्ड क्षेत्र गोगुन्दा की ग्राम पंचायत पदराडा के अन्तर्गत आयोजित शिविर में पदराडा निवासी श्रीमती चिन्टु कुँवर पत्नि स्व. श्री महिपाल सिंह राणावत निवासी पदराडा ने घर पर बिजली कनेक्शन नहीं होने से हो रही परेशानी को लेकर परिवाद दिया। विधायक प्रताप लाल गमेती, उपखण्ड अधिकारी शुभम भैसारे, विकास अधिकारी महिप सिंह, शिवर प्रभारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी गोविन्द सुथार के निर्देशन में विभाग ने मात्र 1 घंटे के भीतर बिजली कनेक्शन जारी कर परिवार को बड़ी राहत प्रदान की।

इसी प्रकार पंचायत समिति खेरवाडा की ग्राम पंचायत बडला में विद्युत कनेक्शन हेतु पात्र परिवारों का सर्वे किया गया। इसमें झोसावाड़ा निवासी बीपीएल परिवार शंकरलाल पिता अमरा मीणा के घर पर कनेक्शन नहीं होना पाया गया। विकास अधिकारी मदनलाल लोहार, सहायक विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं विद्युत निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हाथों हाथ घर का विद्युत कनेक्शन कराया। इससे परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

राष्ट्रीय माहेश्वरी महिला संगठन का शिखर संगम कार्यक्रम भीलवाड़ा में सम्पन्न

# 'कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण संगठन का आधार'

**भीलवाडा (पुकार)।** राष्ट्रीय माहेश्वरी महिला संगठन का बहुप्रतीक्षित और प्रेरणादायक कार्यक्रम 'शिखर संगम' भीलवाड़ा में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन प्रदेश, जिला एवं नगर माहेश्वरी महिला संस्थान भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा और नेतृत्व विकास के नए आयाम स्थापित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों के मंचासीन होने, दीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना के साथ हुआ, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति एवं ऊर्जा से भर गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति लोहिया एवं नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने स्वागत उद्बोधन में सभी का अभिनंदन कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती ज्योति राठी (छत्तीसगढ़) ने अपने विचारों में कहा ''जब तक आप 'सुनेंगे नहीं, बोल नहीं पाएंगे। जब तक आप पढ़ेंगे नहीं, लिख नहीं पाएंगे। 'उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हमें एकजुट होकर हर योजना को गाँव-गाँव तक पहुँचाना है। उनके यह शब्द उपस्थित सभी महिलाओं के मन में प्रेरणा का संचार कर गए।

वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू बांगड़ (कानपुर) ने अपने विचारों में कहा की 'कुशल नेतृत्व ही सबसे बड़ा संगठन है।

जब कार्यकर्ता साथ चलेंगे, तभी संगठन शिखर पर पहुँचेगा।' कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण संगठन का आधार है। एक मजबूत संगठन, सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया की 'इंजन के डिब्बे सबसे प्यारे होते हैं क्योंकि वे मंज़िल तक पहुँचाने की क्षमता रखते हैं, अपने डिब्बों को साथ लेकर चलते हैं और खुद आग सहते हुए दूसरों को आगे बढ़ाते हैं।' कार्यक्रम की गरिमा को और ऊँचाई दी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण लड्डा (दिल्ली), निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती आशा माहेश्वरी (कोटा), पश्चिमांचल उपाध्यक्ष श्रीमती मधु बाहेती (कोटा) तथा पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री श्रीमती शिखा भदादा (भीलवाड़ा) की उपस्थिति ने। सभी ने संगठन की प्रगति और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपने अनुभव साझा किए। इस आयोजन में यशोदा मंडोवरा द्वारा आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसने महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह दिखाई। साथ ही कन्यादान योजना, मेडिकल बैंक का विस्तार, शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना, सेवाश्रम विद्यालय के बच्चों हेतु भोजन की थाली वितरण योजना का शुभारंभ व विस्तार भी किया गया। ये सभी योजनाएं माहेश्वरी समाज की सामाजिक प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण हैं। लगभग 200 महिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। इस कार्यक्रम की सफल तैयारियों में प्रभारी मोना डाड और विनीता तोषनीवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही प्रोजेक्ट प्रभारी, जिला सचिव श्रीमती भारती बाहेती, नगर सचिव श्रीमती सोनल माहेश्वरी, निशा काकानी, अंकिता राठी, स्नेहलता तोषनीवाल, सीमा बिड़ला, मधु डाड, और संध्या आगीवाल सहित सभी ने अपनी जिम्मेदारियाँ सराहनीय रूप से निभाईं। 'शिखर संगम' सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं को संगठित करने, उनके विचारों और योगदान को पहचान दिलाने, और उन्हें राष्ट्रनिर्माण में सशक्त भागीदारी हेतु प्रेरित करने का प्रभावशाली मंच बना। इसने माहेश्वरी समाज की महिलाओं को न सिर्फ जोड़ा, बल्कि उन्हें नेतृत्व की दिशा में नई उड़ान भी दी। यह आयोजन आत्मबल, सामाजिक उत्तरदायित्व और एकजुटता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

# जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग का बटर आईटी बैटर वर्कशॉप का आयोजन

**भीलवाडा (पुकार)।** महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग ने शनिवार को सुखाड़िया नगर स्थित चौधरी डांगी जीतो हाउस में 'बटर इट बैटर' केक बुटिक वर्कशॉप का आयोजन किया। यह आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की दिशा में किया गया। कार्यक्रम का प्रांरभ मंगलकारी नवकार महामंत्र की आराधना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विंग की चेयरपर्सन नीता बाबेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीतो संगठन महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ऐसे वर्कशॉप्स से महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आत्मविश्वास और प्रेरणा मिलेगी। केक मेकर सुरभि पोखरना ने वर्कशॉप में विभिन्न प्रकार के केक बेकिंग और सजावट की तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने चॉकलेट, मैंगो, स्ट्रॉबेरी, और रसमलाई जैसे फ्लेवर के केक बनाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए।

वर्कशॉप में प्रतिभागियों को घर पर प्रोफेशनल क्वालिटी के केक बनाने और उन्हें व्यवसाय में बदलने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर केक मेकर सुरभि पोखरना का सम्मान उपरणा और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम संयोजिका अंकिता सेठी, सह संयोजिकाएं प्रीति सुराणा और शोभिका खंजाची ने आयोजन की सफलता में सभी के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन के अतिथियों मे जीतो भीलवाड़ा चेप्टर के मुख्य सचिव मनीष शाह, नीतू चोरड़िया, पलक भड़कतिया, किरण चोरड़िया, सुमन लोढ़ा, लाड़ मेहता, मेघना जैन, सुनीता पाटनी, सुनीता गांधी, रेखा चौधरी, कुसुम चौधरी, मधु मेड़तवाल, प्रियंका मेहता, वीणा मोदी, सुनीता पीपाड़ा, हेमलता खेराड़ा, दीपिका काबरा, रितु काबरा, शिवानी चोरड़िया, रीना सिंघवी, नीलू सुरिया, मंजू डांगी, अशिता बाबेल, टीना जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और आयोजन का लाभ उठाया।

# राजसमंद में पहली बार आईसीएआई द्वारा मनाया अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस समारोह

## ● सीए की भूमिका और एमएसएमई का महत्व



**राजसमंद (पुकार)।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर राजसमंद में पहली बार आईसीएआई की राजसमंद शाखा की ओर से शनिवार को एक दिन एमएसएमई के नाम-सीए एमएसएमई की सेवा में थीम पर विशेष समारोह का आयोजन शाखा कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की वृद्धि में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसजीएसटी के डिप्टी कमिश्नर नेनाराम प्रजापत, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक भानु प्रताप सिंह, डिप्टी कमिश्नर सीजीएसटी नंदकिशोर सोमानी, आयकर विभाग से अनिल बम्बानी एवं रमेश चंद्र मीणा, वरिष्ठ सीए सदस्य सीए ललित बडोला बतौर अतिथि के रूप में मौजूद थे। अध्यक्षता आईसीएआई अध्यक्ष सीए दिनेश चंद्र सनाढ्य ने की। ब्रांच अध्यक्ष सीए दिनेश चंद्र सनाढ्य ने अपने स्वागत भाषण में इस बात पर जोर दिया कि देश के आर्थिक विकास में एमएसएमई की भूमिका अतुलनीय है। यह क्षेत्र जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान देता है तथा 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि सीए समुदाय, सरकारी विभागों और बैंकिंग क्षेत्र के समन्वित प्रयासों से एमएसएमई को और अधिक सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। सनाढ्य ने यह भी बताया कि भारत में कुटीर उद्योगों की समृद्ध विरासत रही है, जिसे औपनिवेशिक काल में कमजोर किया गया। आजादी के बाद सरकार द्वारा एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल देश को पुनः आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सीए डीएस मेहता, सीए धर्मेंद्र व्यास, सीए रेणु चपलोत, सीए अंशुल ठाकुर, विनोद चपलोत, सीए देवेंद्र हिंगड़, एडवोकेट अनिल खंडेलवाल, रामजीलाल चौबीसा, सीए संजय कोठारी, सीए भावेश काबरा, सीए गोविंद सनाढ्य, सीए मयंक थरपाल सहित व्यापारी और उद्योगपति उपस्थित थे। संचालन संस्था सचिव सीए प्रिंस श्रीमाली और कोमल निष्कलंक ने किया। यह आयोजन राजसमंद में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ सीए नितिन जालान ने एमएसएमई की ग्रोथ में सीए के लिए अवसर विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिससे उपस्थित उद्यमियों को नई दिशा मिली। इस दौरान दौरान जिला उद्योग केंद्र, जीएसटी, आयकर विभाग, एयू, आईडीबीआई एवं मरुधरा ग्रामीण बैंक सहित अन्य संस्थाओं ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। इन विभागों और बैंकों के प्रतिनिधियों ने व्यापारियों, मैन्युफैक्चरर्स, थोक विक्रेताओं और आम जनता की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की। सीए मयंक एन राठी और सीए दिनेश खेरोदिया ने कार्यक्रम स्थल पर ही एमएसएमई पंजीयन किए और उद्यमियों को महत्वपूर्ण सलाह व उनकी समस्याओं का समाधान प्रदान किया, जिससे त्वरित सहायता मिल सकी।

# ब्रह्मशक्ति नगर महिला प्रकोष्ठ का वन भ्रमण और देव दर्शन कार्यक्रम सम्पन्न



**राजसमंद(पुकार)।** युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ द्वारा आयोजित राजसमंद नगर महिला प्रकोष्ठ का वन भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए देव दर्शन का लाभ उठाया। महिला प्रकोष्ठ की कौशल्या पालीवाल ने बताया कि नगर ब्रह्मशक्ति महिला प्रकोष्ठ की मातृशक्ति ने बस द्वारा चारभुजा, कुंभलगढ़, वेरों का मठ और परशुराम महादेव के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान महिलाओं ने अपने साथ लाए ढोल-मंजीरों के साथ धार्मिक और लोकगीतों का गायन किया, जिससे अरावली की प्राकृतिक सुंदरता के बीच आध्यात्मिक माहौल बन गया। कुंभलगढ़ किला रोड स्थित रुद्राक्ष होटल पहुंचने पर डीएल पालीवाल, जितेंद्र आमेटा, मयंक जोशी, कैलाश जोशी, शंकर जोशी, अमित शर्मा, रामचंद्र शर्मा, हरीश व्यास, कमलेश जोशी सहित कुंभलगढ़ ब्रह्मशक्ति शाखा के सदस्यों ने मातृशक्ति का तिलक और फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। ब्रह्म शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पुरोहित ने इस सफल वन भ्रमण कार्यक्रम के संयोजक राजसमंद तहसील अध्यक्ष सुनील पालीवाल, ब्रजसुंदर जोशी, नरेश जोशी, भवानी जोशी, और भावेश दवे का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर रामदयाल महाराज का 1 जुलाई को राजनगर में होगा स्वागत

**राजसमंद(पुकार)।** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संप्रदायाचार्य एवं पीठाधीश्वर रामदयाल महाराज की भव्य पधरावणी 1 जुलाई मंगलवार को राजनगर में होने जा रही है। श्री माहेश्वरी सेवा समिति के सतीश कुमार हेड़ा ने बताया कि आचार्य रामदयाल का स्वागत किया जाएगा। आचार्य के आगमन पर 1 जुलाई को सुबह 9:30 बजे फव्वारा चौक राजनगर में समस्त हिंदू समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा। स्वागत समिति के ओमप्रकाश बापडोत और माहेश्वरी समाज द्वारा स्वागत समारोह के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो दानी चबूतरा होते हुए माहेश्वरी भवन राजनगर पहुंचेगी। माहेश्वरी भवन में सुबह 11:30 बजे धर्मसभा होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महेंद्र देवपुरा, कैलाश निष्कलंक, ओमप्रकाश बापडोत, सतीश हेड़ा, राजेंद्र अजमेरा, प्रेमप्रकाश अजमेरा, सुनील लड्ढा, शरद लड्ढा, सत्यनारायण सहित अन्य सदस्य लगे हुए है।



रामदयाल महाराज

### राजसमंद में आज होगा जिला अंजुमन कमेटी का पांचवां मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह

**राजसमंद(पुकार)।** जिला अंजुमन कमेटी संस्थान (समस्त मुस्लिम समाज) द्वारा आयोजित पांचवां मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को सुबह 9 बजे हुसैनी चौक स्थित अंजुमन हॉल में सदर अख्तर खान के सानिध्य में जिले के होनहार विद्यार्थियों और समाजसेवियों की हौसला अफजाई के लिए आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रतिभा सम्मान के साथ-साथ, विशेष एक्सपर्ट्स द्वारा उच्च शिक्षा के लिए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम भी रखा गया है, जो युवाओं को उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हेमलता जैन, नगर परिषद सभापति अशोक टांक बतौर अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विशेष एक्सपर्ट के तौर आसरा वेलफेयर सोसायटी चित्तौड़गढ़ के संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक नूरी, गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी उदयपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर ए. लतीफखान, पेसिफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद आबिद, श्री डॉट्स चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल झुंझुनु के सीईओ मोहम्मद आरिफ खान बच्चों उच्च शिक्षा के लिए कैरियर गाइडेंस प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त समाजसेवी अतिथियों में सिराजुद्दीन सिलावट चेतक मार्बल, मतीन सिलावट बानो मार्बल, शराफत हुसैन फौजदार, हाजी एमए खान, हाजी इकबाल मंसूरी, अब्दुल रहीम, जाफर खान फौजदार और अब्दुल मजीद सिलावट'' शामिल होंगे। यह समारोह जिला अंजुमन कमेटी राजसमंद के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जो समाज के होनहारों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

### सिंधी समाज सेवा समिति कांकरोली की नई कार्यकारिणी 2025-26 घोषित

**महिला मंडल, युवा मंडल और किशोर मंडल का गठन**

**राजसमंद(पुकार)।** सिंधी समाज सेवा समिति कांकरोली ने के पदाधिकारियों द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। समाज सेवा और उत्थान के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से यह टीम गठित की गई है। नई कार्यकारिणी में अनुभवी सदस्यों के साथ-साथ युवा और महिला नेतृत्व को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। समिति के संरक्षक मंडल में लखमीचंद आडवाणी और शिव कुमार भाटिया को शामिल किया गया है जबकि मुरलीधर रामचन्दानी और भरत परियानी सलाहकार की भूमिका निभाएंगे।समिति के अध्यक्ष का कार्यभार शंकर सचदेव'' को सौंपा गया है। उनके साथ महेश कुसीजा सचिव और अर्जुन भोजवानी'' कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। राजेश बच्चानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विष्णु भाटिया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महामंत्री के पद पर मनीष चांदवानी (सोनू पान), डेनी परियानी, संगठन मंत्री महेश कोटवानी, सतीश केवल्या, मंदिर व्यवस्थापक का जिम्मा पंडित लक्ष्मण केवल्या को दिया गया है। समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला मंडल, युवा मंडल और किशोर मंडल का भी गठन किया गया है। हिला मंडल में सुनीता कोटवानी, तमन्ना भोजवानी, सिमरन परियानी, हिना आडवाणी, वंशिका कुसीजा, वर्षा भाटिया, युवा मंडल में ट्विंकल सिंधवानी, देव भाटिया, गोविंद पारियानी, कार्तिकेय भोजवानी, सागर पारियानी, किशोर मंडल में लव आडवाणी, हर्षिल कुसीजा, राहुल कोटवानी, पुनीत टीलवानी, राधेश परियानी को शामिल किया गया।

### विकास त्रिवेदी की पुस्तक द नाइट शेफर्ड को मिला सम्मान

**फिक्शन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए लेखक पुरस्कार में नामांकन**

**डूंगरपुर(पुकार)।** साहित्य जगत में एक उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई है। लेखक विकास त्रिवेदी की पुस्तक द नाइट शेफर्ड को हॉरर फिक्शन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए लेखक पुरस्कार में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 9 जुलाई, 2025 को गोवा के पंजिम स्थित हयात इन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। इस दौरान साहित्य जगत की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि विकास त्रिवेदी को उनके असाधारण साहित्यिक योगदान के लिए इस नामांकन के लिए चुना गया है। समारोह से जुड़ी अन्य जानकारी जैसे लॉजिस्टिक्स और यात्रा कार्यक्रम जल्द ही सांझा की जाएगी। प्रतिभागियों को आमंत्रण कार्ड, सीट नंबर और प्रवेश पास डिजिटल रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे।



लेखक विकास त्रिवेंदी।

### श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में रथयात्रा मनोरथ का भव्य आयोजन

**राजसमंद(पुकार)।** आषाढ़ शुक्ल तृतीया पर शनिवार को श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के तत्वावधान में कांकरोली स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर में भव्य रथयात्रा मनोरथ का आयोजन किया गया। पुष्य नक्षत्र के शुभ योग में हुई यह रथयात्रा भक्तों के लिए अत्यंत आनंदमयी रही। प्रातः श्रृंगार में श्री द्वारकाधीश प्रभु को श्वेत मझले साज की कूल्हे, जिस पर 9 चंद्रिका सादा जोड़ सुशोभित था, धारण कराई गई। साथ ही श्वेत कारचोब का चाकदार वाघा, लाल अतलस की सूथन, लाल कटि का पटका तथा हीरा, पन्ना, माणक के आभरण से सुसज्जित दो जोड़ी का श्रृंगार किया गया।

# जिला स्तरीय समारोह में भामाशाह एवं प्रेरकों का किया सम्मान

**राजसमंद(पुकार)।** राजकीय विद्यालयों में सहयोग करने वाले भामाशाह एवं प्रेरकों का सम्मान समारोह शुक्रवार को जिला परिषद के राजकीय विद्यालयों में 1 लाख से 29.99 लाख तक का सहयोग करने वाले 9 भामाशाहों एवं उन्हें प्रेरित करने वाले 7 प्रेरकों का



सभागारए राजसमंद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृज मोहन बैरवा ने की। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) घनश्यामलाल गौड़ ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं भामाशाहों का स्वागत करते हुए बताया कि जिले सम्मान जिला स्तरीय समारोह में किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख रतनी देवी जाट मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर दिनेश कुमावत के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश पालीवाल ने सभी भामाशाहों एवं प्रेरकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया दान सर्वोत्तम, शिक्षक भामाशाह बनकर बढ़ा रहे गौरव-पण्ड्या

**●महात्मा गांधी स्कूल माथुगामड़ा पाल में जिला स्तरीय शिक्षक भामाशाह सम्मान समारोह**

**●विद्यालय के भामाशाह शिक्षक सलीम खान का किया बहुमान**



**डूंगरपुर(पुकार)।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग के संयोजन में शनिवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय माथुगामड़ा पाल में जिला स्तरीय शिक्षक भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. हेमंत पण्ड्या बतौर संरक्षक मौजूद रहे। अध्यक्षता सीबीईओ निशा परमार ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी बाबूलाल कटारा थे। एडीईओ प्रा. दिनेश कटारा, एसीबीईओ विमल साद एवं समाजसेवी राकेश जैन बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। प्रारंभ में पीईईओ पायल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि किसी भी शिक्षक द्वारा छात्रहित के लिए एक लाख रूपए की धनराशि देना महत्वपूर्ण है और जो शिक्षक भामाशाह बनकर विद्यालय के लिए आर्थिक सहयोग देता हैए वह ईश्वरीय कृपा का पात्र बनता है। माथुगामड़ा पाल स्कूल का बीते पांच वर्ष में कायाकल्प हुआ है और इसमें भामाशाहों का सहयोग अहम रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. पण्ड्या ने कहां कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षक भामाशाह बनकर आगे आ रहे है, यह शिक्षा जगत के लिए बड़ी उपलब्धि है। शिक्षक भामाशाह के सहयोग से विद्यालय के विकास और छात्र हित के कई कार्य किए जा सकते है। शिक्षक होना गौरव की बात है और शिक्षक बनकर भामाशाह के रूप में छात्र हित में आर्थिक सहयोग देना उपलब्धि है। माथुगामड़ा पाल के सरकारी स्कूल के शिक्षकों ने भामाशाह बनकर जो सहयोग दिया है, इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। पण्ड्या ने कहां कि शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया दान फलदायी है और शिक्षक भामाशाह विभाग के लिए गौरव है। समारोह में एडीईओ कटारा ने कहा कि यह सम्मान भामाशाह शिक्षक को प्रोत्साहन देगा। विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच बाबूलाल कटारा ने कहां कि विद्यालय के शिक्षक सलीम पठान ने नेक कार्य किया है। उन्होंने पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से उनका धन्यवाद माना। एसीबीईओ विमल साद ने कहां कि इस तरह भामाशाह आगे आए तो विद्यालयों में अभाव नहीं रहेंगे। सीबीईओ परमार ने शिक्षक के भामाशाह बनने पर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर आरपी रितेश जोशी, समाज सेवी बद्रीलाल कटारा, रामचंद्र कटारा सहित अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन रंजीत सिंह चौहान व आभार जाहिद अहमद कंधारी ने ज्ञापित किया।

**भामाशाह शिक्षक पठान का बहुमानः**-अतिथियों ने विद्यालय के शिक्षक सलीम खान पठान द्वारा भामाशाह बनकर एक लाख की धनराशि ज्ञान संकल्प पोर्टल पर भेंट करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया एवं पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं फुलमालाएं पहनाकर बहुमान किया।

# लोक अधिकार मंच की कोर कमेटी बैठक संपन्न

## 13 जुलाई को उदयपुर संभाग अधिवेशन



**राजसमंद (पुकार)।** लोक अधिकार मंच की कोर कमेटी की बैठक कांकरोली के गांधी पार्क स्थित नगर विकास समिति कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संपत लाल लड्ढा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय समन्वयक कन्हैयालाल त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र स्वर्णकार, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एडवोकेट भरत कुमावत और प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र पालीवाल थे। जिला महासचिव कपिल पालीवाल ने बताया कि बैठक में मंच के रजत जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर गहन चिंतन-मनन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उदयपुर संभाग का अधिवेशन आगामी 13 जुलाई को उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन में संभागीय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मेवाड़ के उन सामाजिक, संवैधानिक और गैर-राजनीतिक जन आंदोलनों के अगुवाओं को महाराणा प्रताप लोक योद्धा सम्मान से नवाजा जाएगा, जिन्होंने सामाजिक लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए सशक्त प्रतिरोध किया है और अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लड्ढा ने इस अवसर पर मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जिसका मुख्य लक्ष्य लोक अधिकारों के लिए संघर्ष और जन-जागरण फैलाना है।

# नव पदस्थापित कलेक्टर से साकेत साहित्य संस्थान के साहित्यिक सरोकारों पर हुई चर्चा



**राजसमंद(पुकार)।** जिले में नव पदस्थापित जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा का साकेत साहित्य संस्थान के साहित्यकारों ने अभिनंदन किया। इस दौरान संस्थान ने कलेक्टर को अपने द्वारा किए जा रहे विभिन्न साहित्यिक सरोकारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साकेत साहित्य संस्थान के उपाध्यक्ष नारायणसिंह राव ने समसामयिक विषयों पर जन जागृति के संबंध में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रकाशित पुस्तकों जैसे मतदान की मनुहार, श्मेरा मत मेरा अधिकार और उमंग मतदान की के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। संस्थान के वरिष्ठ सलाहकार दिनेश श्रीमाली ने बताया कि साकेत के कार्यक्रमों और लेखन के माध्यम से राज्य सरकार और केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को सामान्य जन तक प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन के स्थानीय अभियानों में संस्थान की सक्रिय सहभागिता के बारे में भी जानकारी दी। जिला कलेक्टर हसीजा ने जिले में साकेत साहित्य संस्थान द्वारा किए जा रहे साहित्यिक लेखन, प्रकाशन और आयोजनों की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और साहित्यकार मिलकर जनसमुदाय के लिए कार्य करेंगे। महासचिव कमल अग्रवाल ने साकेत साहित्य संस्थान के संगठनात्मक स्वरूप के बारे में बताते हुए कहा कि जिले की प्रत्येक तहसील में संस्थान के सदस्य लेखन, पठन और आयोजन के कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साहित्यिक प्रचार-प्रसार के लिए संस्थान नियमित रूप से मासिक गोष्ठियों का आयोजन करता है। इस अवसर पर परितोष पालीवाल, वीणा वैष्णव, राधेश्याम राणा, दिनेश श्रीमाली, कुसुम अग्रवाल, प्रहलाद शर्मा, नारायणसिंह राव, कमल अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस की नीति सत्ता के लिए लोकतंत्र को बंधक बनाने की रही है : माहेश्वरी



**राजसमंद(पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार की एक नीति आज भी शाश्वत बनी हुई है, देश की सत्ता और संसाधनों पर सदैव इस परिवार का ही अधिकार बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि सत्ता के लिए लोकतंत्र को बंधक बनाने की परंपरा कांग्रेस में बहुत पुरानी है और यही उसकी सबसे बड़ी विडंबना भी है। माहेश्वरी ने कहा कि नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से लेकर राहुल गांधी तक, कांग्रेस नेतृत्व की सोच में एक बात कभी नहीं बदली, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं का आदर तब तक ही किया जाएगा, जब तक वे उनकी सत्ता के रास्ते में बाधा नहीं बनतीं। लेकिन जैसे ही परिणाम उनके विपरीत आते हैं, इन संस्थानों का महत्व और मर्यादा तिरस्कार का विषय बना दी जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने समय-समय पर लोकतंत्र की मूल भावना को कमजोर करने के लिए अनेक प्रयास किए। आपातकाल के दौरान प्रेस पर सेंसरशिप, विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारियां, न्यायपालिका पर दबाव और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता का हनन इसके प्रमुख उदाहरण हैं। आज भी जब-जब कांग्रेस को सत्ता का अवसर नहीं मिलता, तब-तब वे चुनाव आयोग, न्यायपालिका और संसद जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने लगते हैं। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र के नाम पर सत्ता को खानदानी संपत्ति समझने की मानसिकता ने कांग्रेस को जनता की नजरों में अविश्वसनीय बना दिया है। देश की जनता अब जागरूक है और बार-बार अपने मत से यह स्पष्ट कर चुकी है कि लोकतंत्र परिवारवाद से कहीं बड़ा है। कांग्रेस की यही प्रवृत्ति उसके निरंतर राजनीतिक पतन का कारण बन रही है। विधायक दीप्ति ने जयपुर में शहर भाजपा जयपुर (शहर) जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष अमित गोयल सहित प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार भेंट के दौरान यह बात कही। जिलाध्यक्ष अमित गोयल के स्नेहपूर्ण एवं आत्मीय व्यवहार ने माहेश्वरी को अभिभूत कर दिया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा संगठन मेरा परिवार है। यहां पर जो अपनापन, ऊर्जावान सम्मान एवं संगठन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता देखने को मिलती है, वही मुझे सतत प्रेरित करती है। उन्होंने माँ किरण माहेश्वरी से जुड़े पुराने संस्मरणों को भी भावुकता से याद करते हुए उपस्थित पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

# रोजगार सहायता शिविर सफल : 588 युवाओं ने लिया भाग

## 209 को मिला प्रारंभिक रोजगार



**राजसमंद(पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देश पर रोजगार विभाग की ओर से जिला मुख्यालय पर बालकृष्ण राउमावि परिसर कांकरोली में आयोजित एक दिवसीय कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता शिविर का उद्घाटन एडीएम नरेश बुनकर ने मोली खोलकर किया। जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चौहान ने बताया कि शिविर में जेके टायर लिमिटेड, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, येषा सोल्यूशन, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलआईसी इंडिया लिमिटेड, आमधनी प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी पब्लिक स्कूल नाथद्वारा और संगीता पब्लिक स्कूल केलवा जैसी कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों ने मौके पर ही साक्षात्कार आयोजित कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस दौरान तहसीलदार विजय रैगर, प्रधानाचार्य प्रमोद पालीवाल, आरएसएसडीसी के अरुण मेहरा और रोजगार कार्यालय के वरिष्ठ सहायक संदीप कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों ने भी अपनी सहभागिता निभाई और युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में कुल 588 बेरोजगार युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 209 युवाओं का रोजगार के लिए, 120 युवाओं का प्रशिक्षण के लिए और 55 युवाओं का स्वरोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी की 3 घंटे चली बैठक में 102 प्रस्ताव पेश, 25 पर लगी मुहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्टैंडिंग कमेटी की ढाई साल बाद शुक्रवार को हुई पहली बैठक में 102 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। तीन घंटे चली बैठक में सिर्फ 25 प्रस्तावों को ही पास किया गया। इनमें से अधिकतर निगम के प्रशासनिक कामकाज से जुड़े प्रस्ताव शामिल रहे। स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने नालों की साफ सफाई को लेकर निगम के कामकाज का ब्योरा दिया। निगम आयुक्त ने कहा कि जलभराव और नालों से गाद की समस्या दोनों अलग-अलग हैं। हम कोई भगवान नहीं है कि हमारा इंद्र पर नियंत्रण है कि बारिश नहीं होगी या बारिश कम होगी या बारिश तीव्रता वाली नहीं होगी। यहां निचले निकाले हैं वहां जलभराव होगा लेकिन पिछले साल की तुलना में हमारी अपेक्षा है कि हम बेहतर काम करेंगे और हमारी यह पूरी कोशिश रहेगी। विभागों के प्रमुख और जोन के उपायुक्त रहे अनुपस्थित ‍= स्थायी समिति की बैठक में सभी विभागों के प्रमुख और सभी 12 जोन के उपायुक्त अनुपस्थित रहे।

### दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रोडरेज में 19 वर्षीय लड़के को चाकुओं से गोदकर मारा, 3 लोग गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के शाहदरा जिले में गीता कॉलोनी के रानी गार्डन इलाके में शुक्रवार रात एक 19 वर्षीय युवक की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान यश के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने शनिवार को इस हत्याकांड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात गीता कॉलोनी इलाके में कथित तौर पर रोडरेज के दौरान 19 साल के एक लड़के यश की हत्या कर दी गई। पुलिस की शुरुआती जांच में हत्या के सिलसिले में दो संदिग्धों, अमान और रेहान के नाम सामने आए थे। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया, 19 साल के लड़के यश की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान अमान, रिहान और लकी के रूप में हुई है। 27 जून को रात करीब 9ः41 बजे लक्ष्मी नगर अस्पताल से सूचना मिली कि लगभग 20 साल के एक लड़के को पीठ के निचले हिस्से में चाकू लगने के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। बताया गया है कि आरोपियों ने मिलकर यश की पीठ के निचले हिस्से में चाकू घोंप दिया था।

### कार में आगे बैठने को लेकर हुआ झगड़ा, बेटे ने की रिटायर्ड एसआई पिता की गोली मारकर हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक बेहद हैरान और परेशान करने वाला मामले सामने आया है। यहां एक 26 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर कार में आगे की सीट पर बैठने को लेकर हुए झगड़े में अपने बुजुर्ग पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक सीआईएसएफ के रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर थे। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परिवार ने उत्तराखंड स्थित अपने पैतृक गांव जाने के लिए कार किराये पर ली थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्या के आरोपी बेटे की पहचान दीपक के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और अपराध में इस्तेमाल हुई बंदूक और 11 कारतूस बरामद किए गए हैं।

# दिल्ली के लिए अभी कोई नई शराब नीति नहीं

## मौजूदा पॉलिसी मार्च 2026 तक रहेगी जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में शराब बिक्री के लिए मौजूदा आबकारी नीति को आगामी 1 जुलाई से 31 मार्च-2026 तक जारी रखने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी। आबकारी उपायुक्त तनवीर अहमद की ओर से आज जारी आदेश के मुताबिक पिछले वर्षों के आधार पर ही इस बार भी लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा।

आदेश में कहा गया है कि आवेदन दाखिल करने की अवधि के आधार पर नवीनीकरण शुल्क तय किया जाएगा। 30 दिनों के भीतर आवेदन दाखिल किए जाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा, जबकि 60 दिनों की देरी होने पर 25 प्रतिशत और 60 दिनों से अधिक की देरी होने पर 100 फीसदी अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपनी आबकारी नीति (शराब नीति) को आगे बढ़ा दिया है। हालांकि, राजधानी में शराब व्यापार को विनियमित करने के लिए एक नई व्यवस्था लाने पर काम चल रहा है।

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग द्वारा गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि लाइसेंसिंग वर्ष 2022-23 (जिसे 2023-24 और 2024-25 में जारी रखा गया था) से लागू आबकारी शुल्क आधारित व्यवस्था को आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दे दी गई है।

आदेश में कहा गया है कि मौजूदा नीति को 1 जुलाई से 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाया जाएगा। मौजूदा नीति की शर्तों और आनुपातिक लाइसेंस फीस के भुगतान के आधार पर थोक लाइसेंस दिए जाएंगे।

आदेश में कहा गया है, इसके अलावा, हर साल रिन्यू होने वाले सभी लाइसेंसों की शर्तें आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए भी जारी रहेंगी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में अधिकारियों को 30 जून तक नई आबकारी नीति का मसौदा प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक नई नीति लाना है जो पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण शराब की आपूर्ति सुनिश्चित करे और इसके लिए राजस्व उत्पन्न करे।

मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता वाली एक हाई लेवल कमेटी अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करके नई नीति का मसौदा तैयार कर रही है।

### यमुना सफाई के लिए दिल्ली सरकार ने तैयार किया 45 सूत्रीय एक्शन प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। भाजपा सरकार ने यमुना सफाई के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए 45 सूत्रीय व्यापक कार्ययोजना (एक्शन प्लान) लॉन्च कर दिया है, जिसका मकसद अगले दो सालों में यमुना नदी की सफाई करते हुए उसका कायाकल्प करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा स्वीकृति प्राप्त इस योजना को मुख्य रूप से दिल्ली जल बोर्ड , दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति , दिल्ली नगर निगम , सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा पूरा किया जाएगा। इस दौरान ये सभी एजेंसियों एक-दूसरे के साथ भागीदारी से काम करते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट और नदी में बहने वाले नालों को रोकने जैसी चुनौतियों से निपटेंगी। इस बारे में जानकारी देते हुए शुक्रवार को अधिकारियों ने बताया कि यमुना की सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही परियोजनाओं, नई योजनाओं और अन्य प्रोजेक्ट को 10 वर्किंग हेड्स के अंतर्गत विशिष्ट समयसीमाओं में एक साथ रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्ययोजना को इस महीने की शुरुआत में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में डीजेबी की बैठक में मंजूरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में मुख्य रूप से सीवेज प्रबंधन, नाला ट्रैपिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल प्रबंधन और यमुना नदी में प्रवाह को जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यमुना में हो रहे कुल प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत है, जबकि नदी की कुल लंबाई में से इसका मात्र दो प्रतिशत हिस्सा ही शहर से होकर बहता है। दिल्ली में यमुना का अधिकतम 52 किलोमीटर हिस्सा बहता है, जिसमें से वजीराबाद से ओखला तक का 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा अत्यधिक प्रदूषित है और यही विभिन्न योजनाओं और नीतिगत कोशिशों का केन्द्र बिन्दु बन गया है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार यमुना नदी और नजफ़गढ़ नाले पर फ्लोटिंग स्कीमर लगाएगा। इन उपकरणों का उपयोग पानी के किसी हिस्से में तैरते मलबे को इकट्ठा करने के लिए किया जाता है। नदी में गिरने वाले प्रत्येक प्रमुख नाले पर फ्लोटिंग पोंटून इस महीने के अंत तक लगा दिए जाएंगे। एमसीडी को नालों और उप-नालों में ठोस कचरे के गिरने की निगरानी करने और उसे रोकने का निर्देश दिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि नदी में पानी का प्रवाह बढ़ाने के लिए डीजेबी को तीनों एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) कोरोनेशन पिलर, यमुना विहार और ओखला के बीच एक कन्वेयंस सिस्टम बनाना होगा। प्रवाह बनाए रखने के लिए उपचारित पानी को वापस नदी में डालना अनिवार्य करना होगा। इस काम की समय सीमा सितंबर 2026 है। अधिकारियों ने दावा किया कि ओखला एसटीपी एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा एसटीपी है। इसके अलावा, डीडीए को यमुना के डूब क्षेत्र में किसी भी तरह के कचरे को हटाने के लिए कहा गया है। एक्शन प्लान में इस साल नवंबर तक बाढ़ के मैदानों और नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। यमुना की सफाई के लिए आइएसपी (इंटरसेप्टर सीवेज प्रोजेक्ट) भी एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिस पर पिछले कुछ सालों से डीजेबी काम कर रहा है। जिसमें सभी नालों को बंद करके उनमें बहने वाले गंदे पानी को पास के एसटीपी में ले जाना शामिल है।

## दिल्ली में नहीं घुस पाएंगी पुरानी गाड़ियां, 126 एंट्री पॉइंट पर लगेंगे एएनपीआर कैमरे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दस वर्ष पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों को दिल्ली की सीमा पर ही रोक दिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वायु गुणवत्ता आयोग ने बताया कि दिल्ली के सभी 126 प्रवेश स्थानों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्नीशन (एएनपीआर) कैमरे लगेंगे।

वाहन रोकने के संबंध में 15 दिनों के अंदर निर्देश जारी किए जाएंगे। अभी राजधानी में बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों के पुराने वाहन प्रवेश कर जाते हैं। प्रदूषण की समस्या से जूझ रही राजधानी में अब इस तरह के वाहनों को रोका जाएगा। दिल्ली में प्रवेश करते ही कैमरे पकड़ लेंगे कि वाहन कितना पुराना है। अपनी समय अवधि पूरी कर चुके वाहनों को तत्काल लाउडस्पीकर पर बताया जाएगा कि वे दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकते हैं। इन्हें लौटाया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, सभी स्थानों पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की टीम लगाई जाएगी। यह टीम वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से रोक देगी। इन सभी स्थानों पर अभी दिल्ली सरकार टोल वसूल करती है। इस संबंध में भी आयोग की तरफ से अगले पंद्रह दिनों में निर्देश जारी होने की संभावना है।

**ईंधनबंदी के साथ ही पेट्रोल पंप से होगी जब्ती :** शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के साथ-साथ दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने ईंधनबंदी को लागू करने की रणनीति का खुलासा किया। कहा गया कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन देने से मना करने के साथ ही इन्हें जब्त करने और स्क्रैप में भेजने की कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में समयावधि (एंड ऑफ लाइफ) पूरे कर चुके वाहनों पर अब निर्णायक तौर पर शिकंजा कसने की तैयारी है। आयोग के सदस्य वीरेन्द्र शर्मा ने कहा कि पुराने वाहनों को दिल्ली से बाहर करने के लिए एक जुलाई से इन्हें ईंधन देने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## बस दो-तीन दिन और.. फिर उमस से मिलेगा छुटकारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के कई राज्यों में जहां मॉनसून कहर बरपा रहा है वहीं राजधानी दिल्ली में उमस और गर्मी ने हाहाकार मचा रखा है। हर कोई आसमान की ओर टकटकी लगाए राहत भरी बारिश का इंतजार कर रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आखिरकार राहत भरी खबर दी है। बस दो-तीन दिन और, फिर दिल्ली में मॉनसून की फुहारें झमाझम बरसेंगी।

शुक्रवार को आईएमडी ने बताया कि मॉनसून अब दिल्ली की दहलीज पर दस्तक देने को तैयार है। देश का लगभग हर कोना मॉनसून की बारिश से सराबोर हो चुका है, सिवाय उत्तर-पश्चिम के एक छोटे से हिस्से के, जिसमें दिल्ली भी शामिल है। लेकिन अब इंतजार की घड़ियां खत्म होने को हैं। जानिए कब से दिल्ली में बारिश शुरू होगी।

**मॉनसून का दिल्ली से आखिरी आंखमिचौली:** आइएमडी के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून दिल्ली समेत देश के बाकी हिस्सों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा। दिल्ली के आसपास का इलाका इस बार मॉनसून की रेस में थोड़ा पीछे रह गया है। आमतौर पर 27 जून तक मॉनसून दिल्ली में दस्तक दे देता है, लेकिन इस बार ऊपरी वायुमंडलीय परिसंचरण (एंटी-साइक्लोनिक हवाएं) ने बारिश को रोके रखा है। ये हवाएं उच्च दबाव बनाकर मॉनसून की नमी को दिल्ली तक पहुंचने से रोक रही हैं। लेकिन अच्छी खबर ये है कि मॉनसून की ट्रफ लाइन अब दिल्ली के ठीक दक्षिण में है और इसके कुछ किलोमीटर उत्तर की ओर खिसकते ही बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

**1961 के बाद सबसे छोटा सूखा कोना:** इस साल मॉनसून ने पूरे भारत को लगभग कवर कर लिया है, सिवाय उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से, दिल्ली और राजस्थान के सुदूर पश्चिमी इलाकों के एक छोटे से टुकड़े के। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 1961 के बाद से यह पहली बार है जब मॉनसून ने इतने छोटे क्षेत्र को छोड़ा है। यानी, दिल्ली इस बार एक अनोखे मौसमी रिकॉर्ड का हिस्सा बन रही है!

### दिल्ली क्यों रह गई सूखी?

जबकि पूरे भारत में जून में 9 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है, दिल्ली अभी भी सूखी और उमस भरी गर्मी से जूझ रही है। मध्य भारत में 22 प्रतिशत और उत्तर-पश्चिम भारत में 39 प्रतिशत अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई है। लेकिन दिल्ली के आसपास नमी तो है, मगर बादल और बारिश अभी तक नदारद हैं। आइएमडी के वैज्ञानिकों का कहना है कि मॉनसून की ट्रफ के उत्तर की ओर बढ़ने पर दिल्ली में बारिश का माहौल बनेगा।

पड़ोसी राज्यों में जमकर हो रही बारिष

दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में मॉनसून ने पहले ही धमाल मचा दिया है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 27 जून से 3 जुलाई तक भारी बारिश की भविष्यवाणी है। हिमाचल और पंजाब में 29 जून को, हरियाणा में 29-30 जून को, और उत्तराखंड में 1 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। केरल, कर्नाटक और असम में तो पहले से ही मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। लेकिन दिल्ली अभी भी बादलों की मेहरबानी का इंतज़ार कर रही है।

### कब आएगी राहत की बौछार?

आइएमडी की लंबी अवधि की भविष्यवाणी के अनुसार, 3 से 10 जुलाई के बीच मॉनसून की ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति में आ जाएगी। इससे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी हिमालय में सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। तो दिल्लीवासियों, बस थोड़ा और सब्र। जल्द ही मॉनसून की ठंडी फुहारें आपको गर्मी और उमस से राहत दिलाएंगी।

# सूडान की सेना संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव से सहमत, अल फशेर में एक सप्ताह के लिए होगा युद्ध विराम



**काहिरा, एजेंसी।** सूडान में दो साल से जारी गृहयुद्ध के बीच सेना ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। सूडान की सेना अल फशेर क्षेत्र में सहायता वितरण के लिए एक सप्ताह का युद्ध विराम करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सूडानी सैन्य नेता जनरल अब्देल-फतह बुरहान से इस बारे में फोन पर बात की। गुटेरेस ने सैन्य नेता से उत्तरी दारफुर प्रांत की राजधानी अल फशेर में मानवीय संघर्ष विराम लागू करने के लिए कहा। सैन्य नेता बुरहान ने प्रस्ताव पर सहमत जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों को लागू करने के महत्व पर बल दिया। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि दूसरा पक्ष अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (RSF) इस प्रस्ताव पर सहमत होगा या नहीं। गुटेरेस ने कहा कि हम दोनों पक्षों से संपर्क कर रहे हैं। अल फशर में हमारे सामने एक नाटकीय स्थिति है। प्रभावी सहायता वितरण के लिए मानवीय संघर्ष विराम की आवश्यकता है। साथ ही अल फशेर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वितरण की तैयारी के लिए कई दिन पहले इस पर सहमति होनी चाहिए।

### सूडान में गृहयुद्ध, जनता में भुखमरी

गौरतलब है कि सूडान में अप्रैल 2023 में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जब सेना और आरएसएफ सत्ता के लिए आपस में भिड़ गए। यह लड़ाई धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई। अब तक करीब 20,000 लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है।

## ट्रंप को सीनेट से मिली खुली छूट, ईरान पर फिर गिर सकते हैं बम!

**वाशिंगटन एजेंसी।** ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया। सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे कभी सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर उन्हें जरूरी लगा है तो क्या वह फिर से ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट के। प्रस्ताव के पारित होने को दूर की कौड़ी माना जा रहा था। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े हैं। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकतर सांसदों का कहना है कि ईरान एक आसन्न खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।



## गाजा में राहत सामग्री वितरण में हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र का आरोप, कहा- सामूहिक हत्याओं को बढ़ा रहा इस्राइल



**न्यूयार्क, एजेंसी।** गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र ने इस्राइल पर बड़ा आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि इस्राइल सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा है। इस्राइल को गाजा में संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करनी चाहिए। आरोप है कि पिछले एक महीने में जब से गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने खाने के पैकेट बांटना शुरू किया है, तब से अब तक 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालांकि इस्राइल की सेना और जीएचएफ ने आरोपों से इनकार किया है।

इस्राइल के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि इस्राइली सैनिकों को गाजा में राहत सामग्री पाने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर गोली चलाने का आदेश मिला है। रिपोर्ट में कहा गयश कि जब लोग राहत केंद्रों की ओर जा रहे होते हैं तो उन पर फायरिंग की जाती है। इस मामले में फलस्तीन के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनडब्ल्यूआरए) के प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने कहा कि नई सहायता वितरण प्रणाली एक हत्या का मैदान बन गई है, यहां लोगों को भोजन प्राप्त करने का प्रयास करते समय गोली मार दी जाती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस घृणित कार्य को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्य स्थानों से मानवीय सहायता प्रदान कर समाप्त किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लोग केवल अपना और अपने परिवार का पेट भरने की कोशिश में मारे जा रहे हैं। भोजन की खोज कभी भी मौत की सजा नहीं होनी चाहिए।

# चीन में चमगादड़ों में मिले 20 नए वायरस

**बीजिंग, एजेंसी।** कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बाद वायरस की उत्पत्ति और उनके पशु स्रोतों की निगरानी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। अब चीन के दक्षिण-पश्चिमी युन्नान प्रांत से आई एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने वैज्ञानिकों की चिंता और बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों ने फलों के बागों में पाए जाने वाले चमगादड़ों में 20 नए वायरस खोजे हैं, जिनमें से दो जानलेवा निपाह और हेंड्रा वायरस से मिलते-जुलते हैं। यह खोज एक नई महामारी की चेतावनी भी देती है। युन्नान इंस्टीट्यूट ऑफ एंडेमिक डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन और डाली यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक टीम ने 10 प्रजातियों के 142 चमगादड़ों का आनुवंशिक विश्लेषण किया। विश्लेषण में 20 नए वायरस, एक अज्ञात जीवाणु और एक नया प्रोटोजोआ परजीवी भी मिला। दोनों वायरस की संरचना निपाह और हेंड्रा वायरस के आधे से अधिक जीन से मेल खाती है। ये दोनों वायरस पहले भी मानव संक्रमण में बेहद घातक साबित हुए हैं। खास चिंता की बात यह है कि वायरस खास तौर पर चमगादड़ों की किडनी में पाया गया है, जो मूत्र उत्पादन से जुड़ा अंग है।



**जानवरों और मनुष्यों में संक्रमण का खतराः** ये चमगादड़ ग्रामीण उद्यानों में पकड़े गए, जो आबादी वाले गांवों के पास स्थित हैं। इसका मतलब है कि अगर इन वायरस में प्रजातियों के बीच संचार करने की क्षमता है, तो मनुष्य और पालतू जानवर सीधे जोखिम में पड़ सकते हैं। पीएलओएस पैथोजेन्स पत्रिका में प्रकाशित शोध में चेतावनी दी गई है कि वायरस के फैलने की संभावना को देखते हुए सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

**दो नए वायरसः युन्नान बैट हेनिपावायरस 1 और 2...:** अध्ययन में विशेष रूप से दो नए वायरस, युन्नान बैट हेनिपावायरस 1 और 2 की पहचान की गई है, जो हेंड्रा और निपाह जैसे हेनिपावायरस के करीबी विकासवादी चचेरे भाई हैं। उनके जीनोम का पूरी तरह से विश्लेषण किया गया है, जो चीन में अपनी तरह की पहली खोज है। हालांकि यह अभी तक निश्चित नहीं है कि ये वायरस मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं या नहीं, लेकिन उनकी संरचनात्मक समानताएं उन्हें प्राथमिक निगरानी सूची में डालती हैं।

**कोविड-19 की छाया में, यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है...:** यह शोध ऐसे समय में आया है जब दुनिया अभी भी कोविड-19 के दंश से उबरने की कोशिश कर रही है। एक ऐसा वायरस जिसकी उत्पत्ति भी चमगादड़ों से बताई गई। वुहान लैब लीक थ्योरी पर विवाद के बाद अब ऐसी हर खोज को खास गंभीरता से देखा जा रहा है। इस हालिया शोध ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि की है कि वायरस की उत्पत्ति, प्रसार और जूनोटिक ट्रांसफर की वैज्ञानिक निगरानी बेहद जरूरी है।

# समरस समाज के निर्माण में हमारी भूमिका-डॉ. शर्मा

## ● संस्कृति की रक्षा के लिए प्रताप शिवाजी ने भी जिवन लगाया- मिश्रा






**डूंगरपुर(पुकार)।** विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती, में नगर के विद्यालयों की हित चिंतन बैठक विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉ.प्रकाश शर्मा, अनिल मिश्रा, विद्या भारती जिला मंत्री कृष्णकांत उपाध्याय, प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवीलाल जैन के आतिथ्य में संपन्न हुई।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना के पश्चात अतिथि परिचय गोकुलपुरा प्रधानाचार्य पद्मा पंड्या ने करवाया। अतिथि स्वागत प्रबंध समिति सचिव भुपेश औदिच्य, गोकुलपुरा प्रबंध समिति सचिव कांतिलाल तोरनिया ने करवाया। कार्यक्रम के अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक बिलासपुर में हुई बैठकों के बिंदु की रूपरेखा विद्या भारती जिला मंत्री कृष्णकांत उपाध्याय ने प्रस्तुत की। हमारे लक्ष्य का दोहरान प्राथमिक गोकुलपुरा प्रधानाचार्य नाहरसिंह चौहान ने करवाया। प्रबंध समिति के सदस्य जयंतीलाल रोत ने विद्यालय गुणवत्ता विकास के बिंदु पर चर्चा की। शिशु वाटिका की क्रियान्विति शिशु वाटिका प्रभारी ज्योति पांचाल ने प्रस्तुत की। विद्यालय छात्रों के लिए करणीय कार्य मनीष भट्ट ने प्रस्तुत किया। आचार्य दीदी के लिए करणीय कार्य भार्गवी द्विवेदी ने प्रस्तुत की। पूर्व छात्र के करणीय कार्य पूर्व छात्र युक्ति शर्मा ने प्रस्तुत किए। प्रबंध समिति के करणीय कार्य के बिंदु पर चर्चा पूर्व छात्र हिमांशुराज सिंह ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्या निकेतन प्रबंध समिति पीठ के सचिव अनिल मिश्रा ने कहां कि हमारी संस्कृति से ओत-प्रोत बालक विद्या भारती से निकलते हैं। राणा प्रताप, राणा सांगा शिवाजी का जीवन भी संस्कृति की रक्षा के लिए दाव पर लगा दिया। विद्यालय के भैया-बहनों के माध्यम से समाज जागृत कर राष्ट्र को विश्व गुरु के स्थान पर आसीन करने में हमारी भूमिका होनी चाहिए।

इस अवसर पर विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रकाश शर्मा ने चिंतन बिंदुओं की व्याख्या करते हुए कहां कि हमें विद्या भारती के लक्ष्य को आधार मानते हुए आगे की रणनीति बनानी है। 2030 तक कार्य करने की योजना बनाकर हमें क्रियान्वित करनी चाहिए। विद्या भारती के कार्य को आगे बढ़ाने में समाज की सहभागिता आवश्यक है। अतः हमें समरस समाज के लिए हमें आदर्श के साथ आगे आना होगा। विद्यालय के आचार्य दीदी प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति के तालमेल के साथ कार्य करने की गति एवं सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में विद्या भारती जिला प्रचार प्रसार प्रमुख गजेश जोशीए जिला संस्कार केंद्र प्रमुख गिरीश पाटीदार प्रधानाचार्य विकास व्यास गोकुलपुरा प्रधानाचार्य पद्मा पांडे प्राथमिक गोकुलपुरा प्रधानाचार्य नाहर सिंह चौहान, बालिका इंजीनियरिंग की गली प्रधानाचार्य भार्गवी द्विवेदी, जिला बालिका शिक्षा प्रभारी दिव्या जैन,नगर के सभी विद्यालयों के आचार्य-दीदी एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिव्या जैन व आभार गोकुलपुरा समिति सचिव कांतिलाल तोरनिया ने किया।

# जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पन 1 जुलाई से 15 अगस्त तक आयोजित

**डूंगरपुर(पुकार)।** देश में 05 वर्ष से छोटे बच्चों की मृत्यु का 4.8 प्रतिशत दस्त संबंधी रोगों के कारण होती है, यह एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। दस्त से होनी वाली बाल मृत्यु को शुन्य करने हेतु राज्य एवं जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पन 2025 का आयोजित किया जा रहा है। जिसका स्लोगन ड़ायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखे अपना ध्यान दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डूंगरपुर डॉ.अलंकार गुप्ता ने बताया कि स्टॉप डायरिया कैम्पन 2025 का आयोजन 01 जुलाई से 15 अगस्त 2025 तक जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानो एवं स्कूलों,आंगनवाडी केन्द्र स्तर तक आयोजित किया जावेगा। साथ ही खण्ड स्तर पर सैक्टर स्तरीय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी,सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओ का आमुखीकरण संबंधित स्तर पर करवाने निर्देशित किया गया है। साथ ही आईईसी गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने एवं अभियान के लिए ओआरएस एवं जिंक की उपलब्धता पर विशेष ध्यान रखने निर्देशित कर दिया गया है।

अति.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प.क.डूंगरपुर डॉ. विपिन कुमार मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता द्वारा 5 वर्ष से छोटे बच्चों के घर जाकर एक विजिट जुलाई माह में करते हुए प्रति बच्चा ओआरएस दो पैकेट और जिंक गोलियां 14 दिन घर पर उपलब्ध करवाई जावेगी, साथ ही दस्त होने की स्थिति में ओआरएस तथा जिक का उपयोग प्रारंभ करने की सलाह दी जावेगी पूर्ण प्रबंधन के लिए आवश्यक उपचार एएनएम सीएचओ चिकित्सा अधिकारी के स्तर से करने निर्देशित किया गया है, जिसमे आवश्यक दवाओं के साथ ओआरएस व 14 दिन तक जिंक की गोली का सेवन किया जाना सबसे महत्वपूर्ण घटक है।

साथ जिले के प्रत्येक चिकित्सा संस्थान यथा मेड़िकल कॉलेज अस्पताल, जिला उप जिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथनिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर तथा आंगनबाडी केन्द्रों में डायरिया प्रबंधन ओआरएस व जिंक के उपयोग हेतु एक कॉर्नर स्थापित करने आदेशित कर दिया गया है। साथ ही जिले से आईईसी प्रिन्ट कर जिले को समस्त चिकित्सा संस्थानो पर प्रर्दशित करने भिजवाया जायेंगा।

# प्रतिभाओं को मिला योग्यता का पुरुस्कार तो खिल उठे चेहरें

## ● योजनाओं के तहत आखिरकार छात्राओं को मिली स्कुटीयां

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिलें में अध्ययनरत राजकीय महाविद्यालय की एक हजार छात्राओं का वर्ष 2022-23 की स्कूटियों मिलने का इंतजार आखिरकार शनिवार को खत्म हो गया। तीन साल बाद स्कूटियां मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। परिजन भी बेटियों के साथ स्कूटी लेने पहुंचे। शहर के निकट बिलड़ी स्थित स्कूटी वितरक गोदाम से वितरण शुरू हुआ। वीकेबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीएल कटारा और नोडल प्रभारी डॉ. जितेंद्र राव की मौजूदगी में स्कूटियां सौंपी गईं। इससे पहले नोडल कॉलेज की ओर से छात्राओं को फोन और एसएमएस के जरिए स्कूटी मिलने की सूचना दी गई। जरूरी दस्तावेजों के साथ कॉलेज पहुंचने को कहा गया। शुक्रवार को दस्तावेज सत्यापन और अन्य प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद छात्राओं को शनिवार को स्कूटी लेने बुलाया गया। कॉलेज में ई-रूपी वाउचर के जरिए छात्राओं के खाते में राशि ट्रांसफर की गई। दस्तावेज जांच के बाद टोकन दिया गया। फिर छात्राएं और उनके परिजन बिलड़ी गोदाम पहुंचे, जहां से स्कूटियां वितरित की गईं।

टीएसपी क्षेत्र की 10वीं और 12वीं में अच्छे अंक लाने वाली छात्राओं को देव नारायण और वीर बाला काली योजना के तहत स्कूटियां दी जाती हैं। वर्ष 2023 में तत्कालीन सरकार ने डूंगरपुर जिले में 1168 स्कूटियां बांटने के आदेश दिए थे। इनमें से 168 स्कूटियां पूर्व में वितरित की गई थीं। इसके बाद सिधे ही वर्ष 2023-24 की स्कूटियों का वितरण शुरू हो गया जिससे वर्ष 2022-23 की स्कूटियां अटक गईं थी जो कि दो वर्ष के लंबे इंतजार के बाद शनिवार को खुशी सें भरे चेहरों के साथ नजर आई। आपको बता दें कि स्कूटियां नहीं मिलने पर एक हजार छात्राएं पूर्व में स्कुटी वितरण नही होने की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पर भी धरने पर बैठ गईं थी।

# पुलिस चौकी में पौधारोपण



**डूंगरपुर(पुकार)।** जिले के गैंजी गांव स्थित पुलिस चौकी गैंजी में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर रोपण का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवा अनिल कुमार जैन थे। जबकि चौकी प्रभारी छतरसिंह, ईश्वरलाल, लोकेश, बीट कांस्टेबल विरमल कुमार मौजूद रहे।

# बीएपी के आसपुर विधायक उमेश पहुंचे जिला अस्पताल

● प्लेसमेंट एजेंसी के निष्कासित कार्मिकों के समर्थन में पहुंचे धरना स्थल
● एजेंसी निदेशक से की दूरभाष पर वार्ता, ली जानकारी
● कार्मिको का दसवें दिन भी धरना स्थल पर प्रदर्शन



**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला अस्पताल में लीड प्राइवेट प्लेसमेंट एजेंसी की ओर से बगैर सूचना के 83 नर्सिग कार्मिक को हटाने के विरोध में शनिवार को भारत आदिवासी पार्टी से आसपुर विधायक उमेश डामोर धरना स्थल पहुंचे जहां निष्कासित हुयें प्लेसमेंट कार्मिकों ने विधायक डामोर को ज्ञापन दिया। कार्मिकों ने बारिश के बीच भी राज्य सरकार एवं कॉलेंज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दसवे दिन भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। वही धरना स्थल पर 10 दिन से लगातार बारिश मे डटे रहने से कुछ कार्मिकों का अब स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। हरिदेव जोशी सामान्य चिकित्सालय में चल रहे लीड प्राइवेट प्लेसमेंट एजेंसी के 83 नर्सिग कार्मिको के बारिश के बीच 10 वे दिन धरना स्थल पर आसपुर विधायक उमेश डामोर पहुंचे। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए कार्मिकों ने बताया कि सभी 83 कार्मिक 2022 से प्लेसमेंट एजेंसी के तहत जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। जिन्हें ढाई साल पूरे होने के बाद उन्हें निकाल दिया। जिससे कार्मिकों को बोनस अंक का नुकसान हुआ। कार्मिकों ने बताया कि प्लेंसमेंट एजेंसी का ठेका दो साल के लियें बढा भी दिया गया। ऐसे में एजेंसी ने बगैर रजिस्टर्ड एवं बिना अनुभव वाले कर्मिको को वर्तमान में नियुक्ति दे दी है। पुराने कार्मिको के साथ आर्थिक रूप के साथ ही भविष्य को लेकर कुठाराघात किया गया है।

कार्मिकों की बात सुनकर विधायक ने फोन पर प्लेसमेंट एजेंसी के निदेशक से दुरभाष पर बात की जिस पर उन्होंने पूरे मामले को लेकर अनभिज्ञता जताई है। वही कार्मिकों को कलेक्ट्रेट के बाहर धरने की अनुमति नहीं मिलने को लेकर भी उन्होंने ने जिला कलक्टर से फोन पर बात कर विषय में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल से भी मामले को लेकर फीडबैक लिया। जिसके बाद विधायक ने कहा कि कार्मिकों से साथ पूर्णतया भेदभाव हुआ है। कार्मिकों की बहाली को लेकर अपना समर्थन देते हुए हर मामले में कार्मिकों के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कार्मिकों को प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा निकालने के विषय को विधानसभा में भी उठाने की बात कही साथ ही स्थानीय प्रशासन और राजनीति के चलते कार्मिकों को परेशान करने के आरोप लगाए।

# राष्ट्रीय राजस्थानी परिसंवाद सम्पन्न

## ● मन की निर्मलता ही भक्ति है-प्रो.चारण



**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थानी भक्ति परम्परा अपने आप में अद्भुत है । यह मन एवं चित्त में भेंद करती है। मन का संबंध संकल्प से और चित्त का संबंध चेतना से जुड़ा हुआ है। मनुष्य जब अहंकार शुन्य हो जाता है तब उसका मन निर्मल हो जाता है और मन की निर्मलता ही भक्ति है।

यह विचार ख्यातनाम कवि आलोचक प्रो.डॉ. अर्जुनदेव चारण ने साहित्य अकादेमी एवं राजस्थान बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजस्थानी भक्ति परम्परा एवं वांगड अंचल विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद में शनिवार को स्थानीय सॉई पैलेस होटल के सभागार में व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय एवं राजस्थानी भक्ति परम्परा की विशद विवेचना करते हुए महर्षि नारद को सबसे बड़ा भक्त बताकर उनकी भक्ति-साधना को उजागर किया। राष्ट्रीय राजस्थानी परिसंवाद के संयोजक हर्षवर्द्धन सिंह राव ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपेंद्र अणु ने कहां कि राजस्थान में वागड़ अंचल की भक्ति परम्परा बहुत प्राचीन एवं गौरवशाली रही है जिसमें मावजी महाराज,गोविन्द गुरु एवं गवरी बाई का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विशिष्ट अतिथि राजस्थान बाल कल्याण समिति के निदेशक मनोज गौड़ ने कहा कि हमें हमारी मातृभाषा राजस्थानी एवं इस भाषा में रचे गये साहित्य को उजागर करना हमारा कर्तव्य है। क्योंकि हमारी मातृभाषा एवं साहित्य हमारी अस्मिता से जुड़ा हुआ है। उद्घाटन समारोह के आरम्भ में साहित्य अकादेमी के उप सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार देवेश ने स्वागत उद्बोधन के साथ ही साहित्य अकादेमी द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्र एवं अचल विशेष में किए जाने वाले साहित्यिक कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन सत्र का संचालन दिनेश प्रजापति ने किया।

**पाटीदार का अभिनंदन:**-वागड़ के प्रतिष्ठित लेखक भोगीलाल पाटीदार को हॉल में साहित्य अकादेमी का बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा होने पर साहित्य अकादेमी में राजस्थानी संयोजक डॉ.अर्जुनदेव चारण के सानिध्य में भव्य अभिनन्दन किया। साहित्यिक सत्र मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सालवी की अध्यक्षता में आयोजित दो साहित्यिक सत्रों में राजेंद्र पांचल ने कृष्ण भक्ति परम्परा एवं वागड़ अंचल, सतीश आचार्य ने राम भक्ति परम्परा एवं वागड़ अंचल, घनश्याम सिंह भाटी ने राजस्थानी भक्ति परम्परा एवं कल्लाजी महाराज एवं डॉ. रेखा खराडी ने राजस्थानी आदिवासी भक्ति साहित्य विषय पर अपना आलोचनात्मक आलेख प्रस्तुत किया। सत्र संचालन सूर्यकरण सोनी ने किया। समापन समारोह प्रतिष्ठित कवि कथाकार दिनेश पांचाल ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि वागड़ की भक्ति परम्परा प्रेम एवं समर्पण की है जिसमें भक्त ध्येय स्व के बजाय लोक कल्याण है। मुख्य अतिथि वागड़ अंचल के वयोवृद्ध रचनाकार ज्योतिपुंज ने कहा कि वागड़ की भक्ति परम्परा भारतीय सनातन भक्ति परम्परा से जुड़ी हुई जो मानवता का पर्याय है। यह प्रत्येक मानव के मन में प्रकृति संरक्षण, जीवदया एवं लोक कल्याण का भाव जाग्रत करती है। समारोह संयोजक हर्षवर्द्धन सिंह राव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# अपने चेहतों पर बिती तो निकाल दिया जुलूस, आम जन पर बिते तो कोई नहीं

## ● पथराव और लूट के 5 आरोपी गिरफ्तार,4 नाबालिग डिटेन चिखली तहसीलदार पर किया था हमला



**डूंगरपुर(पुकार)।** चितरी थाना पुलिस ने तहसीलदार सुंदरलाल मीणा की कार पर पथराव करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 4 नाबालिगों को डिटेन किया गया है। घटना 25 जून की रात की है। तहसीलदार सुंदरलाल मीणा अपने परिवार के साथ सागवाड़ा से लौट रहे थे। राजवेड़ा घाटी के पास तीन बाइक पर सवार 9 युवकों ने उनकी कार का पीछा किया। नादियां में आरोपियों ने कार को ओवरटेक कर रोक लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार सुंदरलाल मीणा की कार पर पथराव करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 4 नाबालिगों को डिटेन किया गया है। तहसीलदार सुंदरलाल मीणा की कार पर पथराव करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 4 नाबालिगों को डिटेन किया गया है। आरोपियों ने तहसीलदार के साथ गाली-गलौच की और हाथापाई की। उनकी शर्ट की जेब से रुपए और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। तहसीलदार किसी तरह वहां से निकले, लेकिन आरोपियों ने कार पर पत्थर फेंके जिससे कार के कांच टूट गए। पुलिस ने जांच के बाद राजवेड़ा निवासी राहुल पारगी, रामसौर निवासी अजेश ताबियाड़,मोदरा छोटा निवासी प्रकाशचंद्र कटारा, राकेश डामोर, और मोरड़ी निवासी विपिन डामोर को गिरफ्तार किया। घटना में इस्तेमाल की गई तीनों बाइक भी जब्त की गई हैं। पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। चार नाबालिगों को बाल सम्प्रेषण गृह डूंगरपुर भेजा गया है। जांच में पाया गया कि सभी आरोपियों का इरादा लूटपाट का था।

**बदमाशों का निकाला जुलूसः**- चिखली तहसीलदार की गाड़ी पर पथराव करवाने वाले आरोपियों का पुलिस की ओर से जुलूस भी निकला गया। पुलिस ने बापर्दा चितरी कस्बे और आस पास के क्षेत्र में जुलूस निकाला। पहली बार आरोपियों को सड़कों पर लेकर जुलूस के बाद लोगों में भी चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने पुलिस के इस पहल की तारीफ की। वहीं बदमाश इस दौरान हाथ जोड़कर कभी पथराव नहीं मारेंगे के लिए मिन्नतें करते रहे। वही दुसरी ओर जनता के मन में यह प्रश्न भी उकेरे हुयें रहा कि प्रशासनिक महकमें के लोगो पर पथराव की वारदात का पुलिस ने चंद दिनों में ही खुलासा कर जुलुस निकाला लेंकिन आमजन ओर आपराधिक घटनाओं पर अधिकांश आरोपी पुलिस गिरफ्त से दुर रहतें हैं ओर वारदातो का खुलासा करनें में महिनों का समय बित जाता हैं मानों यह तो ऐंसा हुआ कि जब अपनें चहेतों पर बीती तो जुलुस निकाल दिया ओर आमजन पर बीतें तो कोई सरोकार नही.....!

# उपशाखा बिछीवाड़ा की बैठक में मूल्यांकन,मानदेय,वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों पर दिया जोर

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत)उपशाखा बिछीवाड़ा की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक ब्लॉक अध्यक्ष सोहनलाल भगोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत कुमार खराड़ी और जिला उपाध्यक्ष देवीलाल गोड़ सहित कई प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया ।

बैठक में हाल ही में हुए वाहन जत्था और पैदल मार्च आंदोलन में शिक्षकों की उल्लेखनीय भागीदारी की सराहना की गईए साथ ही भविष्य के आंदोलनों के लिए रणनीति भी तय की गई।प्रमुख मांगे और आगामी आंदोलन की रणनीति मुख्य वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को आदिवासी विरोधी करार दिया और कहा की शिक्षा क्षेत्र को पूरी तरह निजीकरण केंद्रीयकरण किया जा रहा है और समाज में पोंगापंथी और अंधविश्वास तथा सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने वाले पाठ जोड़े जा जा रहे है जो बहुत चिंताजनक है। संघ ने सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण मांगों और आगामी विरोध प्रदर्शनों में भागीदारी का निर्णय लिया। इस संबंध में लंबित प्रकरणों का तुरंत समाधान कर आदेश जारी किए जाने की मांग की गई। संघ ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्रता से आदेश जारी नहीं किए गए, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**डूंगरपुर(पुकार)।** फिल्मकार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, प्रसिद्ध फिल्म संरक्षक एवं फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के संस्थापक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर को कल इटली के बोलोनिया में भारत एवं भारतीय उपमहाद्वीप में फिल्म सरंक्षण एवं पुनरुद्धान क्षेत्र में अद्वितीय कार्य एवं योगदान के लिए बोलोनिया के प्रसिद्ध इल सिनेमा रिट्रोवाटा फेस्टिवल में सिने टेका ऑफ बोलोनिया के निदेशक जीयांलुका फर्नेली द्वारा एक भव्य कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



गौरतलब है कि यह पुरस्कार संस्था के संस्थापक विटोरिया बरौनी की याद में फिल्म सरंक्षण एवं प्रमोशन के श्रेत्र में योगदान के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार को प्राप्त करने के बाद शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने कहां कि इसे पाकर में अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं एवं मेरी संस्था को अंतर राष्ट्रीय स्तर पे एक नई पहचान मिली है। इसीक्रम में शिवेंद्रसिंह डूंगरपुर की संस्था फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा भारतीय सिनेमा जगत की सर्व कालीन महान फिल्म का पुनरुद्धान किया गया जिसे इटली के एक थिएटर में प्रदर्शित किया गया।

### एमआई का अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण ओपीड़ी शिविर संपन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** महावीर इंटरनेशनल का प्रतिमाह की भांति इस माह का निःशुल्क एक दिवसीय ओपीड़ी शिविर शनिवार को संस्था के रोग निदान केंद्र पर संपन्न हुआ, जिसमें जीबीएच जनरल एंड कैंसर हॉस्पीटल उदयपुर के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.सौरभ अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। संस्था अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग ओपीड़ी में कुल 14 रोगी लाभान्वित हुए जिनमें से चार रोगियों की घुटना प्रत्यारोपण के उपरांत फॉलोअप जांच की गई जबकि तीन नए रोगियों की जांच कर उन्हें घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। अन्य रोगियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष संजय गांधी,सह सचिव अविचल कोटड़िया,पूर्व सचिव हर्षवर्धन जैन, केसु भाई नागदा आदि ने शिविर में भाग लिया।

### पीठ जैन समाज में अध्यक्ष विमलचन्द्र कोठारी को चुना गया

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** पीठ कस्बे के दिगंबर जैन सकल दशा हुम्मड समाज पंचों की बैठक निवर्तमान अध्यक्ष राजमल कोठारी के आतिथ्य में महावीर पब्लिक स्कूल भवन के में हुई। प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन किया गया। बैठक में मौजूद पंचों ने सर्व सहमति से समाज के वरिष्ठ विमलचंद्र कोठारी को अध्यक्ष चुना गया। पंकज कुमार शाह को कोषाध्यक्ष, सतीश कुमार कोठारी को उपाध्यक्ष, राजेंद्र शाह को सचिव,दिलीप जैन को महामंत्री चुना गया।सभी का फूल माला एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया।पूर्व अध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। पिछले 25 वर्ष से समाज के लिए सराहनीय कार्य करने पर पूर्व अध्यक्ष राजमल कोठारी का समाज ने बहुमान किया गया। नवीन पदाधिकारियों ने समाज को सर्वोपरि की भावना से एकजुटता से कार्य करने विचार सुझाएं।

### वृद्ध जन सम्मान ओर समाज नियमावली पुस्तक विमोचन समारोह आज

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** मोड मेवाड़ा कलाल समाज चौखला चौरासी की ओर से प्रतिभावान,वृद्धजन सम्मान ओर समाज नियमावली पुस्तक का विमोचन समारोह रविवार को आयोजित होगा। समाज सचिव गुणवंत कलाल ने बताया कि समारोह में वर्ष 2023,24,25 के 90 प्रतिभावान छात्र छात्राओं ओर 40 वृद्ध जनों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में समाज नियमावली पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। साथ ही भामाशाहों का भी सम्मान किया जाएगा। यह समारोह सीमलवाड़ा कस्बे में स्थित सुंदरम रिसोर्ट में रविवार सुबह 10 बजे शुरू होगा। समारोह में डूंगरपुर बांसवाड़ा कलाल समाज का प्रतिनिधि मंडल भी शामिल होगा। शनिवार को चौखला अध्यक्ष हीरालाल कलाल, सचिव गुणवंत कलाल,कोषाध्यक्ष डाया लाल, युवाध्यक्ष योगेश कलाल,कांतिलाल,देवीलाल,धर्मेंद्र कलाल,गजेंद्र कुमार,हेमंत कलाल सहित ने समारोह की तैयारियों को अंतिम स्वरूप देने में जुटे रहे।

### ब्लॉक स्तर के अध्यक्षों व कार्यकारिणी के चुनाव आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** डॉ.अम्बेड़कर अनुसूचित जाति कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन अजाक डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष मोहन लाल यादव ने बताया कि डूंगरपुर जिले के सभी ब्लॉक स्तर के चुनावों में मुख्य रूप से डूंगरपुर मुख्यालय, पंचायत समिति डूंगरपुर, देवल, दामड़ी एवं झौंथरी ओर दोवड़ा ब्लॉकों के अध्यक्षों और उनकी कार्यकारणी के चुनाव 29 जून रविवार को 11 बजे मेघवाल छात्रावास पत्रकार कॉलोनी डूंगरपुर में होगी।

बैठक में जिला पदाधिकारी एवं विशिष्ट सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया गया है महासचिव लालशंकर ने बताया कि चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जायेंगी। साथ ही एक से अधिक सदस्य पदाधिकारी के लिए आवेदन करते है, तो चुनाव करवाये जाएंगे उसके बजाय एक ही प्रत्याशी ने आवेदन किया है तो निर्विरोध प्रत्याशी को घोषित किया जाएगा दिनेश यादव ने कहां कि प्रदेशाध्यक्ष श्रीराम चोरडिया सेवानिवृत्त आईएएस से प्राप्त चुनाव संम्बन्धित सभी दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी,युवती की मौत,युवक गंभीर घायल

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** चौरासी थाना क्षेत्र के करावाड़ा भाणा सिमल मोड़ के पास शनिवार अलसवेरे एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई,हादसे में कार में सवार युवती की मौत हो गई वहीं कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घुवेड निवासी कृष्णा पुत्र जगदीश ननोमा अपनी कार से शनिवार सुबह 3 बजे डूंगरपुर से घर लौट रहा था। उसके साथ उसकी महिला मित्र मनीषा भी मौजूद थी। करावाड़ा भाणा सिमल मोड़ के पास कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर चौरासी पुलिस ने दोनों को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने मनीषा पुत्री लक्ष्मण डामोर निवासी गडा वाटेश्वर फला नवाघरा को मृत घोषित किया वहीं कृष्णा को गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किया। शनिवार शाम तक युवती का शव जिला अस्पताल मोर्चरी में रखा हुआ था,मृतका के परिजनों ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। गंभीर रूप से घायल कृष्णा का उदयपुर में इलाज जारी है। कृष्णा पास में ही एक सरकारी स्कूल में शारीरिक शिक्षक है। वहीं मृतका मनीषा कॉलेज में अध्यनरत थी।

### राष्ट्रीय कर्मचारी किसान मजदूर हड़ताल 9 जुलाई को, माकपा भी लेगी भाग

डूंगरपुर। माकपा तहसील कमेटी बिछीवाड़ा के सचिव बापुराम बरण्डा ने बताया कि माकपा तहसील की बैठक बिछीवाड़ा में कॉ.जीवण गारासिया की अध्यक्षता एवं राज्य कमेटी सदस्य कॉ. विमल भगोरा पर्यवेक्षक के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में अहमदाबाद में विमान यात्रा में एवं महाराष्ट्र में पुल ढ़हने व रुद्रप्रयाग में बस हादसे में मृतक लोगों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि दी गई इसके बाद राज्य कमेटी पर्यवेक्षक कॉ.विमल भगोरा ने 2 से 6 अप्रैल को मदुरैय, तमिलनाडु में समपन्न हुये भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के 24 वें केन्द्रीय सम्मेलन पार्टी कॉग्रेस की रिपोर्टिंग करते हुए बताया कि वर्तनाम में विश्व में बढ़ रहे पुंजीवाद, साम्राज्यवाद, गाजा-इजराईल संघर्ष, नव-फांसीवाद, ग़ैर बराबरी,धर्म का राजनीति में प्रवेश,जलवायु परिवर्तन व तकनीकी पर पार्टी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जगह-जगह थोपे जा रहे छात्रों, किसानों व मजदुरों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए पार्टी के कार्यक्रम को बारे में बताया गया। इसके बाद 9 जुलाई की राष्ट्रीय कर्मचारी किसान मजदूर हड़ताल में भाग लेने का निर्णय किया। स्थानीय मांगी पर मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान जल्दी करने बिजली कटौती नहीं करने की मांग की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### यादव को मिला राज्य स्तरीय भामाशाह प्रेरक सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** भामाशाह जयंती पर शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उदयपुर के पूर्व एडीपीसी वीरेंद्र सिंह यादव को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा,शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। यादव को यह सम्मान एडीपीसी के पद पर रहते हुए जिले के विभिन्न विद्यालयों में भामाशाहों के सहयोग से लगभग 8 करोड़ रुपए मूल्य लागत की सामग्री भेंट कराने तथा निर्माण कार्य के लिए प्रेरक के रूप प्रदान किया गया जिसमें उदयपुर तथा सलूंबर जिले में बालिका शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए 102 विद्यालयों में आई आई एफ एल मुंबई के सहयोग से विभिन्न कार्य तथा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सहयोग से जावर माइंस क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा के प्रयास उल्लेखनीय है। यादव को यह सम्मान लगातार तीसरे वर्ष प्रदान किया गया है इससे पहले गत वर्ष उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया गया है। यादव उदयपुर जिले के पहले शिक्षा अधिकारी है जिन्हें यह सम्मान तीन बार मिला है।

### बाल संस्कार शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम




**उदयपुर (पुकार)।** भारत विकास परिषद सुभाष ने शनिवार प्रातः 9 बजे से 12.30बजे तक विजन डिवाइन एकेडमी स्कूल में बाल संस्कार शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को दीप प्रज्जवलित कर आरंभ किया एवं स्कूल कि ओर से सभी सदस्यों का उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा संयोजक संस्कार गोवर्धन लाल नंदवाना ने बच्चों को अच्छे संस्कार, मोबाईल से दूर रहना, पानी एवं बिजली बचाना , व्यायाम करना , गलत संगत वाले से दूर रहना आदि के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम में 22 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। शाखा से प्रांतीय संयोजक सम्पर्क ऋषभ कुमार जैन, अध्यक्ष रणजीत लाल जैन, सचिव शोभा लाल दशोरा, कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह बाबेल, संयोजक महिला सहभागिता श्रीमती सुशीला अग्रवाल, डॉ. पी. सी. जैन, डॉ. मंजू जैन, लोकेश धाकड़, श्रीमती किरण दशोरा उपस्थित रहें और स्कूल से प्रिंसिपल श्रीमती किरण सोनी एवं सभी शिक्षक उपास्थित रहें।

### प्रयाग सेवा संस्थान ने महिलाओं को दिलाया नशा मुक्ति जागरुकता का संकल्प



**उदयपुर (पुकार)।** प्रयाग सेवा संस्थान नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र ढीकली की ओर से नशा मुक्ति सप्ताह के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में नारी वैभव मुहिम में महिलाओं को नशा मुक्ति जागरुकता का संकल्प दिलवाया गया।

प्रयाग सेवा स्थान नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र ढीकली के अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह ने महिलाओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि इस अभियान में महिलाएं अगर आगे आए तो हम जल्द से जल्द समाज को नशा मुक्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में किसी भी काम को पूरा करने की दृढ शक्ति होती है। इसी के कारण वे लाखों लोगों को नशे से दूर चुकी है। किसी मोहल्ले में शराब की दुकान खुलने पर पहला विरोध महिला करती है। इसके बावजूद कई लोग समाज के सामने या चोरी छिपे नशा करते हैं। सिर्फ एक व्यक्ति के नशा करने से पूरा परिवार बर्बाद और बदनाम हो जाता है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपने परिवार के युवाओं पर नजर रखें। अगर वे नशा करते हैं तो दृढ़ता से उनका नशा छुड़वाने का प्रयास करें। अगर नशे की आदत पड जाए तो नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र पर लाए जिससे उनकी जिंदगी बचाई जा सके। इस मौके पर महिलाओं ने भी अपने विचार रखते हुए नशे के कारण उनके आस पडोस व परिवार में हुए नुकसान के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रयाग सेवा संस्थान के निशांत जीनगर, दिनेश गुर्जर व अन्य कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### उदयपुर में पहली बार प्रिंटिंग एक्सपो आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** संभाग के प्रिंटिंग व्यवसायों के लिए आयोजित प्रिंट क्लब जयपुर एवं लेकसिटी कंप्यू-प्रिंट एसोसिएशन उदयपुर द्वारा एक दिवसीय प्रिंटिंग प्रदर्शनी विज्ञान भवन, अशोक नगर, उदयपुर में आयोजित की गई। प्रिंट क्लब के डायरेक्टर नितिन नामदेव ने बताया की प्रदर्शनी में 15 कंपनियों के स्टाल लगाए गए जिनमें फ्लैक्स प्रिंटिंग, डिजिटल प्रिंटिंग, शादी कार्ड, विजिटिंग कार्ड की जानकारी सभी उदयपुर संभाग के प्रिन्टर्स को दी गई वर्तमान समय के बदलते युग में प्रिंटिंग को टेक्नोलॉजी रूप देने के लिए कई कंपनियां काम कर रही हैं उन कंपनियों के प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी उदयपुर शहर में लगाई गई। लेकसिटी कंप्यू-प्रिंट एसोसिएशन के अध्यक्ष यशदेव सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी के दौरान अहमदाबाद, दिल्ली, जयपुर और उदयपुर की कंपनी ने भाग लिया। संगठन के संरक्षक आलोक पगारिया, प्रकाश चंद्र अग्रवाल, कैलाश मेनारिया, कोषाध्यक्ष नितेश सहलोत, अरुण चौधरी, लोकेश दवे और शैलेंद्र अग्रवाल मौजूद रहे।

### योग संकाय के विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**उदयपुर (पुकार)।** बिजौलिया हाउस, नाईयों की तलाई स्थित तेरापंथ भवन में वरिष्ठ योगाचार्य सी.पी. पोरवाल के मार्गदर्शन में योगी अशोक जैन द्वारा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के योग संकाय में डिप्लोमा कर रहें विद्यार्थियों को योगाभ्यास करावाया गया। योगी जैन ने योग विद्यार्थियों को वार्मअप, ताड़ासन, गरुडासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, पद्मासन, बद्ध पद्मासन, भूनमनासन, मंत्रों के साथ सूर्यनमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उद्गीत आदि आसान एवं प्राणायाम के अभ्यास साथ लाभ सावधानी एवं सामान्य जानकारी प्रदान की। योग प्रशिक्षिका अलका बाबेल व कविता मीरचंदानी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# दानवीर वीरवर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई

**उदयपुर (पुकार)।** महावीर युवा मंच उदयपुर की ओर से दानवीर वीरवर भामाशाह जी की 479वीं जन्म जयंती हाथीपोल स्थित भामाशाह प्रतिमा स्थल पर बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई।

मंच के मुख्य संरक्षक प्रमोद सामर ने बताया कि भामाशाह जयंती का यह कार्यक्रम तीन चरणों में मनाया गया। मंच के महामंत्री नीरज सिंघवी ने बताया कि प्रथम चरण में कार्यक्रम प्रातः 9 बजे भामाशाह प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं वक्ताओं के उद्बोधन के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़, विशिष्ठ अतिथि पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी थे।

सांसद मन्नालाल रावत ने अपने वक्तव्य में दानवीर भामाशाह को वीर-साहसी-नितीज्ञ-कुशल प्रबंधक परम स्वामी भक्त तथा योग्य प्रशासक बताया। सांसद ने कहा कि मेवाड़ के



प्रधान के पद पर रहते हुए भामाशाह ने कुशलतापूर्वक प्रशासनिक कार्यवाही को भी सम्पन्न किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ ने भामाशाह के व्यक्तित्व-कृतित्व एवं राष्ट्र भक्ति का परिचय देते हुए कहा कि भामाशाह ने राष्ट्रहित में मेवाड़ के महाराणा प्रताप के समक्ष अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं विभिन्न समाजों से पधारे लोगों का स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक अर्जुन खोखावत ने बताया कि द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक थे। मंत्री गौतम दक ने भामाशाह के चरित्र, गुणों एवं कार्य की विशेषताओं के बारे में बताया। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि भामाशाह मेवाड़ इतिहास का एक स्वर्णिम-अस्विमरणीय पृष्ठ है, वैश्य होने के कारण अर्थ विसर्जन करना



उनका स्वभाव था इसके अलावा वीर एवं उतम प्रशासक थे, उन्हें मेवाड़ उद्घारक के रूप में भी जाना जाता है।

कार्यक्रम के तीसरें चरण में पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबंचद कटारिया, उपमहापौर पारस सिंघवी, उदयपुर कलक्टर नमित मेहता एवं उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मंचासीन अतिथियों में पूर्व शहर जिलाध्यक्ष एवं पूर्व महापौर रविन्द्र श्रीमाली, निवर्तमान महापौर गोविन्द सिंह टांक उपस्थित थे।

कटारिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह ने कोष के साथ मेवाड़ के महाराणा प्रताप को खड़ग से भी मदद की उन्होंने हरावल दस्ते के मुख्य सेनापति के रूप में वीर योद्धा की भांति युद्ध कौशल का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि भामाशाह दानी, बलिदानी ओर युद्धवीर थे।

मंच के सहसंयोजक कमल कावड़िया ने बताया कि तीनों चरणों के कार्यक्रमों में शहर के प्रमुख गणमान्य एवं विभिन्न समाजों से रविन्द्र श्रीमाली, दलपत सुराणा, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, पूर्व महापौर गोविन्द सिंह टांक, भंवरसिंह पंवार, चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, रूचिका चौधरी, सोनिका जैन, अतूल चण्डालिया, नानालाल वया, देवीलाल सालवी, मनोहर चौधरी, देवनारायण धायभाई, जगदीश सुथार, ललितसिंह सिसोदिया, सन्नी पोखरना, गजेन्द्र भण्डारी, नीरज सामर, लोकेश कोठारी, राजमल चितौड़ा, हेमन्त बोहरा, छोगालाल भोई, दीपक बोल्या, शैलेन्द्र चौहान सहित अनेक समाजजन के वरिष्ठजन सहित तेरापंथ धर्मसंघ अध्यक्ष कमल नाहटा, अरूण माण्डोत, राजेश बडजात्या, मालदास स्ट्री व्यापार संघ से लोकेश कोठारी, गजेन्द्र खाब्या, लोकेश चौधरी, सौरभ जैन, उमेश जांगिड़, मंयक जैन, अनिल चावला, निर्मल चेलावत, मनोज शर्मा एवं संस्था के अनेक व्यापारीगण उपस्थित थे।

# अब पर्यटन विकास में भी सहायक बन रहा सहकार

**प्रदेश की पहली बाइक ऑन रेंट सेवा का उदयपुर से हुआ आगाज**

**सहकारिता मंत्री ने किया को-ऑप राइड का शुभारंभ**

**सेक्टर 14 में सहकारी सुपरमार्केट का भी लोकार्पण**

**उदयपुर (पुकार)।** संयुक्त राष्ट्र की ओर से वर्ष 2025 को सहकारिता वर्ष घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग सहकार से समृद्धि के ध्येय पर चलते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। इसी कड़ी में उदयपुर में पर्यटन विकास में सहयोग तथा पर्यटकों को विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग की ओर से बाइक ऑन रेंट सेवा को-ऑप राइड की शुरूआत की। सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने शनिवार को सेक्टर 14 में प्रदेश में सहकारिता की ओर से पहली बाइक ऑन रेंट सेवा का शुभारंभ किया। को-ऑप



राइड/बाइक ऑन रेंट सेवा को हरी झण्डी दिखाते हुए सहकारिता मंत्री दक ने कहा कि को-ऑप राइड/बाइक ऑन रेंट सेवा शहरवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक किफायती परिवहन विकल्प प्रदान करेगी। यह सेवा खासकर युवाओं, छात्रों, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों के लिए लाभकारी होगी। नवाचार के रूप में यह सेवा राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र में प्रथम बार उदयपुर भण्डार द्वारा प्रारम्भ की गई है।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख श्रीमती ममता कुंवर, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, समाजसेवी प्रमोद सामर, गजपालसिंह राठौड, दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को ऑपरेटिव बैक अध्यक्ष किरण जैन, उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्ष डांल चंद डांगी, पार्षद संतोष मेनारिया, समाजसेवी तखतसिंह शक्तावत, भवंर सिंह, सागर सोनी, अमृतलाल मेनारिया, रेवाशंकर गायरी, सुनील चौधरी, देवीलाल सालवी, दीपक शर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंत्री दक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

**सुपर मार्केट का भी शुभारंभ**

मंत्री दक ने हिरण मगरी सेक्टर 14 में उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लिमिटेड के नवीन सहकारी सुपरमार्केट का भी लोकार्पण




किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उपभोक्ता भण्डार का मुख्य उद्धेश्य आम उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है, यह कार्य उदयपुर भण्डार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के अपने नवीन सुपरमार्केट प्रारम्भ कर किया जा रहा है। उन्होंने उदयपुर भण्डार को सहकारिता के माध्यम से लाभदायिकता के साथ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए कहा। भण्डार प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्रीमती गुंजन चौबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भण्डार में उपभोक्ताओं के लिए चल रही विभिन्न सुविधाओं एवं स्कीमों की जानकारी प्रदान की गई।

भण्डार महाप्रबन्धक डॉ प्रमोद कुमार द्वारा बताया कि नवीन सहकारी सुपरमार्केट सेक्टर नम्बर 14 का शुभारम्भ आम जनता को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए किया गया है एवं को-ऑप राइड/बाइक ऑन रेंट सेवा पर्यटकों एवं आम जन को किफायती दर पर उपलब्ध करवायी जावेगी। महाप्रबंधक ने बताया की राज्य सरकार की बजट घोषणा की पालना में उपभोक्ताओं को मोटा अनाज(मिलेट्स फुड) उपलब्ध कराने हेतु नवीन सुपरमार्केट में अलग से काउंटर लगाया गया है। कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मोटवानी ने किया।

## डिप्लोमा में प्रवेश प्रारम्भ

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक सहित प्रदेश भर के कॉलेजों में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ हो गए हैं। डिप्लोमा प्रथम वर्ष में दसवीं उत्र्रर्ण विद्यार्थी एवं द्वितीय वर्ष पार्श्व प्रवेश में दो वर्षीय आईटीआई धारक अथवा 12वीं में विज्ञान व गणित से उत्र्रर्ण विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त कर अपना भविश्य बना सकते हैं।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज उदयपुर के प्रधानाचार्य सी.एस.टाक ने बताया कि इस कॉलेज में मूल तकनीकी ब्रांच यथा सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग उपलब्ध हैं। पार्श्व प्रवेश द्वितीय वर्ष में आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई 2025 है वहीं प्रथम वर्ष के आवेदन 20 जून से किये जा सकते हैं। अभ्यर्थी प्रवेश फार्म भरने से पूर्व विभागीय वेबसाईट पर विस्तृत दिशा निर्देशों एव प्रवेश विवरणिका का अवलोकन कर सकते हैं।

# समाज में आये बदलाव समाचारों में भी परिलक्षित होने चाहिए : सांसद रावत

**उदयपुर (पुकार)।** समाज का हर क्षेत्र आज बदलाव के दौर से गुजर रहा है तथा मीडिया द्वारा दिए जाने वाले समाचारों में बदलाव की यह दृष्टि दिखायी देनी चाहिए। यह बात उदयपुर से सांसद मन्नालाल रावत ने शनिवार को कही।

रावत ने आल इंडिया फेडरेशन आफ पीटीआई एम्पलाइज यूनियंस की वार्षिक आम बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में निष्पक्ष प्रेस की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मीडिया समाज का आईना होता है। उन्होंने कहा, आज समाज का हर क्षेत्र बदलाव के दौर से गुजर है तथा समाचारों में भी बदलाव की यह दृष्टि दिखायी देनी चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों एवं गैर पत्रकारों की जायज समस्याओं को समर्थन देते




हुए कहा कि वह मीडिया कर्मियों से जुड़े मुद्दों को संसद के भीतर और बाहर उठाने से पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया को प्रदर्शन में सुधार के साथ-साथ दायित्व का निर्वहन करना भी महत्वपूर्ण है।

रावत ने कहा कि यह नए भारत पर केंद्रित विकास की परिभाषा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़ी है।उन्होंने कहा कि देश बदलाव से गुजर रहा है जिसमें पत्रकारों की भूमिका क्या होगी इसे वह स्वयं तय करेगा।

उन्होंने कहा कि वह कर्मचारियों की समस्याओं का अध्ययन करने के बाद उन्हे उचित माध्यम पर पुरजोर तरीके से उठाएंगे। उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मचारियों को अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्त्तव्य के प्रति भी सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को निष्पक्ष प्रेस की आवश्यकता होती है।

इस अवसर पर वल्लभनगर के विधायक उदय लाल डांगी ने कहा कि पत्रकारों और गैर पत्रकारों की जायज मांगों को किसी भी स्तर पर उठाने के



लिए वह पीछे नहीं रहेंगे। डांगी ने कहा कि वह कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में उठाते रहे है और आगे भी उठाते रहेंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य श्रम आयुक्त ने कर्मचारियों की मांगों के प्रति केंद्र सरकार ने असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति समर्थन जताते हुए न्यायाधिकरण को समाधान देने की सिफारिश की।

उद्घाटन सत्र में फेडरेशन के महासचिव एम एस यादव ने कहा कि मीडिया और मीडियाकर्मी पिछले कुछ समय से काफी चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रह हैं। यादव ने कहा कि मीडिया कर्मियों पर ध्यान दिए बिना इस उद्योग का भला नहीं किया जा सकता।

# सुववि : दो दिवसीय ‘ज्योतिष मंथन’ शुरू

**ज्योतिष केवल भविष्यवाणी नहीं, मानव जीवन को समझने का वैज्ञानिक दृष्टिकोण**

**उदयपुर (पुकार)।** ज्योतिष अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान, उदयपुर और संस्कृत विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन ‘ज्योतिष मंथन’ शनिवार को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बप्पारावल सभागार में शुरू हुआ। ज्योतिष शास्त्र के अध्ययन, अनुसंधान और नवीन शोधों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस अधिवेशन में देश भर के प्रख्यात ज्योतिषविद और विद्वान हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु स्वामी ज्ञानानंद ने अपने संबोधन में ज्योतिष शास्त्र की प्राचीन भारतीय परंपरा और इसके आधुनिक वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ज्योतिष न केवल व्यक्तिगत जीवन को दिशा प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी इसका गहरा प्रभाव है।

मुख्य अतिथि के रूप में कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. परमेन्द्र दशोरा थे । उन्होंने अपने उद्बोधन में ज्योतिष को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए इसके शोध और अध्ययन को और अधिक व्यापक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ज्योतिष केवल भविष्यवाणी का साधन नहीं, बल्कि यह मानव जीवन को समझने और उसे बेहतर बनाने का



एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है।

संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. नीरज शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ज्योतिष और संस्कृत का गहरा नाता है। उन्होंने संस्कृत ग्रंथों में निहित ज्योतिषीय ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, ज्योतिष अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा ने संस्थान के उद्देश्यों और इस अधिवेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अधिवेशन ज्योतिष के क्षेत्र में नए शोध और विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करेगा। अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान एवम मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो मदन सिंह राठौड़ ने की।

**पहले दिन के सत्रः शोध पत्रों की प्रस्तुति**

ज्योतिष अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के सचिव डॉ. सुरेश चंद्र जोशी ने बताया कि अधिवेशन के पहले दिन विभिन्न सत्रों में देश भर से आए ज्योतिषविदों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कृष्णमूर्ति पद्धति विशेषज्ञ उत्तरा शर्मा(दिल्ली)की अध्यक्षता और डा कुंजन आचार्य के संयोजन में आयोजित पहले सत्र में प्रयागराज के डा मनीष कश्यप ने ऑटिज़्म पीड़ित बच्चों के कारणों और निवारण पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। हरिश्चंद्र शर्मा ने मंगल दोष के नये आयामों पर चर्चा की। प्रो नीरज शर्मा ने भृगु संहिता और अखिलेश शर्मा ने प्रश्न कुंडली विषयक अपने शोध पत्रों में ज्योतिष शास्त्र के विभिन्न पहलुओं जैसे ग्रहों का प्रभाव, कुंडली विश्लेषण, ज्योतिष और पर्यावरण, और आधुनिक तकनीक के साथ ज्योतिष के एकीकरण जैसे विषयों पर गहन चर्चा की । इन सत्रों में सचिंद्र बरुआ, हीरालाल चौधरी, कल्पना शर्मा, वर्षा पालीवाल, रचना शर्मा, नीलू कछारा, मंजू शर्मा, राजराजेश्वर जैन आदि विद्वानों ने ज्योतिष के वैज्ञानिक आधार और इसके सामाजिक उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए।

**अधिवेशन का महत्व**

यह दो दिवसीय अधिवेशन ज्योतिष के क्षेत्र में कार्यरत विद्वानों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, जहां वे अपने विचारों और शोधों को साझा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह आयोजन ज्योतिष को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ने और समाज में इसकी प्रासंगिकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिवेशन के दूसरे दिन रविवार को भी कई सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ज्योतिष के विभिन्न आयामों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं और परिचर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी, जो ज्योतिष के प्रति रुचि रखने वाले लोगों के लिए ज्ञानवर्धक होंगी।

## 19वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाएगा आईआईएम में

**राष्ट्रीय सेम्पल सर्वेक्षण के 75 वर्ष थीम पर होगा आयोजन**

**सांख्यिकी के विभिन्न आयाम और योगदान पर होंगे तकनीकी सत्र**

**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रशांत चंद्र महालनोबिस की स्मृति में 19 वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस रविवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में मनाया जाएगा। राज्य सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं आईआईएम के संयुक्त तत्वावधान में इस अवसर पर कार्यशाला आयोजित होगी जिसके अतिथि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी एवं जिला कलक्टर नमित मेहता होंगे। सेमीनार का थीम है - राष्ट्रीय सेम्पल सर्वेक्षण के 75 वर्ष। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पुनीत शर्मा ने बताया कि आईआईएम उदयपुर के निदेशक प्रो. अशोक बनर्जी के स्वागत भाषण से कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा। इस अवसर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के विभिन्न प्रकाशनों का उद्घाटन भी किया जाएगा। इसके पश्चात दो तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। इनमें जेएनयू के प्रो. अशोक, सर पदमपद सिंघानिया विश्वविद्यालय के डॉ कमलकांत हिरण सहित आईआईएम उदयपुर की फैकल्टी, आर्थिक व सांख्यिकी विभाग के अधिकारी एवं छात्रगण शामिल हैं। दोनों सत्रों में भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जीवनवृत्त, राष्ट्रीय सेम्पल सर्वेक्षण के 75 वर्ष, सांख्यिकी में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, समसामयिक इंजीनियरिंग में सांख्यिकी, स्वास्थ्य विज्ञान में सांख्यिकी, ग्लोबल सप्लाई चेन में सांख्यिकी, प्रबंधन में सांख्यिकी आदि बिंदुओं पर पत्र पढ़े जाएंगे। संयुक्त निदेशक कार्यालय टीम एवं आईआईएम टीम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच भी खेल जाएगा।

## नि :शुल्क फिजियोथैरेपी शिविर आज

**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी टाया फिजियोथैरेपी सेन्टर द्वारा रविवार को आयड़ स्थित श्वेताम्बर जैन मन्दिर में निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेन्टर के चेयरमैन ओ.पी.सहलोत ने बताया कि शिविर में फिजियेथैरेपिस्ट डॉ. ध्रुवी जैन एवं डॉ. ज्योति राव द्वारा गर्दन,पीठ,घुटनें,कंधा दर्द का ईलाज,स्पॉन्डिलाईटिस, आर्थराईटिस, साईटिका, मांसपेशियों में खिंचाव की जांच एवं ईलाज किया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.